


देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

आंतरिक सुरक्षा में भारत आत्मनिर्भर हो रहा... 12

पारिवारिक विवाद आपसी सुलह-समझौते से निपटाने...10




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 353
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 08 अक्टूबर, 2023




एशियन गेम्स में भारत ने रचा इतिहास

# मेडल का 'शतक'

**भारत ने ईरान को हराकर जीता कबड्डी का गोल्डः** विवाद के कारण मैच रोकना पड़ा था, भारत के नाम अब तक 106 मेडल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने एशियन गेम्स के मेंस कबड्डी इवेंट का गोल्ड मेडल जीत लिया है। भारत ने विवादों से घिरे फाइनल मैच में ईरान को 33-29 से हरा दिया। भारत के अब तक 28 गोल्ड सहित 106 मेडल हो गए हैं। दोनों टीमें जब 28-28 की बराबरी पर थी तब पॉइंट्स को लेकर विवाद हो गया। मैच सस्पेंड करना पड़ा था। विवाद सुलझने के बाद मुकाबला फिर शुरू हुआ और भारत ने गोल्ड जीत लिया। भारत को दिन के अन्य गोल्ड मेंस क्रिकेट, आर्चरी (2 गोल्ड), बैडमिंटन और विमेंस कबड्डी में मिले। भारत ने पहली बार एशियन गेम्स में 100 मेडल का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स में भारत ने सबसे ज्यादा 70 मेडल जीते थे।

**पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करने पर की भारतीय दल की सराहना, कहा-यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि**

**देश को आज 10 पदक मिले, कुश्ती में दीपक को रजत मिला**

**सात्विक-चिराग गोल्ड मेडल जीतने वाली देश की पहली जोड़ी बनी**

**भारतीय कबड्डी टीम का दावाः** भारतीय कबड्डी टीम का दावा था कि पवन सेहरावत बिना किसी खिलाड़ी को टच किए लॉबी में गए हैं तो वह आउट हैं। लेकिन इसके साथ ही ईरान के चारों डिफेंडर भी आउट हैं। रेफरी ने पहले दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट दिया। भारत ने इसके बाद विरोध शुरू कर दिया। फिर रेफरी ने भारत को तीन जबकि ईरान को एक पॉइंट दिया। इसके बाद ईरान ने विरोध किया तो रेफरी ने काफी बातचीत के बाद 1-1 फैसला किया।

## अब सिलसिलेवार 14वें दिन के मेडल इवेंट्स

- रेसलिंग में भारत को मिला सिल्वर दीपक पुनिया मेंस के 86किलो फ्रीस्टाइल फाइनल में ईरान के हसन यजदानी चराती के खिलाफ 10-0 से हार गए। पुनिया को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।
- कबड्डी विमेंस और मेंस टीम को गोल्ड भारतीय विमेंस कबड्डी टीम ने चाइनीज ताइपे को फाइनल में 26 - 25 से हराकर गोल्ड जीता। वहीं मेंस टीम ने ईरान को 33-29 से हरा कर गोल्ड जीता।
- बारिश में धुला क्रिकेट फाइनल, बेहतर सीडिंग के कारण भारत को गोल्ड अफगानिस्तान के साथ खेले जा रहे मेंस क्रिकेट का फाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। भारत को टॉप सीडिंग टीम होने की वजह से विजेता घोषित किया गया। इस मैच में एक ही पारी पूरी हो पाई जिसमें अफगानिस्तान ने 5 विकेट पर 112 रन बनाए थे। भारत की पारी शुरू नहीं हो सकी।
- बैडमिंटन में सात्विक-चिराग ने जीता गोल्ड इससे पहले बैडमिंटन के मेंस डबल्स इवेंट में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भारत को गोल्ड दिलाया। इसके बाद महिला कबड्डी टीम ने चाइनीज ताइपे को फाइनल में 26-25 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। यह इस इवेंट में भारत का 100वां मेडल था।
- तीरंदाजी इवेंट्स में दो गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज- 7 अक्टूबर को दिन की शुरुआत आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल विमेंस इवेंट में दो मेडल के साथ हुई। भारत को पहला मेडल आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल विमेंस में अदिति गोपीचंद स्वामी ने दिलाया। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए इस मैच में अदिति ने मलेशिया की रतिह फदली को 146-140 से हराया।
- वहीं, भारत को दूसरा मेडल भी इसी इवेंट में मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने गोल्ड के हुए मुकाबले में साउथ कोरिया की सो चैवोन को 149-145 से हराया। चैवोन को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।
- महिलाओं के बाद आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल मेंस इवेंट में भारत को गोल्ड और सिल्वर मेडल मिले। ओजस प्रवीण ने गोल्ड के लिए हुए मुकाबले में हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराया। अभिषेक को सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा।

### भारत के पास कितने पदक

| स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|
| 28 | 36 | 41 | 105 |

### 10 अक्टूबर को एशियाई मेडलिस्ट से मिलेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशियाड में जीते सभी खिलाड़ियों से 10 अक्टूबर को मिलेंगे। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा-एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग इस बात से रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों तक पहुंच गए हैं। मैं सभी एथलीटों को हार्दिक बधाई देता हूं। हर एक प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। मैं 10 अक्टूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और हमारे एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।



"एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग इस बात से रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों तक पहुंच गए हैं। मैं सभी एथलीटों को हार्दिक बधाई देता हूं। हर एक प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। मैं 10 अक्टूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और हमारे एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



एशियन गेम्स की पुरुष हॉकी प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम को स्वर्णिम विजय की हार्दिक बधाई। आप सभी पर हमें गर्व है। उत्कृष्ट टीम वर्क, अक्षय ध्येय-निष्ठा और अटूट परिश्रम के द्वारा ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य का अभिनंदन...जय हो।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री



हॉकी टीम का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। अब भारत में खेलों के लिए माहौल बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने साल 2014 में खिलाड़ियों को सुविधाएं देने के लिए कई कदम उठाए, खेलोगे तो खिलोगे का नारा दिया और आज नतीजे सबके सामने हैं। आने वाले एक साल में खिलाड़ी ऑलंपिक खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इन एशियाई खेलों में इतिहास रचने के लिए सभी खिलाड़ियों को सलाम है।

-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय खेल मंत्री

# फिर शुरू हुई अमेठी के संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा

**सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक के बाद अमेठी के संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा 19 दिन बाद एक बार फिर से शुरू हो गई**

- इलाज में कथित तौर पर लापरवाही के चलते अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई थी, इस कारण अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था
- मामले में राजनीतिक विद्वेष के चलते अस्पताल पर कार्रवाई का भी आरोप था




जन एक्सप्रेस/ डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक के बाद अमेठी के संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा 19 दिन बाद एक बार फिर से शुरू हो गई है। इससे बड़ी तादाद में अस्पताल आने वाले मरीजों को राहत मिली है। इलाज में कथित तौर पर लापरवाही के चलते अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई थी। इस कारण अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था।

मामले में राजनीतिक विद्वेष के चलते अस्पताल पर कार्रवाई का भी आरोप था। अमेठी जिले के संजय गांधी अस्पताल में कथित रूप से लापरवाही बरतने के चलते एक महिला की मौत के बाद अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। निलंबित करने के करीब 19 दिन बाद शुक्रवार को अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं फिर से शुरू कर दी गयीं।

### यह है पूरा मामला

अमेठी के राम शाहपुर की महिला मरीज दिव्या शुक्ला (22) की मौत के एक दिन बाद 17 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग ने संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और ओपीडी एवं आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी थीं। इसके बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा बुधवार को संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाये जाने के एक दिन बाद कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को अपना धरना समाप्त कर दिया था। हालांकि अदालत का आदेश न मिलने की वजह से अस्पताल की सेवाएं शुरू नहीं हो सकी थीं। संजय गांधी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अवधेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि आदेश की प्रति मिलने में दो दिन के विलंब के कारण चिकित्सा सेवाएं शुरू करने में थोड़ा विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि सेवाएं फिर से शुरू कर दी गयीं। अवधेश शर्मा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आदेश की प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सहित संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है।

### कोर्ट ने सरकार से अपना जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा

स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में मामले ने तूल पकड़ लिया। अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग के फैसले के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ का रुख किया। अदालत ने सरकार के आदेश के खिलाफ अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर बुधवार को आदेश पारित करते हुए अस्पताल के लाइसेंस के निलंबन पर अंतरिम रोक लगा दी थी।उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने बुधवार को कहा था कि अस्पताल के खिलाफ जांच जारी रहेगी । खंडपीठ ने लाइसेंस के निलंबन पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से अपना जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा था।

## बांके बिहारी मंदिर में निकास द्वार से प्रवेश पर अड़े केंद्रीय मंत्री, रोका तो गार्ड से हुई धक्का-मुक्की

जन एक्सप्रेस/ वाराणसी

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में शनिवार की दोपहर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा पहुंचे। यहां बांके बिहारी मंदिर के निकास द्वार पर सुरक्षा गार्ड प्रभारी ने उन्हें रोक दिया। मंत्री से गेट पर धक्का-मुक्की और अभद्रता भी हुई। इस दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। मंत्री और उनके साथ करीब आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मंदिर के निकास द्वार संख्या एक से मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। इसी समय गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड प्रभारी नीरज ठाकुर ने उन्हें रोक दिया। उन्हें मंदिर के प्रवेश द्वार संख्या दो से मंदिर में जाने के लिए कहा। लेकिन, मंत्री और कार्यकर्ता इसी गेट से प्रवेश पर अड़ गए। वह गेट संख्या एक से ही मंदिर में प्रवेश करने की जिद करने लगे। सुरक्षा गार्ड और पुलिसकर्मियों ने रोका तो कार्यकर्ता और सुरक्षागार्ड के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। अंत में मंत्री को बांके बिहारी मंदिर के निकास द्वार से ही प्रवेश किया।

## सपा नेता अबू आजमी के ठिकानों पर आईटी का छापा

**250 करोड़ की बेनामी संपत्ति मिली, विनायक प्लाजा के दो फ्लोर सीज**



जन एक्सप्रेस/ वाराणसी

सपा नेता अबू आजमी के वाराणसी, मुंबई समेत अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की 40 घंटे की कार्रवाई में 250 करोड़ की बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ है। वहीं, टीम ने शनिवार को वाराणसी के शिवपुर स्थित वरुणा गार्डेन के 42 फ्लैट और विनायक प्लाजा के दो फ्लोर सीज करते हुए नोटिस चस्पा कर दी। इसके साथ ही विनायक निर्माण कंपनी के सभी बैंक खातों भी सीज किया है। आयकर विभाग की टीम को बाबतपुर एयरपोर्ट के पास कीमती जमीन, कई बोगस फर्मे, संबंधियों के नाम पर फ्लैट, जमीन के अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। लखनऊ टीम के सर्वे और जांच में करीबी बिल्डरों से लेनदन के बैंक स्टेटमेंट और जमीन की खरीद-फरोख्त में लगभग 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति सामने आई है। मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा और आजमगढ़ के कुछ करीबी संबंधियों के नाम आयकर अधिकारियों को जांच के दौरान पता चले, जिनका रियल एस्टेट कारोबार में तगड़ा निवेश भी है। लखनऊ के अपर निदेशक इनकम टैक्स डीपी सिंह के नेतृत्व में जांच को पहुंची चार टीमें अलग-अलग लोकेशन पर काम किया। आजमगढ़ के कुछ करीबियों और रिश्तेदारों के नाम पर बाबतपुर एयरपोर्ट के पास कीमती जमीनें, बोगस फर्मे, विनायक प्लाजा में दुकानें, शिवपुर के वरूणा गार्डेन में फ्लैट लिए गए हैं।

## शाहजहांपुर में एनआरआई पत्नी को फांसी की सजा, बॉयफ्रेंड को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर में एनआरआई सुखजीत सिंह हत्याकांड में मृतक की पत्नी रमनदीप कौर को फांसी की सजा सुनाई गई है, जबकि प्रेमी मिट्ठू को उम्रकैद हुई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने पांच अक्तूबर को दोनों को दोषी करार दिया था। शनिवार को दोनों दोषियों को सजा सुनाई गई। बंडा के बसंतापुर के मूल निवासी सुखजीत इंग्लैंड के डर्बिशायर में रहते थे। उनकी मां वंश कौर गांव बसंतापुर में फार्म हाउस पर रहकर खेती की देखभाल करती थीं। सुखजीत की पंजाब के कपूरथला की तहसील सुल्तानपुर लोधी के गांव जैनपुर के मूल निवासी और दुबई में रहने वाले मिट्ठू सिंह से दोस्ती थी। मिट्ठू अक्सर इंग्लैड और सुखजीत दुबई जाकर एक-दूसरे के यहां रुकते थे। इस दौरान मिट्ठू और सुखजीत की पत्नी रमनदीप कौर में प्रेम प्रसंग हो गया। 28 जुलाई, 2016 को सुखजीत पत्नी, बच्चों और अपने दोस्त मिट्ठू के साथ भारत आए थे। देश में कई जगह घूमने के बाद वह 15 अगस्त को फार्म हाउस पर बसंतापुर पहुंचे।

## यूपी के रेलवे स्टेशनों पर मिलेगा दो रुपए में मिनरल वाटर, पांच लीटर पानी मिलेगा मात्र 20 रुपए में

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को फिर से सस्ता मिनरल वाटर उपलब्ध होगा। उत्तर रेलवे प्रशासन 15 वाटर वेंडिंग मशीनें स्टेशन पर लगाने जा रहा है। बिना बोतल इन मशीनों से यात्रियों को दो रुपये में 300 एमएल मिनरल वाटर मिलेगा। बोतल लेने पर तीन रुपये देने पड़ेंगे। शुक्रवार को रेलवे ने रेटलिस्ट जारी कर दी। एक सप्ताह में यह सुविधा शुरू हो जाएगी। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर 2016-17 में भी चारबाग, लखनऊ जंक्शन सहित मंडल के कई स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई थीं। भारतीय



रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के पास इनकी जिम्मेदारी थी। यात्रियों ने इस सुविधा को खासा पसंद किया। पर, बाद में मशीनों को बंद कर दिया गया। अब रेलवे प्रशासन खुद वाटर वेंडिंग मशीनों को लगा रहा है। उत्तर रेलवे प्रशासन चारबाग रेलवे स्टेशन व वाराणसी जंक्शन पर 15-15 मशीनें लगाने जा रहा है। चारबाग रेलवे स्टेशन पर कुल नौ प्लेटफॉर्म हैं, जिन पर दो-दो मशीनें लगाई जाएंगी। इससे रेलवे स्टेशन पर रोजाना आने-जाने वाले करीब एक लाख यात्रियों को राहत मिलेगी। आईआरसीटीसी जिन वाटर वेंडिंग मशीनों को चलाता था। यात्रियों को उनका बोतल या गिलास होने पर एक रुपये में 300 एमएल पानी दिया जाता था। गिलास लेने पर एक रुपये और देने पड़ते थे।

### यह है रेट

| | | |
|---|---|---|
| 300 मिली | 2 रुपये | 3 रुपये |
| आधा लीटर | 3 रुपये | 5 रुपये |
| एक लीटर | 5 रुपये | 8 रुपये |
| दो लीटर | 8 रुपये | 12 रुपये |
| पांच लीटर | 20 रुपये | 25 रुपये |

"ठेकेदार समस्याओं को भी दूर करेगा चारबाग रेलवे स्टेशन व वाराणसी जंक्शन पर 15-15 वाटर वेंडिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जहां यात्रियों को सस्ता मिनरल वाटर मिलेगा। ठेकेदार स्टेशन पर पानी से जुड़ी समस्याओं को भी निस्तारित करेगा।

-रेखा शर्मा
सीनियर डीसीएम, उत्तर रेलवे

### इसलिए आईआरसीटीसी ने खींचे थे हाथ

दरअसल, चारबाग रेलवे स्टेशन पर आईआरसीटीसी की ओर से जो वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई थीं, उन्हें ऑपरेट करने वाले ठेकेदारों ने रेलवे स्टेशन प्रशासन को बिजली का भुगतान नहीं किया। इससे बिजली की उपलब्धता रोक दी गई। आईआरसीटीसी, ठेकेदार व रेलवे प्रशासन के बीच कई चरणों में बात हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला। उसी दरम्यान कोविड के आ जाने से मामला ठप हो गया।

### पानी की समस्याएं भी दूर करेगा वेंडर

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन वाटर वेंडिंग मशीनों को ठेकेदारों को देगा। पेयजल उपलब्धता, साफ-सफाई व आपूर्ति की दिक्कतें दूर करने का काम ठेकेदार देखेगा। इन सब पर रेलवे को अलग से खर्च नहीं करना होगा।

# सरकार का अच्छा-सस्ता ईलाज का दावा जिला अस्पताल के कर्ताधरता कर रहे फेल

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



स्वास्थ्य विभाग में सुधार के लिए शासन स्तर से लेकर प्रशासनिक स्तर तक तमाम दावे किए जा रहे हैं लेकिन जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं आज भी हावी हैं। स्वास्थ्य महकमा सिर्फ और सिर्फ जिले में अवैध नर्सिंग होमों को संचालित करवाने में लगा हुआ है। जिसका परिणाम यह है कि जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं हो पाता। मरीज के तीमारदार की गोद ही स्ट्रेचर का काम करती है। यह नजारा प्रतिदिन अस्पताल में देखने को मिलता है।

बताते चलें कि शहर से लेकर पूरे जिले में चल रहे अवैध नर्सिंग होमों एवं झोलाछाप डॉक्टरों की विभाग शरणस्थली बन गया है। अप्रशिक्षित चिकित्सकों एवं मानकविहीन चल रहे नर्सिंग होमों से धन कमाने की लालसा ने विभागीय अधिकारियों को मौन कर रखा है।

कार्यवाही के नाम पर मामूली खानापूरी कर जिम्मेदार अपने हाथ बांधे रहते हैं। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात कौन करे जिला अस्पताल तक में ऐसी अव्यवस्थाएं हैं कि नेताओं की खोखली बयानबाजी एवं दावों की बानगी लिया जा सकता है। बाहर से दवा लिखने एवं प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की दलाली से तीमारदार परेशान हैं। सरकारी अस्पताल के कई चिकित्सक अवैध संचालित नर्सिंग होमों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल की अव्यवस्थाओं का एक नजारा फिर उस समय आज देखने को मिला जब हथगाम थाना क्षेत्र के हनुमान सिंह का पुरवा की रहने वाली मंजू अपने पति के साथ हुए ऑपरेशन के बाद परेशानी पर 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंची। गिड़गिड़ाने के बावजूद 108 एंबुलेंस के स्टाफ ने स्ट्रेचर नहीं दिया। अस्पताल में स्ट्रेचर न मिलने से पत्नी को उसे गोद में उठाकर इलाज के लिए अंदर ले जाना पड़ा। ऐसी तस्वीरें हर रोज अस्पतालों से आ रही हैं लेकिन कर्ताधर्ता हैं कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। सत्ताधारी नेता खोखली बयानबाजी एवं आंकड़े गिनाने में मस्त हैं जबकि आम आदमी अपनी मूलभूत समस्याओं से हर दिन ऐसे ही जूझता नजर आता है।

# शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए कराया संवादात्मक कक्षाओं का संचालन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



स्वयं सेवी संस्था मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा जनपद के सभी विकास खण्डों में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ज्ञान कन्या शक्ति परियोजना के अंतर्गत अनेकों कार्यों को करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। जिसमें डिजिटल माध्यम से पारस्परिक संवादात्मक कक्षाओं का संचालन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति नई जागरूकता का विकास हो रहा है। इसी क्रम में सभी छात्राओं को पठन-पाठन व लेखन सामग्री वितरित की गयी।

मोबियस फाउंडेशन की मैनेजर ऑपरेशन पूनम परिहार ने बताया कि संस्था कब चेयरमैन प्रदीप वर्मन द्वारा छात्राओं में शिक्षा व स्वास्थ्य के स्वर्णिम विकास के लिए ज्ञान कन्या शक्ति परियोजना का बृहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें छात्राओं को विद्यालय की पढ़ाई के साथ डिजिटल माध्यम से मूलभूत साक्षरता अध्ययन लॉट्स पेटल संस्था के सहयोग से कराया जा रहा है। साथ ही समय पर पढ़ाई सम्बन्धी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड शिवरामपुर, पहाड़ी, मानिकपुर व मऊ में स्थित सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में पठन पाठन व लेखन सामग्री वितरित की गयी। इस मौके पर जिला समन्वयक सन्तोष साहू, खण्ड शिक्षा अधिकारी मिथलेश कुमार, विद्यालय की वॉर्डन मीनू, नीति, कविता व रचना आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृदा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को मऊ तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा जिन-जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारी से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन सम्बन्धी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि महिलाओं सम्बन्धित विवाद को जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, तहसीलदार मऊ विजय यादव, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसी राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, उपकृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता व लेखपाल संघ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर दिया ज्ञापन, हड़लाल की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**



सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न कराया गया। शासन के निर्देश के बाद भी जिले का कोई भी आलाधिकारी सहित पुलिस विभाग का अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस मे उपस्थित नही रहे। वही 150 पीडितो ने शिकायती पत्र देकर त्वरित न्याय की गुहार लगायी। जब कि 14 का मौके पर ही निस्तारण किया गया और 136 शिकायतो को सम्बन्धित विभागो को निस्तारण हेतु अग्रसारित किया गया। वही दो दिनो से अधिवक्ता व लेखपालो के मध्य चल रहे विवाद मे दोनो ने अपने-अपने संघ के माध्यम से ज्ञापन देकर समस्या के निस्तारण की मांग किया। वही लेखपाल संघ ने न्याय न मिलने की दशा मे 10 अक्टूबर से हडलात मे जाने की चेतावनी भी दिया।

बताते चले कि दो दिन पहले ही तहसील अधिवक्ता अरविन्द कुमार पाण्डेय और सुजानीपुर गॉव मे तैनात लेखपाल के बीच विवाद हुआ और विवाद इतना बढा कि दोनो पक्षो के बीच मार-पीट हुई। जिसमे अधिवक्ता सहित लेखपाल को गम्भीर चोटो आयी है। दोनो के ईलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। जिसके चलते मॉडल बार एसोसियेशन ने ज्ञापन देते हुये बताया कि तहसील के राजस्व न्यायालयो एवं कार्यालयो मे भ्रष्टाचार हो रहा रहा है। जिसे रोकना आमजनमासन के लिए हितकर होगा। आरोप लगाया कि न्यायालयो मे फाईलो का रख-रखाव ठीक नही है। जिससे वादकारी को न्याय समय सीमा मे न्याय नही मिल रहा। वही सरलीकरण, हदबन्दी, बटवारा, वरासत आदि मे मनमानी सुविधा शुल्क की मांग किया जा रहा है। जिसके चलते आये दिन वादकारियो और अधिवक्ताओ व लेखपालो के बीच के बीच विवाद होते रहते है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओ ने बताया कि विगत 2 सितम्बर को जिलाधिकारी को लिखित शिकायत किया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई जिससे विवाद की स्थित बनी रहती है। मांग किया गया कि भ्रष्टाचार प्रकरण को जिला स्तरीय अधिकारी से जॉच कराकर तहसील मे फैले भ्रष्टाचार को रोका जाय। वही दूसरी तरफ लेखपाल संघ ने भी लिखित मांग पत्र देते हुये कहा कि विगत 5 अक्टूबर को तहसील परिसर मे अधिवक्ता द्वारा मार-पीट किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे आरोपी अधिवक्ता के विरुद्ध मुकदा दर्ज कराया जाय और लाईसेन् रद्द कराया जाय और हिस्साफाट, परिवारिक सदस्यता आदि प्रमाण पत्र सीधे अधिवक्ता या अन्य को नही बल्कि उचित पटल के माध्यम से लिया-दिया जाय। वही 25 अक्टूबर 2019 के अरदेशानुसार लेखपाल संवर्ग को शस्त्र लाईसेन्स उपलब्ध कराने की मांग किया और चेतावनी दिया कि यदि उक्त मांगे नही मानी गयी तो आगामी 10 अक्टूबर से कलम बन्द हडताल पर चले जायेगे। जिसकी जिम्मेदारी उच्चाधिकारियो की होगी। वही आज अधिवक्ताओ ने नोवर्क मे रहे जिससे पूरे दिन पीडित-वादकारी न्याय के लिए भ्टकता रहा और निराशहाल मे घर वापस हो गया।

# अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में भाजपा ने भीड़ जुटाने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला पंचायत सभागार में आगामी होने वाले अनुसूचित मोर्चे के सम्मेलन व नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारी बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि अनुसूचित मोर्चे का सम्मेलन पूरे कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र का सामूहिक रुप से व महिला मोर्चे द्वारा नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर होना है। सम्मेलन की सफलता के लिए सबको मिलकर बृहद रुप से तैयारी करनी है। हर मण्डल से 500 की संख्या में अनुसूचित जाति के लोगों को सम्मेलन में ले जाना है। इसके लिये आज से सबको मिलकर अनुसूचित जाति की बस्तियों में जाकर उनसे सम्पर्क करना है। इसी तरह महिला मोर्चे की महिलाओं को एक टीम बनाकर महिलाओं के बीच में जाकर उनकों महिला आरक्षण बिल के बारे मे बताते हुये विधानसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को लाना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओ कों 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं के मान सम्मान को बढाने का काम किया है। महिला मोर्चा द्वारा इसका गाँव में जाकर महिलाओं को बताना है। इसके लिये महिला मोर्चे द्वारा बूथ स्तर पर यात्रा निकाल कर महिलाओं के बीच मे जाकर आरक्षण के बारे में बताना है। उन्होंने कहा कि गरीबों को समर्पित सरकार प्रधानमंत्री द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने वाली कई योजानाएं चलाई हैं, उन सभी योजनाओं को बताते हुए अनुसूचित मोर्चे के सम्मेलन मे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाए। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि यह सब कार्यक्रम आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं।

अतः सबको मिलकर इनको सफल बनाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग जो पूर्ववर्ती सरकारों में अपने को ठगा महसूस करते थे, किन्तु भाजपा सरकार में उनका मान सम्मान बढा है। उन्होने सभी से सम्मेलन मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अनुसूचित जाति के लोगों जाने का आवाहन किया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हमारे देश में नारी का सम्मान अनादिकाल से होता आ रहा हैं। महिला आरक्षण बिल लाकर पीएम मोदी ने इसको यथार्थ किया है। पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि महिला बिल जो 27 सालों से लटका था, उसको लाकर पीएम मोदी ने ऐतिहासिक काम किया है। पूर्व मत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि यह बिल देश की महिलाओं को मजबूत करेगा। पूर्व विधानसभा आनन्द शुक्ला ने कहा कि महिलाओं और अनुसूचित जाति के लोगों को जितना सम्मान भाजपा सरकार में मिला है, उतना अन्य किसी सरकार मे नही मिला। कार्यक्रम का संचालन महामत्री अश्वनी अवस्थी ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अर्जुन शुक्ला, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, गुलाब पटेल, राजेश जायसवाल, आलोक पांडेय, राघवेन्द्र सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, आभेष मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, हेमन्त सिह, विपुल प्रताप सिंह, अंजू वर्मा, सजय पांडेय, प्रेमलाल बाल्मीक, मनोज तिवारी, दिनेश पटेल, जगदीश गौतम, रामेन्द्र गौतम, शिवाकान्त पांडेय, रवि गुप्त, सुरेश अनुरागी, विकास मिश्र, दिव्या त्रिपाठी, राखी चैबे, विनीता द्विवेदी, बाबूलाल पटेल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, भागवत त्रिपाठी, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश, विनोद पांडेय, आशीष पांडेय, सुशील द्विवेदी, श्रवण पटेल आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद से होता है बौद्धिक और शारीरिक विकास : अविनाश चन्द्र द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




त्रिदिवसीय 25 वां क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा राव फुले इण्टर कॉलिज रामनगर में आयोजित किया गया। कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी तथा पूर्व मंत्री दादू प्रसाद ने किया। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है, अपितु खेल से बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। जिससे शरीर हष्ट-पुष्ट और निरोगी बना रहता है। साथ ही तन और मन सुरक्षित रहता है। पूर्व मंत्री दादू प्रसाद ने कहा कि खेल आयोजनों से गांव में छिपी प्रतिभाएं निखर कर समाज के सामने आती हैं और यहीं प्रतिभाएं आगे चलकर देश-विदेश में खेल जगत में अपना और गांव जिले का नाम रोशन करती है। क्रीड़ा के पहले दिन सीनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में ममता देवी बालिका इण्टर कॉलिज मऊ की छात्रा ने प्रथम स्थान व सुंदर सिंह पटेल इण्टर कॉलिज लालता रोड की शिवानी पांडेय द्वितीय स्थान तथा महात्मा ज्योतिबा राव फूले इण्टर कॉलिज की छात्रा नेहा देवी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, कमल द्विवेदी, पुरुषोत्तम दास अहिरवार प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## पिता की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंन्द्र चंन्द्र पांण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को वादी कमलेश द्विवेदी पुत्र स्व राधेश्याम द्विवेदी निवासी ग्राम बगरेही ने थाना रैपुरा में सूचना दी थी कि उसके भाई त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी व दूसरे भाई पारसनाथ द्विवेदी ने ग्राम बगरेही में पीपल वृक्ष के नीचे बने पक्के चबूतरे पर बैठे उसके पिता राधेश्याम द्विवेदी (75) पुत्र स्व नंदकिशोर द्विवेदी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गये।

# व्यापारियों ने वरिष्ठ प्रबंधक को सम्बोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



रेलवे विभाग की कई मांगों को लेकर वरिष्ठ प्रबंधक को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। जिसमें कई एक्सप्रेस ट्रेनों का रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव कराये जाने के साथ-साथ दुर्गा मंदिर के समीप अंडरपास व ब्रिज बनवाये जाने की मांग किया गया। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति प्रयागराज के सदस्य किशन मेहरोत्रा समेत उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात किया। तत्पश्चात उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ प्रबंधक को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि शहर से व्यापारियों का एक बड़ा समूह प्रतिदिन कानपुर की यात्रा प्रातःकाल करता है। स्टापेज के अभाव की वजह से समयनुसार यात्रा से वंचित बने रहते हैं। ऐसे में अजीमाबाद एक्सप्रेस का स्टापेज यात्री हित में होगा। साथ ही रेल के राजस्व में वृद्धि होगी। शहर से बहुताय श्रद्धालु तीर्थ स्थानों की यात्रा हेतु बैजनाथ धाम, अजमेर, पटना, कलकत्ता, जयपुर, जोधपुर आदि की यात्रा करते हैं। जिसके लिए समस्त तीर्थ स्थानों पर जाने वाली ट्रेन संख्या 12315-12316 अनन्या एक्सप्रेस का ठहराव श्रद्धालुओं व रेलयात्रियों के हित में होगा। शहर से बड़ी संख्या में व्यापारी गणमान्य नागरिक दिल्ली की नियमित यात्रा करते हैं।

रेलयात्रियों के हित में वन्दे भारत एक्सप्रेस, महाबोधि एक्सप्रेस, झारखंड एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, शिवगंगा एक्सप्रेस, सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस का ठहराव छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, रेलयात्रियों के हित में होगा। जनरल यात्रियो हेतु जनरल डिब्बो की कम संख्या रेल यात्रियों के लिए बड़ी समस्या है, जिसकी वृद्धि जनरल यात्रियों के लिए राहत प्रदान कर सकती है।

इसलिए जनरल डिब्बों की संख्या में बढ़ोतरी करवाई जाये। व्यापारियों की सुविधा के लिए पार्सल डिब्बे का आवंटन आवयश्कता पूर्ण है ताकि व्यापारी सरलतापूर्वक अपना सामान दूसरे राज्य जनपद कम शुल्क में रेल द्वारा भेज सके। रेलवे स्टेशन के निकट दुर्गा मंदिर स्थापित है। जिसमे बहुतायत श्रद्धालु रेल लाइन पार करके जाते हैं। ऐसे में जनक्षति रोकने हेतु अंडरपास व ब्रिज बनवाये जाने की नितान्त आवश्यकता है। इस मौके पर चन्द्रप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, पवन अंबानी भी मौजूद रहे।

## विवाहिता को जिंदा जलाकर जान लेने का प्रयास करने के मामले में आरोपी पति को 7 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बच्चे पैदा न होने और दहेज को लेकर विवाहिता को जिंदा जलाकर जान लेने के प्रयास के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी पति को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही 25 हजार के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाने के बारीकला गांव की निवासी ज्योति ने दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास की रिपोर्ट ससुराली जनों के खिलाफ दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी कर्वी के बेड़ी पुलिया चकला राजरानी निवासी दीपू के साथ 11 मई 2014 को हुई थी।

शादी के बाद से ही पति दीपू ससुराली जनों के साथ मिलकर बच्चे पैदा न होने और दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करता था। इसके बाद 7 मार्च 2016 को सबेरे 6:30 बजे पति दीपू ने ससुराली जनों के साथ मिल कर जान से मारने की नीयत से उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दिया और कमरे में बंद कर दिया। पुकार सुनकर पड़ोसियों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

# भाजपा की सोशल मीडिया व आईटी की कार्यशाला 9 को

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी की आगामी नौ अक्टूबर को आयोजित होने वाली सोशल मीडिया व आईटी विभाग की कार्यशाला की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। बताया गया कि ग्यारह बजे से कार्यशाला शुरू होगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक शुभम शिरकत करेंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने शिरकत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक सोशल मीडिया धनंजय द्विवेदी ने किया। बैठक में आगामी नौ अक्टूबर को सोशल मीडिया-आईटी विभाग की आयोजित होने वाली कार्यशाला की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि सोशल मीडिया व आईटी विभाग पार्टी का महत्वपूर्ण विभाग है। जिसका उपयोग हम सभी को करना है। कार्यशाला के माध्यम से हमें प्रशिक्षित होकर पार्टी के कार्यक्रमों विचारधारा के साथ-साथ गतिविधियों के प्रचार-प्रसार में भागीदारी निभानी होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मीडिया विभाग सोशल व मीडिया विभाग के जिला संयोजक धनंजय द्विवेदी ने बताया कि 9 अक्टूबर दोपहर 11 से आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रदेश संयोजक शुभम मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.8 (+0.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.0 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 79 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक


# फुरकान हत्याकांड: डी टू गैंग के रफाकत समेत तीन को आजीवन कारावास और एक-एक लाख का जुर्माना

**✻ एफसी 52 की कोर्ट ने दुर्दांत अपराधियों को सुनाई सजा**

जन एक्सप्रेस/कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** शहर में जि़ला अदालत कोर्ट की एफटीसी 52 ने चार आरोपियों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जनता कोर्ट के इस आदेश को एतिहासिक और सच्चा न्याय मान रही है। कारण यह है कि जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है उनमें से एक आरोपी डी टू गैंग का दुर्दांत हत्यारा है जिसने दर्जनों ऐसे कत्ल किए हैं जिनका जिक्र कानून की किताबों में इसलिये नहीं मिलेगा क्योंकी रफाकत नाम के इस सुपारी किलर के खिलाफ़ गवाही देने वाले अचानक से गायब कर दिए जाते थे। ज्ञातव्य हो की 8 अप्रैल 2009 को थाना बेकनगंज क्षेत्र के हीरामन पुरवा निवासी प्रॉपर्टी डीलर फुरकान को डी टू गैंग के रफाकत और उसके साथियों ने सिर्फ़ इस लिए गोली मार दी थी क्योंकी फुरकान ने किसी का बीच बचाओ कर दिया था जो रफाकत जैसे दुर्दांत हत्यारे को नागवार गुजरा था। गोली लग जाने के बाद फुरकान को अस्पताल ले जाया गया था जहां पर उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया गया था। फुरकान के पुत्र गुफरान की तहरीर के आधार पर थाना बेकनगंज में रफाकत समेत अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। रफाकत के साथ-साथ सोनी, रिंटु, शरीफ भिस्ती को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था सभी ज़मानत पर रिहा थे।


रफाकत


शरीफ भिस्ती


सोनी


मृतक फुरकान



आज एफटीसी 52 की विद्वान न्यायाधीश श्रीमती श्रद्धा त्रिपाठी द्वारा फुरकान की हत्या के मामले में रफाकत, रिन्टू, शरीफ भिस्ती, सोनी को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास के साथ साथ एक एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसमें जुर्माने की आधी राशि मृतक की पत्नि को अदा किए जाने का आदेश है।
-जितेंद्र कुमार पांडे, ए.डी.जी.सी

### डी2 गैंग से बगावत कर दूसरा गैंग बना लिया था रफाकत और टायसन ने

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रफाकत सबसे पहले डी टू गैंग में शामिल हुआ था उसे शामिल करवाने वाला अयाज टायसन है। कुछ दिनो बाद ही रफाकत ने दूसरा डी टू गैंग खड़ा कर लिया था। इसका रईस बनारसी गैंग से छत्तीस का आकड़ा था। गुड्डू डफाली और निजामू की दिनदहाड़े हत्या कर इसने सनसनी फैला दी थी। दर्जनों ऐसी हत्याएं हैं जो आज तक नहीं खुली। कारण यह है की अयाज टायसन पुलिस का बहुत बड़ा मुखबर बन गया क्योंकि उसने ही डी2 गैंग की मुखबिरी करके पूरा गैंग खत्म करवाया था। टायसन अभी भी चुपचाप भाड़े की हत्याओं का काम करवाता था और इसे अंजाम देने का काम रफाकत कर रहा था। पिंटू सेंगर हत्याकांड में भी इसका नाम उछला था लेकिन टायसन ने इसे बचा लिया था। अभी हाल ही में जब रफाकत जब जेल पहुंचा तो वहां पर उसने पिंटू सेंगर हत्याकांड की भी चर्चा की जो जेल के बाहर तक गूंज रही है।

### एफटीसी 52 ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

मिली जानकारी के अनुसार एफटीसी 52 को की विद्वान न्यायाधीश श्रद्धा त्रिपाठी द्वारा रफाकत सोनी, रिंटु, शरीफ भिस्ती को दोषी पाया गया। और आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ-साथ जुर्माना भी लगाया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादवने लखनऊ जाते वक्त अरौल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जोश भरा

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे के अरौल कट पर बिल्हौर क्षेत्र के समाजवादी कार्यकर्ताओं ने हाथ मे समाजवादी झंडा लेकर अखिलेश यादव का काफिला रुकवा दिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत कर नारेबाजी की और बिल्हौर आने का आग्रह किया जिस पर उन्होंने बताया कि 11 तारीख को एक दंगल प्रोग्राम में आना है रसूलाबाद क्षेत्र में प्रोग्राम के बाद बिल्हौर होकर ही वापस जाएंगे उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा बूथ और गांव में घर-घर जाकर अपनी पार्टी की नीतियों के बारे में बताएं। मौजूदा सरकार की दमनकारी नीतियों और हालात के बारे में जनता को बताएं अगर किसी को पुलिस प्रशासन जबरदस्ती परेशान कर मुकदमा पंजीकृत कर रहा है तो उसकी आवाज़ उठाएं और हम तक उसकी पूरी डिटेल सही-सही भेजें डरने की जरूरत नहीं है अगर आप सही है तो आपके ऊपर कारवाई नहीं होने देंगे किसी भी कीमत पर इस मौके पर

बबलू खान हाफिज मोहम्मद हसीन शिबू खान शुभम यादव फराज कुरैशी दानिश डोकोमो आदि कार्यकत्ताओं ने स्वागत किया।





# श्री राम कथा के चौथे दिन बाल कथा का हुआ वर्णन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन शनिवार को हो रही श्री राम कथा में चौथे दिन भगवान श्रीराम की बाल कथा में पूर्व पार्षद वार्ड 87 की मेनका सिंह सेंगर पहुंचीं।

संत श्री चरण दास जी महाराज द्वारा भगवान श्री राम के बाल कथा का सुंदर वर्णन किया गया। कथा में सुंदर भजनों को सुनकर आए हुए भक्त श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए और तालियां बजाकर झूमने लगे। वही व्यास जी ने कहा कि शाम को जब सारे काम निपटा कर आप घर जाएं तो नहा धोकर स्वच्छ वस्त्र पहनकर अपने ईष्ट देव के सामने बैठकर उनसे अपने दिन भर में किए गए कार्यों को बताएं और जो गलतियां हुई हैं तो अपने इष्ट देव से क्षमा मांगे इससे आपके मन की शांति मिलेगी और आपका भाग्य चमकेगा कथा में पहुंची पूर्व पार्षद वार्ड 87 मेनका सिंह सेंगर ने मनोज गुप्ता उर्फ सोनू को श्री राम कथा कराने की बहुत-बहुत बधाई दी मनोज गुप्ता ने पूर्व पार्षद मेनका सेंगर का स्वागत किया। मुख्य रूप से रहे मनोज गुप्ता उर्फ सोनू भैया, शारदा गुप्ता, अजीत, अमित गुप्ता, वीरेंद्र कुमार ,राजन पंडित आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में कानपुर नागरिक मंच के तत्वाधान में एक ज्ञापन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू माननीय राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से कलेक्ट भवन से भेजा जिसमें लिखा गया है ÷कलम टूटने लगी है, स्याही सूखने लगी है÷ ÷कमर टूटने लगी है ,गला सूखने लगा है ÷जैसे श्लोगनों का उच्चारण करते हुए मौजूद अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में देश के चौथे स्तंभ पर विगत दिनों पत्रकारों को गिरफ्तार करने व मीडिया पर अंकुश लगाने के प्रयास पर कहा गया है कि देश ही नहीं पूरे विश्व के कोने-कोने के लोग हास्यास्पद रह गए जब 46 पत्रकारों से पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उनके मोबाइल व लैपटॉप जप्त कर लिए और पत्रकारों को पुलिस उठा ले गई पूछताछ के बाद कुछ पत्रकारों को छोड़ दिया और कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया क्या अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना अपराध है? क्या यह गैर कानूनी या देशद्रोह की श्रेणी में आता है? क्या मीडिया की भूमिका सरकार की सराहना करना ही है ? क्या वे गलत सवालों को जनता के बीच नहीं रख सकते?



# धमाचौकड़ी मचाने वाले पांच चोरों को चकेरी पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर की चकेरी थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर किया है ,उनके पास से साढ़े सात लाख रुपए नगद और करीब तीन लाख रुपए के सोने के आभूषण बरामद कर किए गए हैं। मामले का सफल खुलासा करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त की तरफ से 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। डीसीपी पूर्वी शिवा जी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि चकेरी इलाके में आए दिन काफी चोरी की घटनाएं हो रही थी, जिससे लोगो में भय का माहौल व्याप्त हो गया था।जिस पर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर टीम गठित कर चोरों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही थी।मुखबिर से सूचना मिली की पांच चोर एक जगह छुपे बैठे है, जिस पर टीम ने छापा मार कर राजेंद्र कटियार, अजय सिंह, जैकी, रवि गुप्ता, विनीत कटियार को जी टी रोड त्रिमूर्ति मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया गया है।

# बाल अपराध को लेकर पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस लगातार एक के बाद एक नई पहल करती हुई नजर आ रही है जिसकी ताजा तस्वीरे बीते दिन एक बार फिर देखने को मिली है जहां शहर के बर्रा थाने में कई स्कूल के छात्र-छात्राओं को बुलाकर थाने की दिनचर्या और कार्य प्रणाली के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को बाल अपराध और होने वाले क्राइम की जानकारी और उसके बचाव की जानकारियां देकर जागरूक किया गया। आपको बताते चले कि बाल अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा अब स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का अभियान कानपुर की मित्र पुलिस ने शुरू कराया है इस अभियान के तहत आज प्राइवेट स्कूल के छात्र-छात्राओं को बर्रा थाने में बुलाकर उन्हें पुलिस किस तरह से कार्य करती है उसकी जानकारी दी गई साथ ही साथ बच्चों को बाल अपराध से जुड़े मामलों के साथ-साथ गुड टच और बेड टच ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और पालन करने की जानकारियां दी गई।इस दौरान बड़ी संख्या में आए हुए छात्र-छात्राओं ने बड़ी ही बारीकी से इस पूरे अभियान को ध्यान से सुना।वही वहीं छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 और महिला हेल्पलाइन नंबर 1912 की भी संक्षिप्त जानकारी दी गई। सबसे बड़ी बात छात्र-छात्राओं को पूरे थाने परिसर में बने लॉकअप के साथ साथ मुकदमों की विवेचना की जानकारियां दी गई। वही बच्चो ने भी इस दौरान अपने मन में चल रहे सवाल भी बर्रा इंस्पेक्टर सूर्यबली पाण्डेय से पूछा और और जानकारी ली वही पुलिस के इस पहल की बच्चो ने जमकर तारीफ की,कानपुर पुलिस का ये अभियान अब आगे शहर के सभी थानों में चला कर बच्चो को जागरूक करने का काम किया जाएगा।



# आज से शुरू होगा तीन दिवसीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों को उनकी आय बढ़ाने और अच्छी खेती करने के तरीको के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह मेला 3 साल बाद 8 से 10 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। इससे पहले यह मेला 2019 में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय के मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे जिनकी बुकिंग कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मेले में रशियन एंबेसी से कृषि काउंसलर भी इस मेले में शामिल होंगे और कृषि को बढ़ावा देने के लिए उनके साथ एक एमओयू होगा। इस किसान मेले का उद्घाटन प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह करेंगे। डॉ. सिंह ने बताया कि पिछले 4 सालों की बात करें तो मक्का, तिलहन, दलहन, हरी सब्जियों की खेती में 60 से 70 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे किसानों की आय बढ़ी है। धान, गेहूं की खेती करने वाले अब मशरूम, दलहन, तिलहन, मक्का आदि की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले में तीन दिन के अंदर लगभग 15000 से अधिक किसानों के आने की उम्मीद है। पत्रकार वार्ता में प्रसार निदेशक डॉ. आरके यादव, कुल सचिव डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ.नौशाद खान एवं डॉ.राम बटुक सिंह आदि मौजूद रहे।



# तीरंदाजी संघ ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

प्रथम डिस्ट्रिक्ट आर्चरी प्राइज मनी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को कानपुर के लगभग 40 स्कूलों के 450 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सेक्रेटरी राजा भरत अवस्थी ने बताया कि अध्यक्ष श्रेयांश कपूर, अध्यक्ष यासिर इब्राहिम, ज्वाइंट सेक्रेटरी शैलेश कुमार, संदीप पासवान, मौसमी साहू ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ आए बच्चों को कानपुर तीरंदाजी संघ द्वारा नगद पुरस्कार मोमेंटो एवं मैडल देकर सम्मानित किया।




# एन0ई0 रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

एन0ई0 रेलवे मजदूर यूनियन की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीते दिन शनिवार को मंधना स्टेशन पर अनवरगंज की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष एके द्विवेदी तथा शाखा मंत्री निमय कुमार उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एके द्विवेदी ने कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत किया। बैठक में सभी कर्मचारियों के अंदर एनपीएस को लेकर भारी रोज नजर आया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल कुमार, अनुपम कनौजिया, राजेश्वर पांडे, बृजेश चतुर्वेदी, राम सहारे, बलिराम, अजीत सिंह,जितेंद्र कुमार गौतम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# 25 अक्टूबर को होने वाले अनुसूचित सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक की

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शनिवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने 25 अक्टूबर को होने वाले अनुसूचित सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक की। जिलाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि अनुसूचित सम्मेलन के माध्यम से दलित समुदाय के लोगों को मोदी और योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने दक्षिण अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश कठेरिया को दक्षिण जिले से 6000 से अधिक संख्या में दलितों को सम्मेलन स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पार्षद एवं अन्य वरिष्ठ नेता दलित बस्तियों में घर-घर संपर्क व संवाद कर लोगों को सम्मेलन में लेकर पहुंचे। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर 8 और 9 अक्तूबर को मंडलवार बैठकें होंगी। अनुसूचित सम्मेलन के लिए जिला महामंत्री रामबहादुर यादव को जिला संयोजक व राजन चौहान को सह संयोजक बनाया गया है। बैठक मे राम लखन रावत,ज्ञानू मिश्रा,अर्जुन बेरिया,जय नारायण कुरील, रजनीश गर्ग,राहुल विमल, ईशू कठेरिया, रीता शास्त्री,आभा द्विवेदी, फैजल सिद्दकी आदि मौजूद रहे।



# मदराराय गांव मे पागल बंदर से दहशत 40 से अधिक लोगों को काटकर किया घायल

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के ग्राम पंचायत मदारा राय गुमान में पागल कटखने लाल बंदर ने बीते दो वर्ष पूर्व एक महिला पूजा करने जा रही थी तभी लाल कटखने बंदर ने दौड़ाया छत से गिरकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। लेकिन वनविभाग से लेकर ब्लाक स्तर पर ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को सूचना दी गई लेकिन मौके पर कोई भी वनविभाग से लेकर ब्लाक स्तर का कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा वहीं दिन पर दिन बढ़ते बंदर के हमले से ग्रामीण अपने मकानों की छत पर जाना बंद कर दिया है बंदर को देखते ही ग्रामीण छत से कूदने पर मजबूर हो जाते हैं और ग्रामीण भयभीत हैं बंदर के आतंक से बंदर प्रति दिन किसी न किसी को अपना निशाना बनाता है काटकर दो महीनों से बंदर ने पच्चास से भी अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर चुका है वहीं पूरे मामले पर वनविभाग रेंजर अनुज ने बताया कि अब शासनादेश ग्रामीण स्तर पर जारी हुआ है अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही बंदर को पकड़ा जायेगा। कटखने बंदर से मौत दो वर्ष पहले महिला की काटने से जख्मी व्यक्ति के नाम कोमल, मंटई नेता प्रजापति, सतीप्रसाद, कल्लू, अफजल,आरिफ, उमादेवी, जनवरीमन, पार्वती, रोहित, जयराम, रहिमानअली, रामसुरेश, राजाराम, सोनूरोहित ठाकुरआदि लोग।








# भाजयुमो जिलाध्यक्ष और डॉक्टर के हत्यारे पर एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

नगर पालिका की सरकारी जमीन पर सत्ता से जुड़े नेताओं का कब्जा था। लेकिन दूसरे टर्म में भी उस पर बुलडोजर नहीं चला। डॉक्टर हत्याकांड के बाद जब राजनैतिक दबाव में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करना हुई तो सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का ताना-बाना बुन औपचारिकताएं निभाई गई। इस कार्रवाई के दस दिन बाद नपा के कर अधीक्षक की तहरीर पर हत्यारे उसके पिता व भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज कराई गई। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के नारायणपुर में स्थित भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह द्वारा नपा की जमीन कब्जा कर कार्यालय बनवाने और डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपी अजय नारायण व उसके पिता जगदीश नारायण के सरकारी जमीन कब्जा करने से जुड़ा है। 23 सितंबर की देर शाम हत्या हुई, करीब 36 घंटे बाद बुलडोजर पहुंचा और निर्माण कार्य ढहाया गया। इसके बाद कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। 5 अक्टूबर को नपा के कर निरीक्षक सै. अख्तर मेहदी आब्दी की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ। तहरीर के अनुसार तहसील सदर के नारायणपुर में गाटा संख्या 0510 पर रकबा 0.266 हे. रास्ता सरकारी भूमि है।
इस पर नगर पालिका परिषद का स्वामित्व है, जिसके 0.006 हे. पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह पुत्र उदय नारायण सिंह द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। इसी प्रकार दूसरी तहरीर में उल्लेख हुआ कि नारायणपुर में गाटा संख्या 446 रकबा 0.2590 हे. जमीन नवीन परती के खाते में दर्ज है। जो कि सरकारी भूमि है व नगर पालिका परिषद के स्वामित्व में है। इस गाटा संख्या में से 0.051 हे. पर जगदीश नारायण सिंह पुत्र अवध नारायण सिंह व डॉ के हत्यारे अजय नारायण सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह ने अवैध कब्जा किया था। यहां सवाल अहम है वो ये कि प्रदेश की पांच साला सरकार भाजपा की रही, तत्कालीन चेयरमैन बबीता जायसवाल भी पार्टी से जुड़ी थी। उनके पति व भाजपा नेता ने पत्नी के चेयरमैन रहते हुए नपा क्षेत्र में चुन-चुन कर अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाया। यही नहीं मौजूदा विधायक पर उन्होंने नपा की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। आखिर ये जमीनें जो भू-माफिया व उनकी पार्टी से जुड़े लोगों के पास रही उसे खाली क्यों नहीं कराया? उससे भी ज्यादा चैकाने वाली बात ये रही, कि जिस जमीन को नपा का होने की सच्चाई जानने के बाद कब्जे से खाली कराया गया उस पर मौजूदा नपा अध्यक्ष ने दस दिन पर विधिक कार्रवाई क्यों कराया? उन पर कोई दबाव था या देवरिया कांड में मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद अपनी गर्दन फंसती देख ये कदम उठाया गया।

## 17 साल पहले बैनामे की जमीन कब्जाने का आरोप, चार दिन पहले भी दर्ज हुआ है केस





सुल्तानपुर। जो पुलिस भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह पर कार्रवाई से बचती रही वो अब धड़ाधड़ उन पर मुकदमे लिख रही है। चार दिनों के अंदर उन पर रंगदारी का दूसरा मुकदमा कोतवाली नगर में दर्ज किया गया है। जिसमें डॉक्टर हत्याकांड के आरोपी अजय नारायण का नाम भी दर्ज है। इससे भाजपा नेता का नगर के नारायणपुर क्षेत्र में जो भय बना था उसमें गिरावट भी आएगी। बता दें कि नारायणपुर क्षेत्र व आसपास के एरिये में बब्बन सिंह के खिलाफ कार्रवाई तो दूर कोई उनके विरुद्ध आवाज भी नहीं उठाता था। लेकिन हाल ही में डॉक्टर हत्याकांड में उनके भतीजे का नाम क्या आया नारायणपुर समेत उनका नाम सुर्खियों में आ गया। जो कोतवाली पुलिस उनके इलाके में कार्रवाई से बचती रही वही अब उन पर नकेल कसने में जुटी है। इस क्रम में कोतवाली नगर क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासिनी नीता रावत पत्नी गोपाल रावत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मैं गरीब महिला हूं। किसी तरह पैसों का इंतेजाम कर 17 जनवरी 2006 को कृष्ण कुमार सिंह पुत्र अवधेन्द्र प्रताप सिंह निवासी लक्ष्मणपुर से गाटा संख्या 2493 रकबा 10 धुर स्थित ग्राम नारायणपुर का बैनामा व कब्जा लिया था। पैसा न होने के कारण उस समय उसकी बाउण्ड्रीवाल नहीं बनवा पाई। कुछ दिनों बाद कुछ पैसों का इंतेजाम हुआ तो मैं उक्त जमीन की बाउण्ड्रीवाल कराने गई तो मेरी जमीन पर अजय नारायण सिंह व गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह जबरदस्ती कब्जाकर लिए। बैनामाकर्ता कृष्ण कुमार सिंह की मृत्यु हो गई है। जब मैं उनके लड़के के पास गई तो उसने कहा कि अब उस जमीन को भूल जाओ। जमीन के चक्कर में पड़ोगी तो तुम्हार बुराहाल होगा। मेरी जमीन को ये लोग गुंडई कर कब्जा कर लिए है। मैं गरीब, असहाय महिला हूं। जब मैं जमीन छोड़ने के लिए कहा जाता है तो कहते है कि जमीन भूल जाओ वरना जान से हाथ धोना पड़ेगा। नगर कोतवाल श्रीराम पांडे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गिरीश नारायण व अजय नारायण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चार लाख की मांगी थी रंगदारी

चार दिन पूर्व नगर कोतवाली अंतर्गत निराला नगर मोहल्ले की रहने वाली सुनीता कुमारी पत्नी बैजनाथ प्रजापति ने मुकदमा दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि साल 2018 में उसने कोतवाली नगर के नारायणपुर में गाटा संख्या 287 घ भूखंड का बैनामा लिया। दाखिल खारिज के बाद खतौनी में नाम भी दर्ज हो गया। बैनामा ली हुई जमीन पर वो नींव खुदवा कर पिलर तैयार करा रही थी। इस बीच बीते 11 मार्च 2023 को मिस्त्री लेबर जब प्लॉट पर काम कर रहे थे तब भाजपा नेता गिरीश नारायण उर्फ बब्बन सिंह पुत्र स्व अवध नारायण सिंह, उसका भतीजा अजय नारायण सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह, अरुण सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह और उसका पुत्र आशुतोष सिंह पुत्र गिरीश नारायण सिंह मौके पर पहुंचा। इन सभी ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। जब हम मौके पर पहुंचे तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता सुनीता की माने तो दबंगों ने कहा कि हमसे 4 लाख की रंगदारी मांगी गई। दबंगों ने कहा यहां रहना है तो रुपए देने पड़ेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं जन शिकायतें

*** शिकायती पत्र मिलते ही संबंधित अधिकारी पीड़ित की समस्या का समय से करें निस्तारण: डीएम**



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिया ।इस दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई।
जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कहा। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निस्तारित कराएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। तहसील तिलोई में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 12 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील गौरीगंज में 27 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 03 का निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में 50 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें 07 का निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 का निस्तारण किया गया।
शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है।और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई दिग्विजय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों में होता है सर्वांगीण विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अमेठी की लोकप्रिय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा लोक सभा के पांचों विधानसभा में न्याय पंचायत,ब्लाक,एवं विधानसभा स्तर पर कराया जा रहा है।प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिये खो-खो, व 200मी दौड़,व बालकों के लिये कबड्डी,ऊंची कूद,लम्बी कूद,400मी दौड़,व 800मी दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। इसी श्रंखला में शनिवार को क्रिकेट प्रतियोगिता एस पी एन इण्टर कालेज के क्रीड़ा मैदान पर हुई। जिसमें 10 न्याय पंचायत के क्रिकेट टीमों ने प्रतिभाग किया। क्रिकेट प्रतियोगिता पंकज अवस्थी एवं बब्लू मिश्रा की देखरेख में सम्पन्न हुई। शनिवार को लीग मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिक्षक नेता धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी के द्वारा फीता काटकर व बैटिंग करके किया गया। बालिंग पंकज अवस्थी ने किया।इसके बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।
धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा खेल के माध्यम से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। आपसी भाईचारा बढ़ता है।मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना का भी विकास होता है। लीग मैच में सैम्बसी, अलाईपुर, ढ़ोढ़नपुर, सेमरौता व तिलोई की टीमों ने जीत दर्ज किया। निर्णायकों में व्यायाम शिक्षक ओंकार नाथ सिंह, गिरिजेश प्रताप सिंह, अंकित मिश्रा, अवधेश सिंह ने निष्पक्ष रूप से क्रिकेट का खेल निष्पादित किया।इस अवसर पर प्रभात सिंह, भानुमित्र अवस्थी, रमा कान्त मौर्य, सुनील सिंह, अतुल श्रीवास्तव शशि कुमारी सिंह, शालिनी सिंह, यतीन्द्र मोहन वैश्य, ललित कुमार मौर्य, विश्वनाथ तिवारी, संजय सिंह उपस्थित रहे। संचालन गिरिजेश प्रताप सिंह व अंकित मिश्रा ने किया।

## कलयुगी बहू व बेटे ने मां को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/तिलोई/अमेठी।** जायस थाना क्षेत्र के मवई आलमपुर में तीन दिन पहले बहू व बेटे ने बुजुर्ग माँ को पीट पीट कर घायल कर दिया था। वहीं शनीवार शुक्रवार के मध्य रात्रि को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के मवई आलमपुर में बेटा व बहू ने अपनी बुजुर्ग माँ को मारा पीटा। जिससे बुजुर्ग मां शिवकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसके बाद छोटा बेटा हेमराज उसी दिन से अपनी माँ का इलाज जिला अस्पताल में करवा रहा था। शनिवार शुक्रवार की मध्य रात्रि में इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला शिवकुमारी की मौत हो गई। वहीं मृतिका शिवकुमारी की पोती नंदिनी ने बताया की तीन दिन पूर्व हमारे चाचा मन्नू व चाची मनीषा ने आजी शिवकुमारी को मारा पीटा था। उसी दिन से उनकी तबियत खराब हो गई। जिसके बाद मेरे दूसरे चाचा हेमराज उनका इलाज करवा रहे थे। लेकिन शनिवार शुक्रवार की मध्य रात्रि में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका की बेटी ने बताया की हमारा भाई मन्नू व भाभी मनीषा लगातार माँ शिवकुमारी को परेशान करते रहते थे।

# सैकड़ों किसान प्रधान प्रतिनिधि के मनमानी रवैये से परेशान

**जन एक्सप्रेस। तिलोई/अमेठी**



तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सैम्बसी के सैकड़ों किसान तहसील मुख्यालय आकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश कुमार मिश्र पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि अमेठी सांसद से सिंचाई की मांग किया गया था।
जिससे सासंद ने एक नलकूप प्रदान किया। जिसे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनमानी करते हुए निचले हिस्से में बोरिंग करवाना शुरू किया। जहां पहले से सिंचाई की पूर्ण सुविधा में दो नाला व नहर की सुविधा मौजूद हैं।जहां बरसात मे जलभराव भी रहता है। जबकि ग्राम सभा के पूरब और दक्षिण दिशा में ऊपरी हिस्सा है, जहां पानी की जबरदस्त किल्लत रहती है। लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजनीतिज्ञ द्वेष भावना से कार्य कर रहे हैं जिसकी जांच करवाई जायेगी और निचले हिस्से मे होरही बोरिंग को रुकवाने की कृपा जाय इस मौके पर किसान इन्द्र कुमार सिंह, अयोध्या प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, शिवनारायण, जगजीवन सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। इस सम्बन्ध मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश कुमार मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा से बात किया गया तो बताया जहां यह लोग लगवाना चाह रहे हैं पहले से दर्जनों बिजली की निजी बोरिंग मौजूद हैं। जहां बोरिंग लग रही है वहां ग्राम सभा के सदस्यों से पारित की गयी है। और सम्पूर्ण वोरिग हो भी चुकी है।

# बुलेट की मांग, विवाहिता को मार डाला

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

दहेज लोभियों ने नवविवाहिता को बुलेट की मांग पूरी नहीं करने पर मार डाला गया। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक ने सबूत के लिए हथेली पर पेन से कुछ लिखा जिसे उसकी मौत के बाद मिटा दिया गया।



मृतका के पिता ने बताया कि लोन लेकर उसने बेटी के हाथ पीले किए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और अब पोस्टमार्टम के इनतेजार में है। पड़ोसी जिले अमेठी के मुसाफिरखाना कोतवाली अंतर्गत भद्दौर शमशाद खां के 7 बेटियां और 2 बेटे हैं। वे गांव में ही किराने की मामूली दुकान चलाते हैं जिससे घर का खर्च चला पाना ही मुशिकल उसमें बेटियों की शादी। जैसे तैसे उसने 6 बेटियों का ब्याह रचाया। करीब 15 माह पूर्व 24 जुलाई 2022 को उसने अपनी चैथी बेटी मोमिना बानो (27) का ब्याह मुस्लिम रीति रिवाज से सुल्तानपुर में कोतवाली नगर के गभड़िया स्थित महुरिया रोड निवासी इकबाल पुत्र रईस से किया। पिता श्मशाद ने बताया कि उसने लोन लेकर बेटी की शादी। दान-दहेज दिया लेकिन शादी के बाद से सुसराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। हमने लाज की डर से ना शिकायत किया और ना किसी से बताया। बीते 29 को बेटी ने फोन किया कि तबियत खराब है तो हम उसे इलाज कराने के लिए लेने गए। इकबाल मुंबई में था हमने बेटी के ससुर से कहा कि भेज दें तो भेजे नहीं। बोले अपना सामान लो और निकल जाओ। उन्होंने बताया कि जैसे-तैसे राजी हुए तो हम बेटी को दवा आदि दिलाकर पहुंचा आए। उन लोगों ने बेटी का सारा जेवर ले लिए था। मोबाइल तक लेकर जला दिया था। इसके बाद 5 अक्टूबर को दिन में 12 बजे के आसपास फोन आया कि तुम्हारी लड़की जमीन पर पड़ी है। हम समझे बेहोश हो गई होगी। गाड़ी करके करीब डेढ़ घंटे में पहुंचे तो उसकी लाश पोस्टमार्टम में पहुंच गई थी। 6 अक्टूबर को पोस्टमार्टम के लिए लाश निकाली तो हमने देखा कि उसके गले, आंख, हाथ-पैर पर चोट के निशान थे। इन लोगों ने पहले उसे मारा-पीटा फिर गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। उसने पेन से अपने हाथ की हथेली पर कुछ लिखा था जिसे इन लोगों ने उसकी मौत के बाद मिटा दिया। हमने डीएम को एप्लीकेशन दिया था कि शव का पोस्टमार्टम डॉक्टर के पैनल और उसकी वीडियो ग्राफी कराई जाए लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि हमने कोतवाली नगर में पति इकबाल, ससुर रईस अली, सास अख्तरुल, ननद रूही और देवर इखलाक के विरुद्ध तहरीर दी। जिसमें पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और 304बी का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि ये पूरी तरह से हत्या है। इस मामले में नगर कोतवाली श्री राम पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं घट बढ़ सकती हैं। पुलिस पूरी तरह से निष्पक्ष जांच कर रही है।

## वायु सेवा दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान



**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

वायु सेना दिवस के मौके पर सामाजिक संस्था यूनीक फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी वरुण मिश्र ने किया। वरुण मिश्र ने कहा कि रक्त दान एक प्रकार से जीवन दान सरीखा कार्य है, क्योंकि विभिन्न दुर्घटनाओं के शिकार घायल लोगों तथा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगों को समय पर उपलब्ध होने पर रक्त जीवनदायी बन जाता है और यह तभी सम्भव है जब आम जनमानस रक्तदान के महत्व को जानते हुए रक्तदान महादान करता है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे यूनीक फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अनुज विश्वकर्मा ने रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सोचा कि वायु सेना हमारे लिए अनेक कठिनाइयां सहते हुए हमारी रक्षा करती है इसलिए वायु सेना दिवस के मौके पर कुछ अलग करने की सोची ताकि वीर सैनिकों को सम्मान दे सकें। उन्होंने बताया कि रक्त दान शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसका परिणाम रहा कि 20 लोगों ने यूनीक फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान कर समाज सेवा का कार्य किया है। संस्था के अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि आप लोगों के द्वारा किया गया रक्त दान कई बार जिंदगी बचाने वाला होता है और सेना को भी आपके दान का लाभ होता है। संस्था के वरिष्ठ संरक्षक केशव गुप्ता जी ने शिविर में पहुंचने व सहयोग करने के लिए सबका आभार जताया। इस मौके पर ब्लड बैंक के अनुराग पांडेय, अनुराग गुप्ता व डॉ घनश्याम, डॉ अभिषेक, प्रीति मिश्रा,डॉ अजय शर्मा डॉ अभिषेक पांडेय एवं संस्था के राम नारायन मिश्र, अमन, विकास, विमल, अनुशक्त आनंद, रीता सुनील इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


G20

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 27.10.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 12002023 दिनांक 06.10.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 1. 23/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24, 2. 24/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** 1. सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के खण्ड के अकबरपुर (छोड़कर) से दरियाबाद के बीच स्टाफ क्वाटरों, समपारों एवं स्टेशन भवनों की मरम्मत। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/के खण्ड में दरियाबाद से अकबरपुर (छोड़कर) के बीच पुल मरम्मत का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** 1. रु. 3,39,94,176.02, 2. रु. 24,99,577.80 |
| 5 | **धरोहर राशि :** 1. रु. 3,20,000.00, 2. रु. 50,000.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 13.10.2023 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 27.10.2023, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

नोट:- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3109/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 65 लीटर अवैध शराब बरामद, दो लोगों पर पंजीकृत हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी कृतिका ज्योतसना व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी हितेंद्र शेखर के कुशल नेतृत्व में 07 अक्टूबर को सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही, शशि प्रकाश गुप्ता, सिपाही, मोहम्मद इरफान तथा उप निरीक्षक पुलिस कमलेश कुमार दुबे के साथ ग्राम टाटिया नगर थाना गोसाईगंज में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, 02 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्रवाई की गई। दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बारकोड एवं क्यूआर कोड स्कैन किया गया। किसी दुकान पर अवैध शराब की बरामदगी नहीं हुई। दबिश के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सलोन के चेयरमैन ने 20 क्षय रोगियों को लिया गोद लिया व पोषाहार प्रदान किया

**जन एक्सप्रेस। सलोन/रायबरेली**

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सलोन नगर पंचायत के चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी ने शुक्रवार को चंद्रशेखर रस्तोगी मार्केट सलोन में आयोजित कार्यक्रम में 20 क्षय रोगियों को गोद लिया और उन्हें पोषण पोटली प्रदान की। पोटली में मूंगफली, दलिया, दाल, चना आदि खाद्य सामग्री थी। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि टीबी के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय से बीमारी की पहचान और इलाज हो। तभी प्रधानमंत्री के साल 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग के इलाज में नियमित दवा के सेवन के साथ पोषण का बड़ा महत्व है। इसलिए निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान टीबी मरीज को पोषण के लिए 500 रुपये की राशि दी जाती है, जो उसके बैंक खाते में आती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सरकार समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक एवं शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से रोगियों को गोद लेकर पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। इससे उन्हें पोषण के साथ भावनात्मक सहयोग मिलता है।
चेयरमैन ने कहा **क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भागीदार बनकर हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।** उन्होंने क्षय रोगियों से कहा कि जो यह पोषण पोटली दी गई है उसका सेवन खुद ही करें यह आपको टीबी से जल्द ठीक करने में सहायक होगी। टीबी से ठीक होकर समाज के लोगों को इस रोग से मुक्ति के बारे में जागरूक करें और उन्हें बताएं कि यह रोग लाइलाज नहीं है इससे हम ठीक हुए हैं आप भी ठीक हो सकते हैं, जिससे साल 2025 में सरकार की मंशा के अनुरूप संपूर्ण भारत क्षय रोग से मुक्त हो सके। लाभार्थी तीरथ लाल ने बताया **हम मजदूरी करते हैंद्य यहाँ से हमें खाने का सामान दिया गया है, उसे हम खाएंगे और जल्दी ठीक हो जाएंगे।**

## डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस। लालगंज/रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में लालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।
सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के पश्चात सभी लेखपालों के कार्य की समीक्षा की जाए तथा उनके क्षेत्र में कितने अवैध अतिक्रमण है इसकी जानकारी ली जायें तथा एक सप्ताह में लेखपालों ने अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है इसकी प्रभावी समीक्षा कर अवगत कराया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 330 शिकायतों में से 18 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया बाकी बची हुई शिकायतों का अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित कर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उपजिलाधिकारी लालगंज तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उपजिलाधिकारी लालगंज तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आलू बीज की विक्रय दरों में 1000 रुपये की गई कमी

- आधारित प्रथम आलू बीज 2325 एवं द्वितीय आलू बीज 1915 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित
- किसान जनपदीय उद्यान अधिकारी से नगद मूल्य पर आलू बीज प्राप्त कर सकते हैं
- गुणवत्तायुक्त प्रमाणित आलू बीज से प्रदेश के आलू उत्पादन में होगी वृद्धि
- प्रदेश में लगभग 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की बुवाई का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के किसानों के हितों का ध्यान रख रहे है, उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो इसलिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों एवं आलू उत्पादकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2023-24 के लिए आलू बीज वितरण व विक्रय की दरें निर्धारित करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजकीय आलू बीज की उपलब्धता कृषकों को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के किसानों को बीजोत्पादन के लिए विक्रय हेतु विभागीय दरों में 1000 रुपये प्रति कुन्तल की दर से कमी करके विक्रय दर निर्धारित कर दी गई है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि निर्धारित दरों के अनुसार अब आधारित प्रथम आलू 2325 रूपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 1915 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 1655 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 1600 रूपये प्रति कुंतल तथा आधारित प्रथम आलू (टूथफुल) 1570 रूपये प्रति कुंतल बीज हो गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की बीज विक्रय दरें एक समान है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को नकद मूल्य पर आधारित प्रथम, द्वितीय तथा प्रमाणित आलू बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दरों पर प्रदेश के कृषक अपने जनपदीय उद्यान अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर आलू बीज का उत्पादन कर सकते हैं। यह आलू बीज आधारित प्रथम, आधारित द्वितीय तथा प्रमाणित श्रेणी का है, इससे आगामी वर्षों के लिए बीज तैयार किया जा सकता है, जिससे प्रदेश में आलू के गुणवत्तायुक्त बीज की कमी की पूर्ति होगी। प्रदेश के किसान भाई जनपद के उद्यान अधिकारी से मिलकर निर्धारित दरों पर आलू बीज प्राप्त कर अपने निजी प्रक्षेत्रों पर बीज उत्पादन कर सकते हैं।

उद्यान मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग लगभग 42 हजार कुन्तल आधारित श्रेणी का आलू बीज किसानों में बीज उत्पादन के लिए वितरित करेगा। जिससे किसानों द्वारा अग्रेतर श्रेणी का बीज उत्पादन कर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त बीज की कमी को पूरा करने में सहभागी हो सकते हैं। गुणवत्तायुक्त प्रमाणित आलू बीज से प्रदेश के आलू उत्पादन में वृद्धि होगी।

निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश के राजकीय प्रक्षेत्रों पर उत्पादन के लिए सीपीआरआई, भारत सरकार से 8782.43 कुन्तल जनक ( ब्रीडर) आलू बीज प्राप्त कर राजकीय प्रदेश के 17 राजकीय प्रक्षेत्रों पर कुल 201.40 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू बीज का उत्पादन कराया गया, जिससे 42728 कुन्तल आधारीय श्रेणी के आलू बीज ( कुफरी बहार, कुफरी चिप्सोना-1 एवं 3, कुफरी आनन्द, कुफरी पुखराज, कुफरी सूर्या, कुफरी ख्याति, कुफरी गरिमा, कुफरी सिन्दूरी, कुफरी फ्राईसोना, कुफरी मोहन, कुफरी ललित, कुफरी गंगा, कुफरी नीलकण्ठ, कुफरी केसर एवं कुफरी बादशाह) का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे राजकीय शीतगृह अलीगंज, लखनऊ तथा मोदीपुरम, मेरठ में भण्डारित किया गया । भण्डारित आलू बीज का प्रदेश के समस्त जनपदों को आवंटित कर किसानों के मध्य नकद मूल्य पर वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रसंस्कृत प्रजातियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था से पंजीकरण के उपरान्त आलू बीज उत्पादन की बैगिंग, टैगिंग कराने पर किसानों को 25000 रुपये प्रति हैक्टेयर की दर से अनुदान की व्यवस्था है। आलू की प्रसंस्कृत प्रजातियां कुफरी चिप्सोना - 1 एवं 3, कुफरी फ्राईसोना तथा कुफरी सूर्या आदि हैं।

# अवध कॉलिजिएट रामगढ़ शाखा में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के मौके पर शानदार प्रदर्शनी व डांडिया उत्सव आयोजित



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अवध कॉलिजिएट की मुख्य शाखा रामगढ़ कॉलोनी में शनिवार को प्रीनर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाओं की अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई । जिसमें विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह निर्देशिका जतिंदर वालिया व डॉ ब्रह्मजोत कौर उपस्थित रही। उन्होंने कक्षा ङ्ग व ङ्ग्द्य के मेधावी छात्रों को नकद छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी हौसला अफजाई की।छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मक प्रदर्शन हेतु विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई। साथ ही मनोरंजन हेतु डांडिया उत्सव का नवरंग भी जूनियर शिक्षकों और छात्रों द्वारा माता-पिता के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन यूपी 19 गर्ल्स बीएन के दो विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इसके अलावा विद्यालय के प्राइमरी और प्री प्राइमरी के नन्हें सितारों ने विश्व खाद्य दिवस, वायु सेना दिवस पर अपने विचार साझा कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक, पांच किमी दायरे में हो बैंकिंग सुविधा, दो लाख कृषि ऋण समितियों का होगा गठन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को टिहरी के नरेंद्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक में शामिल हुए। इसमें हर गांव के पांच किमी दायरे में बैंक सुविधा और देश में दो लाख नई कृषि ऋण समितियों के गठन पर मंथन हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्य राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक से जुड़े। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बैठक में शामिल हुए। बैठक में एशियाई खेलों में भारत के पहली बार 100 से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले सभी खिलाड़ियों का करतल ध्वनि से अभिनंदन का प्रस्ताव पारित किया गया। चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन और ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का भी स्वागत किया गया।



## संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में हुआ संपन्न

- संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जों संबंधित शिकायतों की भरमार

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील में माह के प्रथम तहसील दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी व डीसीपी पुलिस मुख्यालय बसंत लाल ने की। बता दें कि तहसील दिवस में प्राप्त कुल 230 शिकायतों में 60 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं बेहटा से आई एक शिकायत के अनुसार शकील अहमद नामक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की जमीन अधिकारियों की सांठ-गांठ से बेच डाली गई और एक आरोप के अनुसार कमलाबाद बढ़ौली में नवीन परती गाटा संख्या 83,84 पर दबंगों का कब्जा है। वहीं कठवारा की एक शिकायत के अनुसार ननक्के नामक व्यक्ति ने अनपढ, वृद्ध हरीलाल की जमीन धोखे से लिखवा ली। गुलालपुर के कल्लू व रामदेई ने बताया कि बरसात में कच्चा मकान गिर गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाया जाए। वहीं उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने मातहतों को शेष शिकायतों का जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेला कल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ मे 09 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टाटा मोटर्स, पंतनगर, उत्तराखण्ड एवं जय भारत मारूति लि. अहमदाबाद गुजरात कंपनियां प्रतिभाग करेगी।ट्रेनिंग कार्उंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम ए खाँ ने बताया कि दोनो कम्पनियों में जो अभ्यर्थी हाईस्कूल, इण्डटमीडिएट इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, पेन्टर जनरल एवं वायरमैन से उत्तीर्ण किया हो वे रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है जिसमें कम्पनियो के अनुसार आयुसीमा 18 से 23 एवं 35 वर्ष तथा वेतन रूपये 12,270 से 18,200 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, कैन्टीन एवं ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा दिया जायेगा।





## बीकेटी के मामपुर बाना में तीन घरों में चोरो ने चोरी कर हुए फरार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट बीकेटी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मामपुर बाना में चोरो ने चोरी कर फरार हो गए। बता दें कि स्थानीय पुलिस के लापरवाही के चलते क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आपको बता दे कि बीकेटी क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं वही ताजा मामला शुक्रवार रात बीकेटी थाना से महज 400 मीटर दूरी पर ग्राम मामपुर बाना में बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखो की ज्वैलरी व कैश ले कर फरार हो गए। चोरों ने एक ही गांव के तीन घरों में चोरी कर बीकेटी पुलिस को खुली चुनौती दें दी है। वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने छान बीन करते हुए जांच शुरू कर दी है। वही गोमा पुत्री जशकरण के मुताबिक उनके घर से 35000 नगद तो वही विष्णु कुमार सिंह के घर से लाखों के जेवर सहित 30000 नगदी लेकर फरार हो गए, इसके साथ ही मनोज शुक्ला के घर से चोर माल साफ कर फरार हो गए। वही थाना प्रभारी बीकेटी बृजेश चंद तिवारी के मुताबिक पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# लखनऊ से गुजरने वाली 50 ट्रेनें 20 अक्टूबर तक हो गईं कैंसिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

3पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बुढ़वल सीतापुर रेलखंड पर ट्रैक दोहरीकरण कार्य के चलते लखनऊ पाटलीपुत्र, गोमतीनगर कामाख्या, ऐशबाग गोरखपुर सहित 50 ट्रेनें 20 अक्टूबर तक अलग-अलग तारीखों में निरस्त रहेंगी। जबकि कईयों को बदले रूट से चलाया जाएगा।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 16 से 18 अक्तूबर तक लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र लखनऊ जं. एक्सप्रेस व ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। गोरखपुर से 17 व 19 अक्तूबर को गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस, 16 अक्तूबर को गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस, 17 को कामाख्या गोमतीनगर, 15 को कामाख्या श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, 18 को श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा कामाख्या एक्सप्रेस, 14 से 19 तक लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15 से 19 तक छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस कैसिंल रहेंगी। इसी तरह 16 से 20 अक्तूबर तक गोमतीनगर छपरा कचहरी एक्सप्रेस, 13 से 19 अक्तूबर तक नकहा जंगल गोमतीनगर एक्सप्रेस, 14 से 20 अक्तूबर तक गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस, 12 से 18 अक्तूबर तक दरभंगा अमृतसर एक्सप्रेस, 14 से 20 अक्तूबर तक अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस, 11 व 18 अक्तूबर को अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी विशेष ट्रेन, 13 व 20 अक्तूबर को न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर विशेष ट्रेन, 15 को सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस व अमृतसर गोरखपुर एक्स्प्रेस, 16 को अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस व गोरखपुर अमृतसर एक्सप्रेस, 14 व 16 को आनन्द विहार टर्मिनस बापूधाम मोतीहारी एक्सप्रेस, 15 व 17 को बापूधाम मोतहारी आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 14 को कटिहार अमृतसर विशेष ट्रेन, 16 को अमृतसर कटिहार विशेष ट्रेन, 14 से 19 तक गोरखपुर लखनऊ जं. एक्सप्रेस रद्द रहेंगी। 16 से 25 तक जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, 15 से 19 तक अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस, 17 को जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, 23 को अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस, 11 से 19 अक्तूबर तक ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस, 12 से 20 अक्तूबर तक बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस, 16 से 19 तक रक्सौल आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 17 से 20 अक्तूबर तक आनन्दविहार टर्मिनस रक्सौल एक्सप्रेस, 15 से 19 अक्तूबर तक गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस, 16 से 20 अक्तूबर तक मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस, 12 व 19 अक्तूबर को आनन्दविहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस, 11 व 18 अक्तूबर तक सहरसा आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 18 को अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस, 19 को सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस, 18 को न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर एक्सप्रेस व अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस, 13 को अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, 18 को ग्वालियर बलरामपुर एक्सप्रेस, 19 को बलरामपुर ग्वालियर एक्सप्रेस व 20 अक्तूबर को सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी।



### गोंडा, शाहजहांपुर व सीतापुर से कैंसिल रहेंगी ये गाड़ियां

7 से 19 अक्तूबर तक गोंडा सीतापुर अनारक्षित विशेष ट्रेन व सीतापुर–गोंडा अनारक्षित विशेष ट्रेन, शाहजहांपुर–सीतापुर अनारक्षित विशेष ट्रेन व गोंडा सीतापुर अनारक्षित विशेष ट्रेन कैंसिल रहेगी। इसके अलावा 7 से 20 अक्तूबर तक गोंडा सीतापुर अनारक्षित विशेष ट्रेन व 8 से 20 अक्तूबर तक सीतापुर गोंडा अनारक्षित विशेष ट्रेन कैंसिल रहेगी।

### बदले रूट से चलेंगी ये ट्रेनें

सीपीआरओ ने आगे बताया कि 13 से 18 अक्तूबर तक कटिहार अमृतसर, 14 से 18 अक्तूबर तक अमृतसर कटिहार एक्सप्रेस, 18 को गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 14 को गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस, 16 से 18 अक्तूबर तक आनन्दविहार टर्मिनस मुजफ्फरपुर, 14, 17 व 18 अक्तूबर को दरभंगा नई दिल्ली एक्सप्रेस, 17 व 18 को नई दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस, 15 अक्तूबर को ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस, 17 को पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस, 14 को पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस, 15 अक्तूबर को कोचुवेली गोरखपुर व कोचुवेली गोरखपुर एक्सप्रेस, 17 अक्तूबर को जम्मूतवी भागलपुर एक्सप्रेस, 16 को यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस, 11 से 18 अक्तूबर तक छपरा मथुरा एक्सप्रेस व 11 से 18 अक्तूबर तक मथुरा छपरा एक्सप्रेस बदले रूट से चलेगी।

### शॉर्ट टर्मिनेट व ओरिजनेट होंगी ये गाड़ियां

12 व 14 अक्तूबर को चलने वाली अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस गोमतीनगर तक आएगी। वापसी में 16 व 14 अक्तूबर को चलने वाली गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस गोमतीनगर से चलेगी। 17 को चलने वाली बरौनी लखनऊ जं. एक्सप्रेस गोंडा तक जाएगी। 18 अक्तूबर को चलने वाली लखनऊ जं.–बरौनी एक्सप्रेस गोंडा से चलाई जाएगी। 13 को चलने वाली हैदराबाद गोरखपुर विशेष ट्रेन गोमतीनगर तक जाएगी। 15 को चलने वाली गोरखपुर हैदराबाद विशेष ट्रेन गोमतीनगर से चलाई जाएगी।

### रोककर चलाई जाएंगी ये गाड़ियां

13 अक्तूबर को एर्नाकुलम कोचुवेली 3:30 घंटे देरी से चलेगी। इससे पहले कोचुवेली से 10 अक्तूबर को 1:45 घंटे की देरी, पनवेल गोरखपुर 16 अक्तूबर को 2 घंटे देरी से, गोरखपुर पनवेल 18 अक्तूबर को गोरखपुर से दो घंटे, हावड़ा से 17 अक्तूबर को हावड़ा–काठगोदाम दो घंटे, लालगढ़ से 17 अक्तूबर को लालगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 1:30 घंटे, गोरखपुर से 14 अक्तूबर को गोरखपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस 2 घंटे देरी तथा दरभंगा से 14 अक्तूबर को दरभंगा–अमृतसर एक्सप्रेस 3:15 घंटे देरी से चलाई जाएगी।

## ललितपुर, पीलीभीत और जेवर में 2350 एकड़ में बनेगी फार्मा सिटी
# देश में यूपी होगा दवाओं का सबसे बड़ा हब

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश फार्मा एवं बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र का सबसे बड़ा हब बनेगा। प्रदेश सरकार पीलीभीत, ललितपुर और जेवर में देश का सबसे बड़ा फार्मा पार्क विकसित कर रही है। काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में लखनऊ के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गयी। बैठक में देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे। बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत भारत सरकार को बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों को बताया गया कि सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में दो हजार एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क को विकसित किया जा रहा है। इसके निर्माण से देश अन्य देशों से आयात होने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। भारत उपकरण और दवाओं का निर्यात कर सकेगा। भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फार्मेसी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है। प्रदेश सरकार पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बना रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। बैठक में बायोटेक टेक्नालॉजी इंस्टीयूट के विकास, स्किल डेवलपमेंट एवं इंक्यूबेशन के लिए बायोटेक पार्क में विंग स्थापित करने पर सहमति बनी। इसमें 400 फार्मेसी और बायो टेक्नोलॉजी संस्थान के छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार में सहायता मिलेगी।

## बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर में निकलीं ढेरों खामियां, बिल में आ रहीं गड़बड़ियां, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश में लगे स्मार्ट मीटर कारगर नहीं है। वे जिस उद्देश्य के लिए लगाए गए थे, उसे पूरा नहीं कर रहे हैं। कहीं बिलिंग में गड़बड़ी हो रही है तो कहीं उपभोक्ताओं को मैसेज तक नहीं मिल पा रहा है। यह खुलासा हुआ है केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की जांच रिपोर्ट में है। मंत्रालय ने ऊर्जा विभाग को भेजी जांच रिपोर्ट में व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया है। इससे विद्युत वितरण निगमों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रदेश में करीब 12 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं। करीब 2.5 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। मीटरों की गड़बड़ियों को लेकर पिछले माह ऊर्जा मंत्रालय की टीम उत्तर प्रदेश आए थी। इस टीम ने हर विद्युत वितरण निगम के अलग- अलग इलाके में जाकर जांच की। मंत्रालय की ओर से 25 सितंबर को पावर कॉरपोरेशन को रिपोर्ट भेजी गई है। इस रिपोर्ट में अब तक लगे स्मार्ट मीटर की उपयोगिता पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। कहा गया है कि जिस उद्देश्य के साथ इन मीटरों को लगाया गया था, वे पूरी तरह से फेल हैं। बिलिंग सॉफ्टवेयर को सही तरीके से चलाने के लिए एमडीएम का इंटीग्रेशन बाधित है, जिसकी वजह से जनरेशन ऑफ बिल और बकाया पर कनेक्शन काटने और जोड़ने में भी समस्या आ रही है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## भारत में डॉल्फिन और संरक्षण के प्रयास

**भारत में डॉल्फिन का संरक्षण एक बहुआयामी प्रयास है, जिसके लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों, स्थानीय समुदायों और जनता के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावास क्षरण, प्रदूषण, मत्स्य पालन, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का समाधान करके, भारत अपने करिश्माई समुद्री डॉल्फिन के दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित कर सकता है और अपने समुद्री इको सिस्टम के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकता है। भारतीय जल में इन उल्लेखनीय प्राणियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संरक्षण के प्रयासों के प्रति निरंतर समर्पण आवश्यक है।**

*डॉल्फिन एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण के लिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है। हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पर्यावास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पर्यावास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पर्यावास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं। डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं। इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पर्यावास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जाएगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, गंगा नदी में पाई जाने वाली द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित वन्यजीव पर्यावासों का विकास योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया।**



योगेश कुमार गोयल

**एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।**

# आसमान में दिखेगा वायुवीरों का शौर्य

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है और इस खास अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करेगी। वायुसेना के स्थापना दिवस पर इस बार प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर एक घंटे तक भव्य एयर शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वायुसेना के लड़ाकू विमान आसमान में ऐसी कलाबाजियां करेंगे कि देखने वाले दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो जाएंगे। वायुसेना की परेड सुबह के समय और एयर शो दोपहर दो बजे से होगा। इस भव्य एयर शो के दौरान वायुसेना के 100 से भी ज्यादा लड़ाकू विमान आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। भारतीय वायुसेना द्वारा एयर शो के लिए फुल ड्रैस रिहर्सल मध्य वायु कमान मुख्यालय बमरौली में 6 अक्तूबर को आयोजित किया गया था, जिसमें जांबाज वायुवीरों ने अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। फुल ड्रैस रिहर्सल के दौरान 10 स्काई पैराजंपर 8000 फीट की ऊंचाई से ए-32 विमान से 150 किलोमीटर की रफ्तार से नीचे कूदे, उसके बाद ट्रेनी वायु योद्धाओं ने जिप्सी के पुर्जों को खोलकर केवल पांच मिनट में ही उसे जोड़ने का हैरतअंगेज कारनामा दिखाया। विंग कमांडर अशोक ने पैरा हैंग ग्लाइडर से 200 फीट की ऊंचाई से हैरतअंगेज प्रदर्शन किया और फिर पैरा मोटर्स से भी वायुसेना के जाबांजों ने करतब दिखाए। आसमान में वायुवीरों के इन प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा। अब 8 अक्तूबर के एयर शो में विंटेज विमान टाइगर मॉथ, हार्बट ट्रेनर, ट्रांसपोर्ट जहाज सी वन थर्टी, आईएल 78, चेतक हेलीकॉप्टर, रुद्र हेलीकॉप्टर इत्यादि के जरिये वायुवीर अपने करतब दिखाएंगे। स्वदेशी फाइटर प्लेन तेजस आसमान की ऊंचाईयों पर उड़ान भरेगा जबकि कारगिल की जंग में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाला मिराज 2000 भी हवा से बातें करेगा। एयर शो में इस बार वायुसेना के बेड़े में अपना समय पूरा कर चुके मिग-21 का आखिरी शो भी देखने को मिलेगा और इस प्रदर्शन के बाद प्रयागराज से मिग-21 की विदाई भी होगी। फ्रांस से खरीदे गए राफेल फाइटर प्लेन की ताकत भी लोगों को एयर शो में देखने को मिलेगी, साथ ही कोबरा और सू थर्टी जहाज भी एयर शो में दिखाई देंगे। एयर शो में तेजस जैसे कुल 120 विमान और हेलीकॉप्टर करतब दिखाते नजर आएंगे। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक आकाशगंगा की टीम के स्काई डाईवर्स विमानों से संगम तट पर उतरकर लोगों में रोमांच भरेंगे। भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को न केवल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है बल्कि इसी वर्ष ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग में भारतीय वायुसेना को तीसरा स्थान दिया गया है।देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थर्राते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थर्राते हैं। भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'।



**भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं।**

## एक्सप्रेस कविता

*ऐसे घर सर्वथा अब बेजान होते हैं,*
*दीवारों में जिनके अब कान होते है।*
*बेईमानी ईमान है उनका अब,*
*बेईमानो के अलग ईमान होते है।*
*सियासत में होती है चालबाजी,*
*हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।*
*पर्दा किया करो जितना हो सके,*
*रिश्तेदारों में भी हैवान होते है।*
*इबादत भी किया करो शिद्दत से,*
*खुदा भी कइयों से अनजान होते है।*
*चला करो सीधे रास्तो में हमेशा,*
*कई कई बड़े रास्ते सुनसान होते है।*
*कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,*
*बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*कमजोर व्यक्ति तब रूक जाते हैं जब वो थक जाते हैं और आगे नहीं चल पाते, लेकिन एक विजेता तभी रूकता है जब वो विजय हो जाता है।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 10:13 तक |
| नक्षत्र: | पुष्य 26:41 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | सिद्ध, 30:41 |
| सूर्योदय: | 06:20 |
| सूर्यास्त: | 17:55 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 16:28-17:55 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | कर्क |
| शुभ मुहूर्त: | 11:44-12:31 |

# जन एक्सप्रेस

### है पदक की संचुरी !

*भर रही है झोली ।*
*रच रहे इतिहास ।।*
*है पदक की सेंचुरी ।*
*बनें निरंतर ख़ास ।।*
*लाई मेहनत रंग ।*
*जिनका कर्म प्रधान ।।*
*लहराया तिरंगा है ।*
*बढ़े अनवरत शान ।।*
*क़दम बढ़ाते जाना ।*
*छूना आसमान ।।*
*फैल रही है कीर्ति ।*
*रहे ये बजता गान ।।*
*गौर्वावित पल है ।*
*जश्न है मनाना ।।*
*धूल है चटाई ।*
*लिख रहे अफसाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सिर्फ सेहत नहीं, त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है अदरक



**अधिकतर** भारतीय घरों में अदरक का इस्तेमाल करते हैं। सेहतमंद रहने के लिए लोग खाने और चाय में अदरक का उपयोग सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन आपको बता दें कि अदरक, त्वचा के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। अदरक में मौजूद गुण त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन और मुंहासों को मिटाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, अदरक में एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को बचाते हैं। अदरक त्वचा के दाग-धब्बों को कम करके खूबसूरती को बढ़ाता है। अदरक हाइपरपिग्मेंटेशन, झाइयों, झुर्रियों और फाइन लाइंस से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

**अदरक का स्क्रब:** आप अदरक से फेस स्क्रब बना सकते हैं। स्क्रबिंग करने से त्वचा पर जमा सारे डेड स्किन सेल्स आसानी से रिमूव हो जाते हैं। साथ ही, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप पिसी हुई अदरक लें। इसमें थोड़ा-सा ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल मिलाएं। अब इसे त्वचा पर लगाएं और 2-3 मिनट तक त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़ें। फिर त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें।

**अदरक का फेस मास्क:** चेहरे पर निखार लाने और चमक बढ़ाने के लिए फेस मास्क का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। कई लोग होममेड फेस मास्क का यूज करते हैं। आप अदरक से भी फेस मास्क बना सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच अदरक के रस में 2 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। आप इसमें आधा चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट पर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें और फिर त्वचा को मॉइश्चराइज कर लें।

**अदरक का टोनर:** चेहरे के पीएच लेवल को बनाए रखने के लिए टोनर का इस्तेमाल किया जाता है। आप अदरक से बने टोनर का यूज भी कर सकते हैं। इसके लिए आप अदरक का रस लें। इसमें गुलाब जल मिलाएं और फिर एक स्प्रे बोतल में डाल दें। अब अपने चेहरे पर इस टोनर को अप्लाई करें। आधे घंटे बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इससे चेहरा मुलायम और खूबसूरत बनेगी।

**अदरक मसाज ऑयल:** त्वचा की समाज करनी जरूरी होती है। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और त्वचा पर ग्लो आता है। इसके लिए आप एक बोतल में अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े डालें। अब इसमें बादाम का तेल और गुलाब की पंखुड़ियां मिला दें। एक हफ्ते तक इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा पर काफी फर्क देखने को मिलेगा।

## एक्सप्रेस विशेष

# शौर्य का पर्याय भारतीय वायुसेना



आर.के. सिन्हा

**एयरफोर्स हाउस में वायुसेना प्रमुख हर साल 8 अक्तूबर को वायु सेना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री वगैरह भाग लेते हैं। एयर हाउस में ही रहने का सौभाग्य 1971 की जंग के एक नायक एयर चीफ मार्शल पीसी लाल को भी मिला।**

**भारतीय** वायु सेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरिक जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के रूप में मनाता है। जिस दिन सन 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायु सेना के कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा के लिए वायु सेना के योगदान को हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है । भारतीय वायु सेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है। वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायु सेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तानाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न? मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान एयर वाइस मार्शल के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ का देश के पहले गणतंत्र दिवस से एक अलग और खास संबंध रहा। दरअसल उन्हीं के नेतृत्व में उस गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट हुआ था जिसे देखकर देश मंत्रमुग्ध हो गया था। देश ने पहले कभी लड़ाकू विमानों को अपने सामने कलाबाजियां खाते नहीं देखा था। लतीफ तब स्क्वाड्रन लीडर थे। वे और उनके साथ हॉक्स टैम्पेस्ट लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे। तब लड़ाकू विमानों ने वायुसेना के अंबाला स्टेशन से उड़ान भरी थी। लतीफ ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए वायु सेना का बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था।

**इस लुटियन बंगले में सन 1947 के बाद अर्जन सिंह, सुब्रतो मुखर्जी, इदरीस हसन लतीफ, पीसी लाल, एनएके ब्राउन जैसे वायुसेना के प्रमुखों का निवास स्थान रहा । अर्जन सिंह बताते थे कि वे एयरफोर्स हाउस में पहली मर्तबा जनवरी,1945 को गए थे। वे दूसरे विश्व युद्ध से लौटे थे। वे तब इस बंगले में एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस से मुलाकात करने के लिए गए थे। अर्जन सिंह इसमें 1964 से 1969 तक रहे।**

वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का स्मरण करना भी आवश्यक है। उनको फादर ऑफ द इंडियन एयर फोर्स कहा जाता है। सुब्रतो मुखर्जी के पिता सतीश चंद्र मुखर्जी आईसीएस अफसर थे। सुब्रत मुखर्जी 1932 में वायुसेना में शामिल हुए। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान भाग लिया। भारत की आजादी के बाद वे भारतीय वायुसेना के आधुनिकीरण में अहम रोल अदा किया। वे एक जाबांज पायलट थे। एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का 8 नवंबर 1960 को टोक्यो में खाना खाते समय निधन हो गया था। उनके शव को दिल्ली लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद ही उनके नाम पर आज का सुब्रतो पार्क बना। यहां पर एयरफोर्स से जुड़े विभिन्न स्कूल, दफ्तर और आवास हैं। उनके जीवनकाल में ही राजधानी में एयरफोर्स स्कूल 1955 में खुल गया था। इसका उदघाटन भी एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी ने ही किया था। इस स्कूल को खोलने का मकसद यह था ताकि एयर फोर्स से जुड़े लोगों के बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा उनके घरों के पास ही मिल जाए। इस तरह, भारतीय वायुसेना के लिए 23 अकबर रोड का भी अत्यंत खास स्थान है। भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल राजधानी के 23 अकबर रोड के बंगले में रहते हैं। देश की स्वंतत्रता से पहले ही 23 अकबर रोड को वायुसेना प्रमुख का आवास बना दिया गया था।

# पत्रकारिता के क्षेत्र में तथाकथित पत्रकार सक्रिय, सरकारी विभागों के कार्यों में बांधा उत्पन्न कर चला रहे अपना गोरख धंधा

**✻ सबसे सरल सबसे अच्छा है पत्रकारिता के क्षेत्र में घुसकर पत्रकारिता न कर पत्रकारिता के अस्तित्व से खिलवाड़ कर धन उगाही का खेल खेलना तथाकथित पत्रकारों की बन गयी है दिन चर्या**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** न डिग्री न कोई जानकारी न पत्रकारिता के बारे में कुछ पता एक दो हजार रूपए में कार्ड बनवा लो गाड़ी पर प्रेस लिखाकर बन गये पत्रकार खबर से मतलब नहीं फरियादियों से मतलब नहीं है। कहां अवैध कटान हो रहा कौन ठेकेदार हैं कौन फारेस्टर है।कैसे रूपए लिए जाएं कुल मिलाकर परमिट प्रतिबंध वृक्ष आदि मानकों की कोई जरूरत नहीं आढ़त पर जाओ रूपए लाओ यही परमिट यही सब कुछ वन विभाग जाए भाड़ में ठेकेदार भी होशियार हो गये दस का परमिट बीस पेड़ काटो सब मानक पूरे सरकारी विभागों पर ध्यान न देकर पत्रकारों को बख्शीश पहुंचा दो काम में कोई रोड़ा नहीं है। क्या यही ठेकेदार कर रहे हैं यही आढ़तियां कर रहे हैं फॉरेस्ट विभाग जानता है कुल मिलाकर सरकारी विभाग से बड़ा तथाकथित पत्रकारों का गैंग है।वहीं गैंग अपने हिसाब से सब चला रहा है।पूरे के पूरे गिरोह के रूप में तथाकथित पत्रकार सक्रिय हैं स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे हैं कौन नर्सिंग होम अवैध है उनमें कितने झोलाछाप डॉक्टर है मानक पूरे नहीं है इस तरह की अपडेट खबर जब चलती है जब सेटिंग नहीं हो बिना सेटिंग के सीज कराने की जिद्द और सेटिंग हो गई कोई खबर नहीं कोई अपडेट नहीं हर माह खर्चा पानी मिल रहा खबर ऐसी कि उक्त नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा कोई इन तथाकथित पत्रकारों से यह पूछने वाला नहीं कि आप जिस पर खबर चला रहे उसका रजिस्ट्रेशन है कि नहीं आपका सूचना विभाग में नाम दर्ज है कि नहीं आपका ब्लाग पोर्टल यूट्यूब चैनल रजिस्टर्ड है नहीं खुद ग़लत दूसरे को ग़लत साबित कर दाम न मिलने पर खबर चलाकर सोशल मीडिया में धमाल मचा कर सीज करा दिया और फिर खबर का असर नर्सिंग होम सीज हुआ खुद अपना रूतबा गांठना फला नर्सिंग होम वाला डर गया अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना तथाकथित पत्रकारों की सबसे बड़ी पहचान है क्या आपका रजिस्ट्रेशन है आप मानकों के हिसाब से पत्रकारिता कर रहे कोई जबाब नहीं आपका काम नर्सिंग होमो पर चक्कर लगाना रूपए मांगना न मिलने पर खबर चलाना जनता भी जागरूक हो गई है।समझ जाती है खबर चल गई लगता सेटिंग नहीं हुई ग्रुपों में भी उल्टी सीधी कमेंट बाजी आए दिन चलती है बहसबाजी क्योंकि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है यह सभी जानते हैं अनेकों नर्सिंग होम अवैध रूप से चल रहे कुछ पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान कुछ पर तथाकथित पत्रकारों की छत्रछाया सबसे बड़ी सोचने वाली बात यह है की जब सेटिंग नहीं होती खबर निकलती और स्वास्थ्य विभाग की टीम नर्सिंग होम सीज करती अगर सच्चाई पर चला जाए सारे अवैध नर्सिंग होम की खबरें चलें और स्वास्थ्य विभाग तब तक चेकिंग अभियान चलाता रहे जब तक सभी नर्सिंग होम सीज न हो जाए लेकिन हिसाब दूसरा है।सेटिंग नर्सिंग होम की खबर नहीं चलेगी स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी वाले नर्सिंग होम नहीं चलेंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं इस हवाम में सब नंगे हैं।और अपना उल्लू सीधा कर रहे सरकारी विभागों का काम सरकारी नुमाइंदे नहीं देख रहे बल्कि तथा कथित पत्रकार देख रहे और ज्यादातर सरकारी विभागों के कर्मचारी तथाकथित पत्रकारों की हां हुजूरी तथा कथित पत्रकारों की हर मांग को पूरी करना विभाग पर जाने पर खर्चा पानी दे कर तथाकथित पत्रकारों के हौसले को बढ़ा रहे हैं।सरकारी नुमाइंदे जो स्वच्छ पत्रकारिता के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं मानक न हो अगर आपने तथाकथित पत्रकारों को मैनेज कर लिया कोई डर नहीं यह धारणा बन गई है सरकारी विभागों में आप अवैध कटान को मैनेज करले कटान होने दें पर्यावरण की कोई चिंता नहीं अवैध नर्सिंग होम आपके संरक्षण में चले लोगों की जान जाए तो जाए पुलिस विभाग में भी तथा कथित पत्रकारों का गैंग सक्रिय हैं जो सिर्फ पुलिस की चाटुकारिता कर पक्ष में खबर लगा चौकी थानों में दलाली करता है जो पत्रकार के लिए ठीक नहीं पत्रकारिता के लिए ठीक नहीं समाज के लिए ठीक नहीं ऐसे तथाकथित पत्रकारों को समाज बहुत गंदी नजर से देखता सिर्फ अवैध वसूली पर निकल जाना लोगो में भय पैदा करना खबर से मतलब नहीं पत्रकारिता क्या है कोई मतलब नहीं मतलब सिर्फ जेब में दाम आए और स्वच्छ पत्रकारों की छवि धूमिल करें।

## 33केवी की लाइनों को छूने वाले पेड़ों की टहनियों को काटने का कार्य शुरू

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



कोहरे के दौरान बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो इसके लिए बिजली विभाग की तरफ से 33केवी की लाइनों को छूने वाली पेड़ों की टहनियों को काटने का कार्य शुरू कर दिया है। सिंगाही निघासन रोड से गुजर रही हाई वॉल्टेज लाइन के नीचे उगे पेड़ों की लंबाई जब अधिक हो जाती है यह तारों को छूने लगते हैं। जिससे लाइन में फाल्ट आकर लाइनें बाधित हो जाती है। सर्दी के मौसम में धुंध गिरने के कारण पेड़ों की टहनियां नमी पाकर भीग जाती हैं व बिजली की तारों को छूने की वजह से इनके स्पार्किंग शुरू हो जाती है। जिससे लाइनें ब्रेक डाउन हो जाती है। बिजली विभाग ने सर्दी के मौसम को देखते हुए व लाइन ब्रेक डाउन आदि समस्या से बचने के लिए इन पेड़ों की छटाई शुरू कर दी है। जब घना कोहरा होता है तो पेड़ों की टहनियों पर पानी जमा हो जाता है। जब लाइनों में फाल्ट आ जाता है उसे तलाशने में काफी समय लग जाता है। कई बार तो लाइनें ब्रेक डाउन होने की वजह से फाल्ट न मिले के कारण कई-कई घंटे बिजली प्रभावित रहती हैं। एसडीओ एस के रावत ने बताया कि कोहरे के दौरान बिजली की लाइनों के ब्रेक डाउन होने की समस्या से बचने के लिए हर साल पेड़ों की टहनियों को काटा जाता है। अगर बीच में भी आवश्यकता पड़ती है तो टहनियों को काटा जाता है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

## जमीयत उलेमा ए हिंद के बैनर तले आयोजित की गई बैठक

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा हिंद के बैनर तले जमीयत उलेमा जिला लखीमपुर के यूनिट के कस्बा मोहम्मदी के मन्नत मैरिज लॉन में जिमेदारलोगो ने मदारीसे इस्लामिया वी तबलीगी जमात और हरकी ने जमीयत पर मुस्तमील एक अहम इजलास जैर सदारत हजरत मौलाना इस्लाम उल हक असजद सदर जमीयत उलेमा बस्ती जोन उत्तर प्रदेश मुनाकित किया गया जिसमें मेहमान खुसूसी हजरत मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान साहब मंसूरपुरी सदर दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश और दिल्ली मरकज से हजरत मौलाना मोहम्मद शोएब साहब कासमी ऑर्गेनाइजर दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा हिंद और जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश के नायब सदर प्रोफेसर सैयद नौमान साहब ने बात की उसके बाद मौलाना शोएब साहब ने प्रोजेक्टर के जरिए अपना प्रोग्राम पेश किया उसके बाद जिले की तमाम तहसीलों के जिम्मेदारान तशरीफ़ लाए जिम्मेदारान ने अपने अपने इलाकों में दीनी मकातिब के कायम करने के वादे और इरादे किया तकरीबन 150 मकातिब के कायम करने का इरादा किया गया और मदरसा वालों ने 11 लोगो जिले की निगरानी का वादा किया उसके बाद जिला जमीयत के जनरल सेक्रेटरी ने मुक्तसर रिपोर्ट पेश की उसके बाद मौलाना इस्लाम उल हक असजद साहब ने मुक्तसर तौर पर मकतब के कायम करने पर तवज्जो दिलाई आखिर में मेहमान खास का बयान हुआ निजामत मौलाना सलीम साहब मुफ्ती अब्दुल हक साहब और मौलाना उबेद अख्तर , मौलाना तारीक, मौलाना अखलद,मौलाना अंजर ,पप्पू हाफिज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## सड़क पर खड़ी ट्रॉली में घुसी बाइक, युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र में बांकेगंज-गोला रोड पर खुशहालपुर गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रॉली में बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

शुक्रवार की रात करीब 10 बजे बांकेगंज गोला रोड पर कुकरा गांव निवासी राजेंद्र उर्फ लंबू का 28 वर्षीय पुत्र सोनू उर्फ सुरेंद्र अपने साथी रोहित के साथ बाइक पर सवार होकर गोला से कुकरा आ रहा था। इस बीच बांकेगंज-गोला रोड पर खुशहालपुर गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रॉली में उनकी बाइक जा घुसी। ट्रॉली से टकराने से बाइक चला रहे सोनू की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। खुशहालपुर गांव के लोगों ने हादसे की सूचना बांकेगंज चौकी पुलिस के साथ ही एंबुलेंस को दी। पुलिस एंबुलेंस से दोनों युवकों को गोला सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। रोहित की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोनू बरेली में मेहनत मजदूरी करता था। छुट्टी लेकर अपने गांव कुकरा आया था।उसकी मौत से उसके नेत्रहीन पिता,पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शनिवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा,सीडीओ अनिल कुमार सिंह,सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 26, पुलिस 16, विकास 07, नगर निकाय, कृषि 06-06, पूर्ति निरीक्षक व विद्युत 07-07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह,बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


### पीएचसी सुहेला परिसर से काटे गए चार शीशम के पेड़

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। विकास खण्ड गोला कुंभी क्षेत्र के ग्राम सुहेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़े बेश कीमती चार शीशम के पेड़ रातों-रात काट लिए गए। गनीमत रही कि फार्मासिस्ट को भनक लग गई तो उसने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। जिसमें सांठ गांठ के चलते रेंजर ने खेल कर दिया। ट्रॉली पर लदी लकड़ी को अस्पताल के ही वार्डबॉय के सुपुर्द दिखा कर ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया और लकड़ी काटने वाले लोगों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार की रात हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुहेला में शुक्रवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी बेश कीमती शीशम के चार पेड़ चोरी से काट डाले गए और लकड़ी ट्रॉली पर लोड कर ली गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 2 बोरे पटाखे के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। सदरपुर के मिलिक गांव में बीती रात ग्रामीणों को बाइक पर दो बोरी गोला-पटाखा लादकर जाता एक युवक दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बाइक सवार युवक को रोंक लिया और बोरियों में गोला-पटाखा भरा होने की पुष्टि होने पर मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक व दोनों विस्फोटक भारी सामग्री की बोरियों को कब्जे में लेते हुए युवक को हिरासत में ले थाने के आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के मिलिक गांव से बीती रात एक युवक दो बोरियों में भरे गोला-पटाखा बाइक पर बांधकर गुजर रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने युवक की बाइक रोंक ली और बोरियों के अंदर देखा तो उसमें गोला-पटाखा भरे थे। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पूंछतांछ में युवक ने अपना नाम मो.आरिफ पुत्र अजीज कस्बा सदरपुर बताया। पुलिस ने युवक को विस्फोटक अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सदरपुर अजय रावत ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। सुसंगत धाराओं में केस दर्जकर बाइक व बोरियों को कब्जे में लेकर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



### कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ जिले में जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष साहनी शनिवार को सीतापुर पहुंचे। इस दौरान शहर की सीमा खैराबाद चुंगी पर भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। फूल मालाएं पहनाकर जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ से अपने गृह जनपद लखीमपुर जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर में उनका स्वागत किया गया। इस पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों के उत्थान पर ध्यान दे रही है। किसानों की आय दोगुनी करने पर जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि सहकारिता क्षेत्र में तमाम योजनाएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयास मील के पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा भाजयुमों जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने फूल माला पहनाकर प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष साहनी का स्वागत किया। इस मौके पर अंशु मिश्रा, उत्तम पांडेय, अविरल अवस्थी, अंबुज पांडे, उमेश गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा, अंकुर तिवारी, दिवाकर शुक्ला, देश त्रिपाठी, राज बघेल, दया मिश्रा, सुभाष यादव, अभिषेक मिश्रा प्रणीत सिंह, अखिलेश शर्मा, डिपिल अरोड़ा, सोनू सिंह, दीपक शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, राजा श्रीवास्तव कौशल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### कृषक समाज इंटर कॉलेज में आईजीडी बॉम्बे की परीक्षा संपन्न

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा के दिशा निर्देश में आई.जी.डी. बॉम्बे महाराष्ट्र सरकार इंटर ग्रेड कला परीक्षा 2023 जिसका प्रथम पाली का समय 10:30 से 01:30 तक का तीसरा पेपर डिजाइन की परीक्षा विभिन्न अभ्यर्थियों ने दी एवं द्वितीय पाली का चतुर्थ पेपर ज्योमेट्री ड्राइंग समय 02:30 से 05:30 तक संपन्न हुआ। प्रथम पाली परीक्षा में 129 अभ्यार्थियों में से अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या कुल 11 रही परीक्षा में कक्ष निरीक्षक अंबरीश कुमार वर्मा, अंकित शर्मा, मनीष राज सिंह, कु0 यूपिका गुप्ता, एवं लिपिक संजय कुमार राज ने परीक्षा संचालित की गई।





## कस्बे में सट्टेबाजी बंद करने के लिए की शिकायत हुआ असर

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा को एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ जिसमे मोहल्ले सरैया वालों ने मोहल्ले में हो रहे सट्टे का विरोध किया अर्थात सट्टा बंद करने के लिए शिकायती पत्र दिया जिसमें उन्होंने दर्शाया की सट्टा चलने से नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है जिससे मोहल्ले वालों में काफी रोष है जिस पर क्षेत्राधिकारी ने तत्काल निस्तारण हेतु कस्बा चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह को सूचित किया कि नगर में मोहल्ला सरैया में अनिल नमक व्यक्ति सट्टे में संलिप्त हैं चौकी प्रभारी ने मय हमराहियों के साथ तत्काल प्रभाव से अनिल को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर धारा 13 जी में कार्यवाही की गई।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुई जांचे दी दवाइयां, व्हीलचेयर व नगद सहायता दी

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी



लखीमपुर रोड बाईपास पर स्थित,सनसाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक डा० कौशल वर्मा ने सामाजिक सेवा का दायरा बढ़ाते हुए निघासन के जे पी पैलेस में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। शुभारंभ नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आनन्द चतुर्वेदी, सभासद मुन्ना खान ,सुखविंदर सिंह बाबू व डॉ कौशल ने फीता काट कर किया है। डाक्टर ने मानव सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म बताया है।कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करता हूं। शिविर में 750 मरीजों के पंजीकरण कर स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवाइयां दी गई। जिसमें डायबिटीज की जांच बीएम डी आर व फिजियोथैरेपी से इलाज किया गया। ज्यादातर मरीज मस्कुलर पेन के हैं।संस्था ने दी मदद दुर्गापुरवा निघासन के मनोज अर्कवंशी दो साल से मोटर न्यूरॉन डिजीज नामक बीमारी से पीड़ित हैं पैरों से चलने में असमर्थता है। जिसको हॉस्पिटल परिवार द्वारा व्हीलचेयर व 11000 की आर्थिक मदद दी गई है। पीड़ित परिवार का समस्त इलाज नि.शुल्क किया जाएगा पूर्व में गोला के रिंकू वर्मा हत्याकांड के परिवारजनों की मदद कर चुके हैं।अभिषेक वर्मा ,एड.आनन्द अर्कवंशी अनुज वर्मा , दिनेश, नाजिम खान ,लाल मोहम्मद ,लालू संतोष, राजकुमार,हरीश पांडे ,विनय आदि मौजूद रहे।

## हज़रत मोहम्मद साहब ने सदैव शांति एवं अहिंसा का रास्ता चुनकर जीवन बिताने की बात कही

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



हजरत मोहम्मद साहब ने सदैव शांत एवं अहिंसा का रास्ता चुनकर जीवन बिताने की बात कही। इस्लाम धर्म गलत कार्य करने को बढ़ावा नहीं देता। सभी को शांति के पथ पर चलकर आगे बढ़ाना होगा तभी इस्लाम धर्म भी आगे बढ़ेगा।

उक्त बातें राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान के निधन के पश्चात उनके महमूदाबाद के किले में स्थित इमामबाड़ा बारादरी में आयोजित मजलिस-ए-सोयम को खिताब करते हुए शिया चांद कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म हमेशा बुराइयों का रास्ता छोड़कर अच्छाइयों के रास्ते पर चलने की सलाह देता है। मजलिस-ए-सोयम (शोकसभा) के दौरान मौलाना ने राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान के द्वारा समाज के लिए किए गए शैक्षिक, धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौलाना सहित मजलिस में शामिल सभी लोगों ने दिवंगत राजा महमूदाबाद को परवरदिगार जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए की दुआ की। मजलिस की शुरुआत कुरआन ख्वानी से हुई। मजलिस के अंत में फतिया के बाद गरीबों के साथ हजारों लोगों को भोज कराया गया। किले में आयोजित राजा महमूदाबाद के तीजा कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहे डॉ. अम्मार रिजवी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, जैदपुर बाराबंकी से विधायक गौरव रावत, पूनम मिश्रा, पूर्व आईएएस अनीस अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर व फोन के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी। मजलिस के दौरान राजा महमूदाबाद की पत्नी विजया खान, उनके बड़े बेटे प्रोफेसर अली मियां, छोटे बेटे अमीर हसन खान, चचेरे भाई कुम्मी मियां, भांजे सलीम मियां, अनवार हुसैन सहित बहन, भांजी व परिवार के अन्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर जिला अधिकारी राम भरत तिवारी(वि0रा0), प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिपाल सिंह,, उपजिलाधिकारी ज्ञानेद्र द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 69 शिकायतों में से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 93 प्रार्थना पत्रों में से 09, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 40 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील महोली में प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील बिसवां में प्राप्त 86 प्रार्थना-पत्रों में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## आठ वर्ष बाद पिता सहित दो पुत्रों को हुआ सात-सात वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय में करीब 8 वर्ष ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान पिता सहित दो पुत्रों को 7-7 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और 66-66 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कालपी कोतवाली के ग्राम गुलौली निवासी उवैद खां के पिता नन्हे खां और भाई जुनैद को 16 जुलाई 2015 को गांव के ही गुलाब खां और उसके दोनों पुत्र जुनैद खां व जुस्फिकार खां ने कुल्हाड़ी से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिस पर कालपी पुलिस ने वर्ष 2015 में तीनों पिता पुत्रों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। दोनों पक्षों के मध्य खेत में झकरा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। घटना के बाद दोनों घायलों को झांसी और ग्वालियर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया था। यह मामला करीब आठ वर्षों से जिला जज लल्लू सिंह की अदालत में विचाराधीन था। शनिवार को जिला जज ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध होने के बाद पिता पुत्रों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं बल्कि तीनों दोषियों पर 66-66 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## अग्निशमन उपकरणों का दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में लीडिंग फायरमैन सरदार खान, फायरमैन सरफराज के द्वारा जिला उप कारागार में नवनियुक्त जेल वार्डर्स को अग्निशमन उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत आग लगने के कारण, आग के प्रकार, आग बुझाने के विभिन्न तरीके, अग्निशमन यंत्रों का परिचय तथा अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का तरीका व अग्नि से बचाव के तरीके आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कालपी के तहसील सभागार में जनसुनवाई को गम्भीरता से सुनते हुए शिकायतकर्ताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस कालपी में 75 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने व क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को राहत पहुँचाने हेतु कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों की शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का स्वयं रेंडम जांच करें शिकायतकर्ता संतुष्ट होने पर ही शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने शासन की मंशानुसार जनपद में जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये संवेदनशील होकर पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने के लिये अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, उप जिलाधिकारी कालपी केके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कालपी डॉ. देवेन्द्र सिंह, तहसीलदार शेर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एसओजी सर्विलांस व पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद दबोचे सात शातिर बदमाश

* चोरी के माल का बटवारा करते समय डाली गई दबिश, जवाबी फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल
* सोने चांदी के आभूषणों के अलावा लाखों की नगदी की गई बरामद, सीओ ने किया मामले का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद**



ह्य एक बार फिर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान सात शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान दोनों तरफा से हुई जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लाखों रुपए की नगदी के अलावा सोने चांदी के आभूषण बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में एसओजी सर्विलांस सेल व थाना पुलिस संयुक्त रूप से क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा थाना क्षेत्र के बीहड़ में शातिर चोरों द्वारा चोरी की योजना बनाने व चोरी किए गए माल का बंटवारा करने की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और जंगल की घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर तावड़ तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

इस दौरान पुलिस व बदमाशों में हुई कई राउंड फायरिंग के बाद पुलिस ने मुजाम उर्फ निजाम निवासी ग्राम अजनारी कोतवाली उरई, शमशाद निवासी ग्राम मटिया मऊ थाना अकबरपुर कानुर देहात, फरमान खान निवासी ग्राम रालेबजाह थाना कोखराज जनपद कौशांबी, जितेंद्र राजपूत उर्फ बौरा निवासी महावीरपुरा उरई, विकास यादव निवासी ग्राम जैसारी खुर्द थाना डकोर, चांद बाबू निवासी ग्राम मटिया मऊ थाना अकबरपुर कानपुर देहात व तस्लीम निवासी ग्राम अजनारी उरई को दबोच लिया। जिसमें शातिर बदमाश मुजाम उर्फ निजाम के पैर में गोली लगने से घायल हुआ। बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए सीओ ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दौरान पकड़े गए चोरों के पास से 1 लाख 88 हजार की नगदी, सोने चांदी के कीमती आभूषणों के अलावा अवैध असलहा भी बरामद किए गए। बताया कि पुलिस द्वारा बचाव में की गई फायरिंग में गोली लगने से घायल हुए बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने भभुआ मजार के पास ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। जिस से मौके पर काम कर रहे मजदूर में एक की मौत हो गई। जबकि दो मजदूरों का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला औरेया के अछल्दा थाना क्षेत्र के बेलीपुर निवासी इशनेश कुमार उर्फ गुड्डू 43 वर्ष एक गरीब मजदूर था। बताया गया है कि वह आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर दोनों तरफ बन रहे ट्री गार्ड में मजदूरी का काम कर रहा था। शुक्रवार की देर शाम हाईवे पर ट्रक ने भभुआ मजार के पास काम में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे इशनेश उर्फ गुड्डू, चन्द्रशेखर, रामकुमार खून से लथपथ हो गए थे। सूचना पर पहुंची आटा पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए एनएचए आई की एम्बुलेंस से मेडिकल में भर्ती कराया था। जहां पर मजदूर इशनेश की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारी सुरक्षा के बीच गांव पहुंचा देवेश

**जन एक्सप्रेस/रूद्रपुर देवरिया।** देवेश के गांव जाने की इच्छा व्यक्त करने के बाद शनिवार को भारी सुरक्षा के बीच पुलिस दोपहर 12 बजे उसे गांव फतेहपुर लेकर पहुची। देवेश ने रोते हए कहा कि जब तक दोषियों को फांसी नहीं होती है तब तक उसे शांति नहीं मिलेगी। देवेश करीब 40 मिनट तक रहने के बाद एक बक्सा अपने साथ लेकर देवरिया रवाना हो गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मिश्र की देखरेख में भारी सुरक्षा के बीच पुलिस दिन में 12 बजे फतेहपुर पहुंची। अपने घर की हालत देख देवेश काफी देर तक बिलख-बिलख कर रोता रहा। उसने घूमकर अपने टूटे हुए घर का हाल देखा। इस बीच उसने घर मे पड़े एक बक्से को साथ ले जाने की बात कही। इसके बाद बक्से को निकाल कर पुलिस ने गाड़ी में रखवा दिया। घर से निकलते समय देवेश ने कहा कि प्रेमचंद यादव की पूरी सम्पत्तियों की जांच होनी चाहिए। उसने विश्वास जताया कि योगी जी उसे जरूर न्याय दिलाएंगे।

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पत्रकारों का उत्पीड़न हो बंद: रामजी गिरि



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** आज पूरे देश में भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों को अपने चैनल व अखबार के माध्यम से उठाने वाले न्यूज़ बेबसाइट न्यूज़ क्लिक के खिलाफ व अन्य पत्रकार साथियों के गिरफ्तारी व उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित पत्रक नायब तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान रामजी गिरि ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पत्रकार साथियों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। जिससे कि मीडिया स्वतंत्र रूप से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सके। अगर लोकतंत्र के चौथा स्तंभ ही स्वतंत्र रूप से कार्य नही करेगा तो विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा सरकार अपने विरोधियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर परेशान कर रही है। यह किसी भी तरह से उचित नहीं है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। ज्ञापन देने वालों में आनंद देव गिरि, वरुण राय, नीलेश त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### जिले को मिले 22 नए डॉक्टर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की भारी कमी है। इसको देखते हुए प्रदेश सरकार ने वाक इन इंटरव्यू से भरने का निर्णय लिया है। इसके तहत विभाग ने जिले को 22 डॉक्टर दिए हैं। इसकी सूची मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को भेजी है। यह चिकित्सक संविदा के तहत तैनात किए जा रहे हैं। इनमें से आठ चिकित्सकों ने नौकरी ज्वाइन कर लिया है। इसमें से डॉ. रेनू मिश्रा स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं। इनको गौरीबाजार सीएचसी पर तैनात किया गया है। वहीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति को तरकुलवा सीएचसी पर तैनाती मिली है। एक बाल रोग विशेषज्ञ को सलेमपुर में तैनाती मिली है। यह चिकित्सक अपनी विशेषज्ञता के अलावा सामान्य रोगियों की भी चिकित्सा करेंगी। अन्य चिकित्सक दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात किए गए हैं। इसमें सीएचसी लार में डॉ. शिप्रा सिंह, पीएचसी मटियरा जगदीश में डॉ. मयंक वर्मा को तैनात किया गया है। रुद्रपुर में डॉ. राजेश कुमार और रामपुर कारखाना में डॉ. विवेक चौबे को तैनात किया गया है।

### भाजपा नेता शशांक मणि ने पीड़ित परिवार को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** रूद्रपुर में दुबे परिवार की हत्या के बाद प्रदेश के कई नेता फतेहपुर पहुंच रहे हैं। शनिवार को भाजपा नेता शशांक मणि ने फतेहपुर गांव में दुबे परिवार के घर पहुंचकर देवेश दुबे से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया। मीडिया से चर्चा करते हुए शशांक मणि ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में फतेहपुर



जैसी घटना के लिए कोई भी स्थान नही है और इसकी जितनी कठोर निंदा की जाए कम है। छोटे-छोटे बच्चो को जिस प्रकार से मारा गया है वो दिल दहला देने वाला है। जिस प्रकार से भू माफियाओं ने औने-पौने दाम पर बहला फुसला कर दुबे जी की जमीन को हड़प लिया और कुछ लोगों ने इस गंदे कृत्य में उनका साथ दिया, उनपर कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग करता हूं। हमारे मुख्य मंत्री माननीय योगी जी इस घटना पर पल-पल की नजर बनाए हुए है, जो लोग भी इस घटना में शामिल है उन पर कठोर करवाई की जाएगी। मैं जल्द मुख्यमंत्री जी से मिलकर पीड़ित परिवार की बात उन तक पहुचाऊंगा और जल्द से जल्द कातिलो को सजा दिलाने की बात को रखूंगा। तत्काल मदद के लिए मैं अपने स्तर से 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की और उनकी बहन अगर नौकरी करना चाहे तो उनको नौकरी दिलाने की जिम्मेदारी उठता हूं। बच्चों की शिक्षा के लिए भी यथासंभव मदद करेंगे। अभी समय है की हम इस परिवार के साथ खड़े रहे और समाज में सही संदेश दे। उनकी न्याय की इस लड़ाई में यहां से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक में उनके साथ कदम से कदम मिला कर खड़ा हूं।

### भू-माफिया के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही, कुल 3.5 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क




**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** शनिवार को जनपद देवरिया के भू माफिया अभियुक्त रामकृपाल यादव उर्फ ढोढा पुत्र स्व0 रामवृक्ष यादव निवासी विशुनपुरा थाना सुरौली जनपद देवरिया के विरूद्ध गिरोह बन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट देवरिया द्वारा वाद संख्या 1569 /2023 में आदेशोपरांत पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा बड़ी कार्यवाही की गयी। इस अधिनियम के अन्तर्गत उक्त अभियुक्त की कुल लगभग 3.73 करोड़ रूपये की संपत्ति कुर्क कर ली गयी है तथा भूमि सहित बने होटल रौनक रेस्टुरेंट एंड बैंक्वेट का कस्टोडियन तहसीलदार रुद्रपुर के अधीन सुपुर्द किया गया। इस संपत्ति को कब्जा करते समय डुग्गी पिटवा कर उद्घघोषणा करा कर सार्वजनिक रूप से जनता को इस कार्यवाही से अवगत कराया गया। इस भूमाफिया अभियुक्त के विरूद्ध देवरिया एवं गोरखपुर में भूमी अधिग्रहण जैसे गम्भीर अपराध के कुल 05 अभियोग पंजीकृत है।

### शिकायतकर्ता ने इंडियन बैंक स्टाफ पर लगाये रिश्वत मांगने के गम्भीर आरोप

**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** मामला कस्बे के इंडियन बैंक चरखारी शाखा का है जहाँ पर शिकायत कर्ता ने बैंक कर्मचारियों पर ड्राफ्ट कैंसिल कराने के बदले सुविधा शुल्क माँगने का आरोप लगाया है। गौरतलब हो कि मुहल्ला नयापुरा कस्बा चरखारी निवासी आमिर ने जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस पर दिये लिखित शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि इंडियन बैंक शाखा चरखारी में ड्राफ्ट कैंसिल कराने हेतु ड्राफ्ट 15 दिन पूर्व बैंक को दिया गया था परन्तु अभी तक ड्राफ्ट कैंसिल नहीं किया है प्रार्थी से ड्राफ्ट कैंसिल कराने के लिए बैंक कर्मियों ने 2000 रुपये की मांग की है।

# कोल्ड स्टोर के ताले चटकाकर 275 बोरी हरी मटर का बीज ट्रक पर लाद ले गए चोर

* सीसीटीवी की आधार पर की जा रही चोरों की तलाश, जल्द हो सकता मामले का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । कोंच**




नगर क्षेत्र में बीते दिन देर रात घूमी चोरों की बारात ने कोल्ड स्टोर के ताले चटका दिए। जहां से चोर हरी मटर बीज की करीब 275 बोरिया ट्रक में लाद कर रफूचक्कर हो गए। स्वामी द्वारा दी गई सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

नगर क्षेत्र में स्थित खेड़ा पुलिस चौकी के समीप कोल्ड स्टोर बना हुआ है। बताया गया कि चोरों ने बीते दिन शुक्रवार की देर रात पुलिस चौकी को नजर अंदाज करते हुए माशा अल्लाह कोल्ड स्टोर के ताले चटका दिए। जहां से चोर कोल्ड स्टोर में रखी किसानों की हरी मटर बीज की बोरियां लाद कर निकल गए। रोज की तरह शनिवार की सुबह पहुंचे मजदूर ने स्टोर में अंदर रखी बोरियां नदारत देख उन्होंने मामले की जानकारी कोल्ड स्टोर स्वामी को दी। वहीं घटना की खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कोल्ड स्टोर स्वामी यासीन ने बताया कि उसके स्टोर में राखी करीब 275 मटर बीज की बोरियां चोर चोरी कर ले गए। बताया गया है कि चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की खबर मिलते ही वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के जरिए चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द ही पुलिस के हाथ चोरों के गिरेबान तक पहुंचेंगे और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने इंडस्ट्री एरिया का किया औचक निरीक्षण, गंदगी देखकर भड़के

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने इंडस्ट्री एरिया कालपी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उद्यानियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उद्यमी विनीत गुप्ता की फैक्ट्री में पहुंचकर हैंडमेड पेपर कैसे बनता है, कितने प्रकार की क्वालिटी तथा रॉ मटेरियल कहा-कहा से आता है इन सब बातों का बारीकी से अध्ययन किया।

इंडस्ट्रियल एरिया में सफाई न होने के कारण तत्काल नगर पालिका परिषद कालपी के जिम्मेदार अधिकारी को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने मांग पत्र देते हुए विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने हेतु अलग से लाइन खिंचवाने की मांग की। जिसे जिलाधिकारी ने तत्काल नई लाइन बनने के आदेश अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित हाथ कागज उद्यमियों से कहा कि आप लोगों की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु प्रशासन तैयार हैं, आप लोग ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करें और सरकार की जीडीपी बढ़ाने में सहयोग करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी के.के सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी के अलावा उद्यमी कुलदीप नारायण शुक्ला, विवेक पुरवार, लाला चिरौंजी लाल, संजय गुप्ता, टिंकू शर्मा आदि ने जिलाधिकारी का स्वागत किया इस अवसर पर विनीत गुप्ता ने हैंडमेड पेपर की बनी डायरी तथा कैरी बैग भेंट करके जिलाधिकारी का स्वागत किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के समक्ष फरियादियों ने शिकायतों का सौपा पुलिंदा

* आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में न बरते लापरवाही

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।

इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में मंडलायुक्त चित्रकूट धाम बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में 61 में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त नें उपस्तिथ सभी अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये, जिससे किसी भी फरियादी इधर उधर ना भटकना पड़े।

तहसील चरखारी में शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआर एस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# विवादों का कागजी नही धरातल में करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**

चरखारी तहसील सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस पर 31 शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिसमें मौके एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। डीएम मृदुल चौधरी ने कहा कि भूमि विवाद पर त्वरित कार्रवाई कर निस्तारण करें व विवादों का कागजी के साथ-साथ धरातल में निस्तारण करवायें। समाधान दिवस पर गौरहारी निवासी मीरा देवी ने अपने हिस्से से कब्जा हटाने, ग्राम कमलखेडा निवासी सुनीता ने कहा कि खरीफ की बुवाई की थी फसल बर्बाद हो गयी मुआवजा हेतु जांच कराने की मांग की हैं। छोटारमना निवासी दीपक कुमार ने रायपुर मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर अबैध कब्जा हटाने की मांग की। खरेला निवासी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि नगर पंचायत में अवैध रूप से नियुक्त कराकर एक कर्मचारी सरकार को राजस्व छति पहुंचा रहा जांच की मांग की है। ग्राम सूपा निवासी शंकर ने बताया कि वह सौ फीसदी दिव्यांग है घर पर कमाने वाला कोई नहीं है पिता का साया पहले ही उसके सर से उठ चुका है घर में केवल बुजुर्ग माँ है जो मजदूरी कर किसी तरह भरण पोषण करती है शंकर का पूरा मकान कच्चा है। शंकर का नाम प्रधानमंत्री आवास लिस्ट में है रुपयों की माँग पूरी न कर पाने के कारण उसका आवास रुपयों की साँठ गाँठ करके दूसरे व्यक्ति को दे दिया गया है जबकि उनके पास पहले से ही पक्के मकान हैं मुझे प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाये। वही बुंदेलखंड किसान यूनियन के रामकिशन शर्मा व योगेश पाठक व अन्य सदस्य ने ज्ञापन सौपकर खाद की हो रही किल्लत की बजह खाद की कालाबाजारी होंना बताया और जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस मौके पर सीडीओ चित्रसेन, सीएमओ डॉ आशाराम, डीआईओएस गिरधारी लाल कोली, एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार, सीओ उमेश चंद्र, तहसीलदार रामानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जनता की फरियाद, निस्तारण के दिए निर्देश

* जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की डीएम ने की अध्यक्षता, डीएम ने शिकायतों का पारदर्शितापूर्वक, जांचकर समयबद्ध तरीके से निस्तारण के दिए निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तुलसीपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ वहीं उतरौला तहसील में एडीएम ने और सदर तहसील में एसडीएम ने शिकायतों को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान दिवस के दौरान डीएम ने गत संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने भूमि विवाद के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के कई प्रार्थना पत्रों पर लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को तलब कर जानकारी ली। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित किया कि मौके पर स्वयं निरीक्षण कर भूमि विवाद का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आवेदक के समस्याओं का निस्तारण करते हुये सम्बन्धित आवेदक को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के सन्दर्भ का शासन स्तर एवं जिला स्तर पर निगरानी की जा रही है, इसलिये सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने पोर्टल पर प्राप्त हुये सन्दर्भों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। इस दौरान कुल 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थलीय सत्यापन करते हुए ससमय पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएफओ एम0 सेम्मारन, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय कुमार सिंह, सीओ राघवेन्द्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, सीएमओ डा0 मुकेश कुमार, पी0डी0 चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, जिला विद्यालय निरीक्षक गोवन्दिराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व जनपद स्तरीय एवं अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पुलिस संबंधित प्रकरणों के निस्तारण लिए एसपी ने दिए सख्त निर्देश

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा पुलिस से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों का जांचपरक कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### उतरौला में एडीएम ने सुनी शिकायतें

तहसील उतरौला में संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी। संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सदर तहसील में समाधान दिवस की एसडीएम ने की अध्यक्षता

तहसील बलरामपुर संपूर्ण समाधान उप जिलाधिकारी सदर राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान आये हुये फरियादियों की शिकायतें गम्भीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ सिटी बृजनन्दन, सीओ देहात राधारमण सिंह, नायब तहसीलदार डा0 अनुपम शुक्ला, श्रीमती ऐश्वर्य लक्ष्मी, श्रीमती शालू जायसवाल व अन्य तहसील के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 202 परीक्षार्थी हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा में 202 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जबकि 75 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वाधान में पूर्व प्रस्तावित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2023-24 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के अंतर्गत जूनियर विंग में कक्षा 5 से 8 तक के कुल 94 बच्चों में से 84 बच्चों ने आज परीक्षा दी। कक्षा 9 से 12 तक के सीनियर विंग में 183 में से 118 बच्चों ने परीक्षा दी। जूनियर विंग में 10 एवं सीनियर विंग में 65 बच्चे अनुपस्थित रहे। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन हेतु गायत्री परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय प्रबंध समिति की निदेशक सुयश कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य आसिम रूमी से भेंटवार्ता कर विद्यालय परीक्षा पर्यवेक्षक संजय सिंह तोमर एवं स्वर्णिमा त्रिपाठी के माध्यम से परीक्षा का सफल आयोजन करवाया। परीक्षा से पूर्व विद्यालय निदेशक सुयश कुमार ने बच्चों को भारतीय संस्कृति का महत्व बताते हुए कहा कि संस्कृति भवन की नींव के समान है। देश कर भविष्य युवाओं के हाथों में तब तक सुरक्षित है जब तक देश की संस्कृति जिंदा है।

## शोध छात्रों के लिए प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज मे अध्ययन केन्द्र से शोध कर रहे कला व शिक्षा संकाय के शोधार्थियों का प्राक शोध प्रबंध प्रस्तुतिकरण मौखिकी का प्रेजेंटेशन कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, बीएड व राजनीति विज्ञान से पीएचडी करने वाले शोधार्थियों ने अपने अपने प्रेजेंटेशन दिये। जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को एमएलके पीजी कॉलेज में शोधार्थी छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने कहा कि आमतौर विश्वविद्यालय में शोध प्रबंध जमा करने से पूर्व प्री सब्मिशन किया जाता है लेकिन उससे पूर्व अध्ययन केंद्र पर इस तरह का आयोजन शोधार्थियों के लिए अच्छी पहल है। इससे शोधार्थियों के आत्म विश्वास में वृद्धि के साथ साथ उनके किये अनुसंधान में तकनीकी व व्यवहारिक रूप से खामियों को सुधारने का एक अच्छा अवसर होगा। उन्होंने कहा कि शोध पत्रों में संबंधित लेखक की भूमिका कई कारणों से महत्वपूर्ण है। एक के लिए, आप अनुसंधान परियोजना के लिए जवाबदेह हैं और अनुसंधान की अखंडता सुनिश्चित करते हुए प्रकाशन प्रक्रिया का नेतृत्व करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र ने शोधार्थियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेजेंटेशन में शोध निर्देशक प्रो0 राघवेंद्र सिंह,डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ आशीष कुमार लाल,डॉ राम रहीस ने कई सुझाव दिए। कार्यक्रम में शोधार्थी पवन कुमार गुप्ता, देश दीपक वर्मा, अंजली सिंह, रजनीश कुमार पांडेय, अभिषेक सिंह, आदित्य प्रताप सिंह व अजय कुमार मिश्र ने अपने अपने प्रेजेंटेशन दिये। इस अवसर पर प्रो0 प्रमिला तिवारी,प्रो0 अरविन्द द्विवेदी, प्रो0 प्रकाश चंद्र गिरि, प्रो0 तबस्सुम फरखी, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ तारिक कबीर, डॉ अनामिका सिंह, डॉ स्वदेश भट्ट, डॉ प्रखर त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ आज़ाद प्रताप, डॉ रामानंद, डॉ अजय सिंह व राजर्षि त्रिपाठी सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने धर्म पथ का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

* धर्मपथ पर लगी 76 भित्तियां श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित 150 प्रसंगों का दर्शन करायेंगी



धर्मपथ पर लगी 76 भित्तियां श्रीराम के जीवनचरित्र पर आधारित 150 प्रसंगों का दर्शन करायेंगी। टेराकोटा, मोजैक, सेरोमिक, एफआरपी व जीआरपी जैसी धातुओं से भित्तयों पर इन प्रसंगो को उकेरा जायेगा। भित्तियों की एक निश्चित लम्बाई व उचाई होगी। जिसे केन्द्र बिन्दु से 30-30 मीटर के अंतराल पर स्थापित किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने शनिवार को धर्मपथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने निर्माणाधीन ड्रेन, यूटिलिटी डक्ट आदि कार्यो का अवलोकन किया। पूर्ण गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कार्य को करने के निर्देश दिया। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन ड्रेन व डक्ट का सरेखण एक सीध रेखा हो। इसकी स्लेव की ढलाई उच्चतम कार्यकुशलता के आकर्षक ढंग से ढाली जाय। उन्होने बताया कि भित्तियों को अधिक से अधिक टीम लगाकर जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिससे निर्माण के बाद इसे सजाने का कार्य किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की महिला जिला महिला सभा ने आज पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर छोटे लाल यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने के अवसर पर स्वागत करते हुए बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा ही नहीं विश्वास भी है की आप लोगों की अगुवाई में अयोध्या में लोकसभा 2024 के चुनाव को मजबूती मिलेगी आज आपके जन्मदिन के अवसर पर आपको जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामना जिला संगठन महिला सभा की ओर से प्रेषित है ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ रहें दीर्घायु हो और हम बच्चों का मार्गदर्शन करते रहे।

## तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम और एसएसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस पर पैमाइश, सार्वजनिक भूमियों पर अतिक्रमण आदि जैसे प्रकरणों में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर उभयपक्षों की उपस्थिति में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार पुलिस व अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा में प्रकरणों को निस्तारण करने के निर्देश दिये साथ ही प्रकरणों के निराकरण के उपरांत उभयपक्षों को स्थिति से अवगत कराने व स्पष्ट आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी रसूलपुर (चिनगियापुर) थाना गोशाईगंज, तहसील सदर के चकमार्ग संख्या 269 को काश्तकारों द्वारा जोतकर खेत में मिला लेने से आवागमन में समस्या होने सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को प्रकरण का परीक्षण कर चकमार्ग को नक्शे/रक्बे के अनुसार कायम कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 157 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तत्काल निस्तारण योग्य 21 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष समस्याओं का समयबद्व एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पी0डी0 (डीआरडीए), डीसी मनरेगा, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## करोड़ों का बजट होने के बाद भी ठप पड़ा है विकास कार्य

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज सभासदों द्वारा तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी को सौपा ज्ञापन सभासद/ किसान नेता वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी सुचिता गंज के विभिन्न वार्डो में जल भराव बराबर बना रहता है बरसात होने पर तहसील परिसर मे पानी लबालब भर जाता है अस्पताल रोड पर जल भराव बराबर बना रहता है पूरे नगर पंचायत में टूटी-फूटी नालियां गंदगी से भट्टी पड़ी हुई है जैसे स्टेशन रोड पुलिस चौकी के पीश्एसश.केश स्कूल के अगल-बगल खिरौनी भुलई का पुरवा सालेपुर नीमैचा कटरौली सोहावल सारा बिशनपुर उचितपुर कटरौली आदि जगहों पर नालियों पर ढक्कन तक नहीं लगाया गया है नगर पंचायत में आबादी के पास कूड़ो का अंबार लगा हुआ है जिसमें डेंगू जैसे रोग फैलने की आशंका बनी हुई है जिसके कारण नगर पंचायत वीडियो में काफी आक्रोश बयाप्त है उक्त कर्मियों के निस्तारण हेतु नगर पंचायत के सभी सभासदों द्वारा पूर्व में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी दिया जा चुका है बोर्ड की बैठक में उक्त कमियों के निस्तारण कराए जाने की चर्चा भी की जा चुकी है किंतु सचिन कुमार चौधरी नगर पंचायत अधिकारी के स्थिलता के कारण नगर पंचायत में कोई विकास कार्य निर्माण कार्य मरम्मतकार्य नहीं हो पा रहा है जबकि नगर पंचायत में करोड़ों का बजट पड़ा हुआ है यदि प्रशासन द्वारा समय से समुचित कार्रवाई नहीं की गई तो नगर पंचायत में कोई भी विकास कार्य होना संभव नहीं प्रतीत होता है जो नगर पंचायत की जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है नगर पंचायत के किसी भी वार्ड में विकास कर नहीं कराया जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है तहसीलदार ने एक हफ्ते का समय लेकर नगर पंचायत मे विकास कार्य करने का आश्वासन दिया द्य ज्ञापन देते समय सभासद शुभम यादव, सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार चौधरी, राम अभिलाष यादव राजेंद्र किसान मोहम्मद हलीम राम गनेश आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से लटकता मिला छात्र का शव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** हनुमानगढ़ी में शनिवार सुबह छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से लटकता मिला। शव मिलने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना राम जन्मभूमि मणिशंकर तिवारी ने बताया कि छात्र का नाम रातेंद्र कुमार मिश्रा भैंसरहा थाना रामपुर नैकीन जिला सीढ़ी मध्यप्रदेश का रहने वाला था। वह अयोध्या में रहकर अपने भाई के साथ संस्कृत विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। छात्र बाल मुकुंद संस्कृत महाविद्यालय श्रृंगारघाट उत्तर मध्यमा की पढ़ाई कर रहा था। हनुमानगढ़ी के मुख्य द्वार के समीप स्थित आश्रम में फांसी पर लटकता मिला। शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए भेजा रहा है।

## किशोरी की मौत प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर अयोध्या**

इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के ग्राम रेवना पूरे विद्या पाण्डेय स्थित अपने घर में अकेले मौजूद किशोरी का शव पाए जाने के मामले में इनायत नगर पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की गहन छानबीन शुरू कर दी है। उधर घटना के बाद मौके पर मिले परिस्थित जन्य साक्ष्य किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास में सफल न होने के बाद हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया जाना ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि रेवना पूरे विद्या पाण्डेय निवासी राम जियावन की 16 वर्षीय पुत्री पिंकी यादव बीते शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी।

शाम करीब 4:30 बजे किशोरी का शव उसके घर में ही संदिग्ध अवस्था में पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। किशोरी के गले में दुपट्टा कसकर बंधा हुआ था और गले में कटे व चोट के निशान थे। इसके अलावा किशोरी के नीचे के कपड़े खुले हुए थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने इनायत नगर पुलिस को दी थी। जानकारी पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडे भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर मातहतों को प्रकरण में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। किशोरी की मौत प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने किशोरी के पिता राम जियावन यादव की तहरीर पर धारा 302 आईपीसी के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल किशोरी की मौत के रहस्य का पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उठ सकेगा।

## विवादों से घिरा चहलवा गांव के आवास आवंटन का मामला

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिले की मोतीपुर तहसील के ग्राम पंचायत चहलवा में आवास में वसूली की जांच के लिए शुक्रवार शाम को ही सीडीओ पहुंच गई। सीडीओ ने सबसे पहले कार्यक्रम स्थल के निकट बिहारीपुरवा मजरे का भ्रमण किया। उन्होंने आवास लाभार्थियों सहित कई महिलाओं से सीधा संवाद किया और उनसे आवास संबंधी जानकारी भी ली। सीडीओ ने पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा बिचौलियों और दलालों को आवास योजना में कोई भी पैसा न देने की बात कही। जनजागरुकता कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ ग्रामीणों की ओर से आवास योजना में लाभार्थियों से धन उगाही किये जाने की शिकायत की गयी। जिस पर कड़ा रुख दिखाते हुये सीडीओ ने जांच के आदेश दिये तथा जांच में दोषी पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की बात कही। कार्यक्रम में उठे धनउगाही के आरोप पर चहलवा प्रधान प्रीतम निषाद ने कहा कि लगाये जा रहे आरोप फर्जी व बेबुनियाद है। आवास आवंटन के लिए किसी से कोई धन नही लिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव की ओर से कुछ पात्रों के आवास काट दिये गये थे, जिसको लेकर जिलाधिकारी से मिल जांच कराने की मांग की गयी थी। यदि धन उगाही हुई होती तो मैं अपने गांव में जांच कराने की मांग क्यों करता। प्रधान का कहना है कि सचिव की शिकायत करने के कारण ही कुछ लोग षड्यंत्र के तहत मुझ पर आरोप लगा रहे है।

## पैमाइश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनन्द कुमार राय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रों में 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तीन दिवस में मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण आख्या के साथ जिओ टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों में भूमि पैमाईश अनिवार्य रूप से करा दी जाए ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस के संदर्भो को प्रतिदिन नियमित रूप से अवलोकन करते हुए समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित कराये। डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि पयागपुर क्षेत्र के निराश्रित गौवंशो को पकडवा्कर सम्बन्धित गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें इसकी सूचना डे-बाई-डे सम्बन्धित को भी उपलब्ध कराये। उन्होंने सचेत किया कि गलत वरासत दर्ज करने की शिकायतों को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाएगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 30 में 03 महसी में प्राप्त 21 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 68 में 03, कैसरगंज में प्राप्त 109 में 08 व नानपारा में प्राप्त 55 में 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. एसके सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, सीवीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, डीपीओ राज कपूर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सामुदायिक सहयोग से सुधरी प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम की सूरत

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम, महसी के पुनर्निर्माण एवं कायाकल्प की प्रेरक कहानी विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के मार्गदर्शन, ग्राम प्रधान औराही के प्रयास, अंतर्विभागीय समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता का अप्रतिम उदाहरण हैं ये कहानी। ये कहानी प्रेरक इसलिए भी है क्योंकि विद्यालय के कायाकल्प हेतु जिस आदर्श माडल की संकल्पना की गई है उसका पूर्ण पालन इस विद्यालय में किया गया।

ग्राम पंचायत औराही स्थित प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम का भवन अत्यंत जर्जर हो गया था। बाढ़ के समय पानी विद्यालय के अंदर आ जाता था। बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान ममता देवी द्वारा विद्यालय संचालन की व्यवस्था पंचायत सचिवालय में की गई। छात्र संख्या 300 से 350 के हर शैक्षिक सत्र में रहती है। ग्राम प्रधान द्वारा विधायक महसी को समस्या से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि पुराने भवन की जमीन सड़क से बहुत नीचे है इसलिए वे नवीन भवन निर्माण हेतु अपनी पैतृक जमीन दान में देने के लिए तैयार हैं। ग्राम प्रधान के त्याग को देखते हुए विधायक द्वारा नवीन भवन निर्माण व जमीन स्थानान्तरण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी महसी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम प्रधान द्वारा निरन्तर विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर जमीन का बैनामा स्कूल निर्माण हेतु किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नवीन भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को धन आवंटित किया।

# पारिवारिक विवाद आपसी सुलह-समझौते से निपटाने का प्रयास हो: संजय सिंह गंगवार

**राज्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान आवास पर सुनी जनसमस्यायें, अफसरों को दिये कार्यवाही के निर्देश**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शनिवार को अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान जनसमस्यायें सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये। जनता दर्शन के दौरान महिलाओं से सम्बन्धित आयी समस्याओं को लेकर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की पारिवारिक विवाद आपसी सुलह समझोते से निपटाये जाने के प्रयास किये जाये जिससे परिवारों में विघटन की स्थिति उत्पन्न न हो सके। इसके अलावा कई लोगो ने खेत मेड़ की समस्या और किसी ने पुलिस सम्बन्धी समस्यायें रखी जिसपर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। संजय रायल पार्क स्थित आवास पर आज सुबह से ही फरियादियों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई दोपहर तक बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहे। इस दौरान कई महिला फरियादियों ने अपने परिवार के उत्पीड़न सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की जिसपर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की पारिवारिक विवाद आपसी सुलह समझोते से निपटाये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए जिसमें घर परिवार, गांव मोहल्ले के वरिष्ठजनों का सहयोग लिया जाये। इसके बाद ही यदि विवाद नही निपटते तो कानून का सहारा लिया जाना चाहिए। जनता दर्शन के दौरान अमरिया क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी मो0 आमिर ने शिकायती पत्र देकर भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत की। ग्राम गनेश पुर गौटिया निवासी राम नरेश ने समाज कल्याण से अपनी पुत्री के विवाह हेतु अनुदान दिलाये जाने की मांग की। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी गोविन्द ने आवास हीन होने के कारण काशीराम कालोनी में आवास दिलाये जाने की मांग की इसके अलावा जनता दर्शन में बड़ी संख्या में आये लोगो ने शिकायती पत्र देकर अपनी अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की जिसपर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने विभागीय अधिकारियों को फोन कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

# प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने की शिकायत, सीएचसी दौड़े सीएमओ

**फटी व गंदी बेडशीट पर ठंड से कप-कपाते मिले मरीज**

**सीएचसी में गंदगी का अंबार देख स्टाफ की लगाई फटकार**

जन एक्सप्रेस। प्रशांत शर्मा



पूरनपुर। तेजी से फैल रहे डेंगू, मलेरिया ,टाइफाइड आदि बीमारियों से ग्रसित मरीजों को समुचित उपचार न मिलने के विरोध में प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को पत्र देकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण किया। शनिवार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मौसम का मिजाज बदलने के साथ क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया,टाइफाइड जैसी बीमारियां तेजी से पैर पसार रही है। बीमारियों से ग्रसित मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को उपचार के बजाय रेफर कर कर्तव्यों से इतिश्री की जा रही है।प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन की शिकायत के बाद सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंदगी व मरीजों को समुचित उपचार न मिलने पर सीएमओ स्टाफ पर बिफर पड़े। महिला वार्ड में निरीक्षण के दौरान प्रसूताएं फटी व गंदी बेडशीट पर लेटी हुई थी। ठंड से कांप रहे मरीज को चादर मुहैया न कराने पर सीएमओ का पारा चढ़ गया। मरीज चिकित्सक ने सीएमओ को बताया कि फार्मासिस्ट की तरफ से चादरें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। सीएमओ ने फार्मासिस्ट को तलब कर तत्काल चादरें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमओ के निर्देश पर 125 चादरें उपलब्ध कराई गई। डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया। देख रेख में लापरवाही पर चिकित्सक को फटकार लगाई। सीएचसी में नियमित सफाई न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन से आलोक शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप सक्सेना कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप भारती, अमित पांडे, संजीव वर्मा, प्रदीप सक्सेना, रजनीश कुमार, धर्मेंद्र सक्सेना, करण सिंह,अनुपम मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**बगैर जानकारी दिए रेफर नहीं किए जाएंगे मरीज: सीएमओ**

गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को संसाधनों के अभाव का हवाला देकर रेफर करने के मामले में सीएमओ ने कड़ा रुख अख्तियार किया है।एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय पर जानकारी दिए बगैर किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया जाएगा।

## घर में मगरमच्छ घुसने से मचा हड़कंप, वन विभाग की टीम ने पकड़ कर किया पिंजरे में कैद



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

अमरिया। जनपद की तहसील अमरिया कस्बा क्षेत्र के निवासी विक्की पुत्र सफीउल्ला के घर विगत रात्रि लगभग 11:45 बजे एक मगरमच्छ घुस गया। मगरमच्छ घुसने के बाद जैसे ही मगरमच्छ पर घर वालों की नजर पहुंची तो घर में हड़कंप मच गया। घर वालों द्वारा शोर सराबा मचाने पर आस पड़ोस के लोग भी आ गए और उसके बाद इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद मगरमच्छ को जाल में बन्द करके मगरमच्छ को अपने कब्जे में कर मौके पर वनरक्षक व उप क्षेत्रीय वनाधिकारी सुरेश पाल वर्मा व बीट प्रभारी चौधरी गौरव सिंह ने कड़ी मेहनत से और मगरमच्छ को सावधानीपूर्वक सुरक्षित रेस्क्यू कर देवाह नदी में अवमुक्त किया। हालांकि कड़ी मेहनत के बाद जब मगरमच्छ को वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ कर ले जाया गया उसके बाद ही परिजनों और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली हालांकि आधी रात तक मगरमच्छ की सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों की भी भीड़ एकत्रित हो गई थीं।

# योगी सरकार में बह रही विकास की गंगा: संजय सिंह गंगवार

**राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गुणगान**

जन एक्सप्रेस। अरुण भारद्वाज



पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज क्षेत्र में भ्रमण करते समय कहा की तत्कालीन कांग्रेस, बसपा, सपा सरकारों में लोगों की आवास की समस्या विकराल रूप लेती रही लेकिन जब से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार ने काम करना शुरू किया तो प्रदेश के गरीब लोगों की आवास की समस्याएं तथा सुलभ शौचालय की समस्याएं दूर हो गई। प्रदेश के प्रत्येक जनपद के गांव के अंतिम छोर पर बैठे हुए गरीब लोगों को भी योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज पहुंच रहा है। सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के साथ डबल इंजन की सरकार प्रदेश में सतत विकास की गंगा प्रवाहित कर रही है। मजेदार बात यह रही की सरकार की योजनाओं का गुणगान करते समय राज्य मंत्री जिले की अनेक समस्याओं को भूल गए। श्री गंगवार ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार में बांसुरी नगरी पीलीभीत में किसान गरीब मजदूर व्यापारी अधिवक्ता सभी के कल्याण के लिए शासन से योजनाएं चलाई जा रही हैं। गन्ना किसानों का कुछ भुगतान छोड़कर बाकी सारा भुगतान कर दिया गया है। धान खरीद सुचारू रूप से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। धान किसानों की सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज का वाजिद मूल्य दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा की किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को भाजपा सरकार में प्रदान किया जा रहा है मोदी योगी सरकार द्वारा किसने की आय दोगुनी किए जाने के सारे प्रयास किए जा रहे हैं राज्य मंत्री ने कहा बहुत जल्द ही मझोला वर्षो से बंद पड़ी सहकारी चीनी मिल को चालू कर दिया जाएगा। अभी पूरे देश में मोदी योगी के नेतृत्व में 75वां आजादी महोत्सव मनाया गया। गत दिवस प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टाइगर रिजर्व मुस्तफाबाद रेंज में एक दिवसीय भ्रमण के दौरान वन विभाग के अच्छा कार्य करने वाले वन कर्मचारियों को जहां सम्मानित करने का काम किया वहीं कई हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण भी किया तथा बाघ मित्र ऐप को लॉन्च करके उसका भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी विकास की गंगा बहनी शुरू हो जाएगी।

# पूरनपुर में वायरल फीवर की चपेट में आने से दो की मृत्यु




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**गांव में कैंप लगाकर वितरण की गई दवाइयां**

**जांच में 18 डेंगू संक्रमित मरीज मिलने से खलबली**

पूरनपुर। वायरल फीवर की चपेट में आने से घुंघचाई में किशोर व कढैरचौरा मे महिला की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर पांच सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में वायरल फीवर तेजी से पैर पसार रहा है। तहसील क्षेत्र के गांव कढैरचौरा के हालात बेहद खराब है।गांव के अधिकांश परिवार वायरल फीवर से ग्रसित है। गांव निवासी हजारीलाल की पत्नी प्रेमवती की वायरल फीवर की चपेट में आने से हालत बिगड़ गई। स्वजनों ने उपचार के लिए जिले के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मना कर दिया। शुक्रवार रात महिला की मौत हो गई। एक सप्ताह पूर्व गांव निवासी राम प्रसाद की पत्नी रामश्री की बुखार की चपेट में आने से मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद शनिवार स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 45 लोगों की डेंगू जांच की गई जिसमें 18 लोग डेंगू संक्रमित पाए गए। 109 मरीजों की मलेरिया की जांच की गई। शिविर में 498 लोगों का परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।घुंघचाई क्षेत्र में बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुखार की चपेट में आकर किशोर की मृत्यु हो गई है। बच्चे,महिलाएं वृद्ध चपेट में है।घुंघचाई निवासी धीरेंद्र यादव का 16 वर्षीय पुत्र रितिक यादव बीते कई दिनों से वायरल फीवर की चपेट में था। स्वजन गांव में ही निजी चिकित्सकों से उपचार करा रहे थे।एक सप्ताह से हालात गंभीर बनी हुई थी। शुक्रवार सुबह किशोर की मृत्यु हो गई। क्षेत्र में इससे पहले भी बुखार से कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण कराने की मांग की।

**10 मरीजों का पीलीभीत, पांच का बरेली में चल रहा उपचार**

तहसील क्षेत्र के गांव कढैरचौरा में वायरल फीवर बेकाबू हो चला है। वायरल फीवर की चपेट में आने से बीते एक सप्ताह के अंदर दो लोगों की मौत से खलबली मची हुई है।अधिकांश परिवार वायरल फीवर से ग्रसित है। गंभीर हालत में 10 मरीज जिले के अलग-अलग अस्पतालों व 5 मरीज बरेली के अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं।18 नए डेंगू संक्रमित मरीज मिलने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला सकुशल संपन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला सकुशल संपन्न हुई। कार्यशाला को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 शंखनाद अभियान के साथ किया जा रहा है,आज हाई टेक्नोलॉजी के इस दौर में हर देशवासी मोबाइल रखता है और समाजिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं,जो राष्ट्र एवं भारतीय जनता पार्टी के विचारों को अपनाते हैं, ऐसे लोग जो भारत माता की जय और वंदे मातरम् का सदैव जयघोष करते हैं,हम सभी अपने मोबाइल से देश विदेश की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। हम सभी को केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की ऐतिहासिक योजनाओं को आईटी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करना हैं। और देश का नेतृत्व तीसरी बार उनके हाथों में देना है। निश्चित रूप से हम अपनी भारत माता को विश्व गुरु बनाकर पूरी दुनिया का एक नयी दिशा देंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शौर्य जागरण यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत




जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर नगर में शौर्य जागरण यात्रा के पहुंचते ही लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत करते हुए अगवानी की।इस दौरान शौर्य जागरण यात्रा जिस भी मार्ग से गुजर रहा था उस मार्ग पर पुरुष सड़क पर खड़े होकर तो महिलाएं एवं युवतियां अपने अपने छतों पर खड़ी होकर शौर्य जागरण यात्रा और साधु संतो पर पुष्प वर्षा कर रही थी। आपको बता दे कि शुक्रवार को जिले में शौर्य जागरण यात्रा के प्रवेश करते हुए लोग जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए स्वागत किया।शौर्य यात्रा शुक्रवार देर शाम मछलीशहर पहुंचने के बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने स्वागत करते हुए आगवानी की।जिसके बाद यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान में पहुंचा जहा सभा में तब्दील हो गया।सभा को संबोधित करते हुए बजरंगदल के काशी प्रांत के संयोजक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि हिंदुओं को जगाने के लिए यह यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य सभी लोगो को इकट्ठा कर भारत को अखंड राष्ट बनाना है।उन्होंने हिंदुओं से अपील किया कि अब समय आ गया है सभी लोग इकट्ठा हो जाय।सभा को काशी प्रांत के मंत्री कृष्ण गोपाल ने भी संबोधित किया।सभा के बाद साधु संतो द्वारा हनुमान जी की आरती उतारी गई।इसके बाद साधु संत और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मीरपुर तिराहे पर पहुंचकर शहीद रामदुलारे सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।संचालन विशंभर और राजेश गुप्ता ने किया। इस दौरान बजरंग दल के सभी पदाधिकारी के अलावा नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मुंगरा प्रभारी चिकित्साधिकारी की तहरीर पर पैथालॉजी संचालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पैथोलॉजी सेंटर पर अवैध रूप से गर्भवती महिला का प्रसव कराने के दौरान महिला की मौत हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर इस मामले में सीएमओ के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा पैथालाजी संचालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या एवं इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर को दी गई तहरीर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार ने बताया है कि थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी सविता देवी (24) पत्नी अनिल कुमार सरोज को बीते 03 अक्टूबर को प्रसव पीड़ा होने के पश्चात मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने शक्ति पैथोलाजी सेन्टर पर आई थी। जिसके प्रसव के दौरान अस्पताल की लापरवाही से मौत हो गई। परिजनों ने इसकी शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी व पुलिस महकमे से की थी मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने पैथालाजी सेंटर को सीज किए जाने तथा उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने का निर्देश दिया।आदेश मिलते ही प्रभारी चिकित्साधिकारी की तहरीर पर पैथालॉजी सेन्टर को सीज कर दिया गया तथा उसके संचालक के विरुद्ध पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सीएमओ ने नहीं सुनी पीड़ा, अब सीएम से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। प्रसव में होने वाले खेल में सरकारी मशीनरी बुरी तरह लिप्त है, लेकिन अधिकारी गरीब व मजबूर लोगों की पीड़ा सुनने की जगह अपने अधीनस्थों को शरण देने में लगे हैं। बीते दिनों सामने आए महिला अस्पताल के फार्मासिस्ट सुशांत कुमार हलदर के मामले में स्वास्थ्य विभाग चुप्पी साधे बैठा है। इधर, शनिवार को एक नया मामला सामने आया है जिसमें आशा कार्यकर्ता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही पूरनपुर में संचालित एक निजी अस्पताल को भी घेरे में लिया गया है। माधोटांडा के ग्राम नदहा निवासी सोनू कुमार पुत्र हेतराम ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उसकी पत्नी गायत्री देवी की 15 अगस्त को डिलीवरी होने वाली थी, लेकिन गांव की आशा माया देवी बहला-फुसलाकर सरकारी अस्पताल न ले जाकर एक निजी अस्पताल श्रद्धा नर्सिंग होम पूरनपुर में ले गई। आशा और डाक्टर की मिलीभगत से उसकी पत्नी का सिजेरियन प्रसव कराया गया जिसमें 25 हजार रुपये का खर्च आया। श्रद्धा नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने सिजेरियन प्रसव करने में लापरवाही बरती जिससे केस बिगड़ गया। आनन फानन में डॉक्टरों ने मरीज को बरेली ले जाने की बात कहते हुए रेफर कर दिया। आप है कि चिकित्सक ने ऑपरेशन से पहले जांच की जरूरत नहीं समझी। हालत नाजुक होने पर पति ने महिला को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# ई-रिक्शा चालक को बदमाशों ने मारी गोली हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मिर्शादपुर गाँव स्थित पुलिया के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक ई-रिक्शा चालक को रोक कर उसका मोबाइल फोन छीनने में असफल रहे बदमाशों ने उसे गोली मारकर लहूलुहान कर दिया! जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गाँव निवासी ई-रिक्शा चालक अभिषेक गौतम अपने परिजन के साथ शुक्रवार की रात्रि कहीं से ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे वह मिर्शादपुर गांव स्थित पुलिया के पास पहुचे थे इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया जिसमें असफल रहे बदमाशों ने अभिषेक गौतम के जांघ में दो गोली मारकर उसे लहुलुहान कर दिया! लोगों की मदत से घायल को उपचार के लिए बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचाया गया जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ! वही क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण में पीड़ित की नामजद तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुटी हुई है!

# देश के लिए प्राणों को न्यौछावर करने वाला ही भारत माता का सच्चा सपूत: गिरीश यादव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि देश के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाला ही भारत माता का सच्चा सपूत है। वह बार्डर पर हमेशा जीवन मौत के बीच संघर्ष के साथ साथ तमाम झंझावात झेलते हुए दिन रात जागकर हमारी सुरक्षा करते हैं। उन्हीं के दम पर हम देश के भीतर स्वतंत्रत रहकर चैन की नींद सोते हैं। ऐसे बलिदानियों और सेनानियों को हम नमन करते है। उक्त बातें शनिवार को खुटहन ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित अमृत कलश संयोजन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने कहा कि अमृत कलश के माध्यम देश? के लिए गांव गांव से शहीद हुए बलिदानियो को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मिला है। उनके नाम से कलश में ली गई मिट्टी दिल्ली के अमृत वाटिका तक पहुंचेगी। अतिथियों ने शहीद स्थल पर रखे गये कलश का अभिवादन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए विभिन्न हथकरघा उत्पादों को देख सराहना किया।समारोह को ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, प्रेमचंद्र तिवारी, जगन्नाथ यादव, ने भी संबोधित किया। इस मौके पर बीडीओ गौरवेन्द्र सिंह, अखिलेश वर्मा,ऋषी मिश्रा, अमरनाथ मिश्रा, संजीव गुप्ता, आदि मौजूद रहे। प्रसिद्ध गायक अवनीश तिवारी के द्वारा बलिदानियों के प्रति प्रस्तुत राष्ट्रीय गीतों को खूब सराहा गया।

# स्थानांतरण के दो माह बाद भी नही हटे करंजाकला चिकित्सा प्रभारी

**सीएमओ के आदेश को डा अरूण यादव ने किया दरकिनार**

**आए दिन मरीजों से जमकर करता है दुर्व्यवहार**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर।
पत्रांक मु0चि0अ0/चि0अ0/स्थाना0/2023–24/12505 दिनांक 01 अगस्त 2023

आदेश

तात्कालिक प्रभाव से जनहित में निम्नलिखित चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती उनके नाम के सम्मुख अंकित कॉलम 3 से कॉलम 4 में अंकित पद पर की जाती है। इनको आदेशित किया जाता है कि अविलम्ब स्थानीय व्यवस्था पर कार्यमुक्त होकर नये तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर दायित्व निर्वहन करना सुनिश्चित करें व प्रभार प्रमाण पत्र सम्बन्धित को प्रेषित करायें। इसका अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

| क्र0 सं0 | चिकित्सा अधिकारी का नाम | वर्तमान तैनाती स्थान व पदनाम | नवीन तैनाती स्थान व पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | डा0अरूण कुमार यादव | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र करंजाकला/आदमपुर | सामु0स्वा0केन्द्र केराकत पर रिक्त एनेस्थेटिस्ट के पद पर |
| 2 | डा0आरिफ सर्फराज खान | चिकित्सा अधिकारी, सामु0स्वा0केन्द्र चोरसण्ड/प्रा0स्वा0केन्द्र गमीरन (खुटहन) | अधीक्षक के पद पर सामु0स्वा0केन्द्र करंजाकला/आदमपुर |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जौनपुर

पत्रांक व दिनांक उपरोक्त।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वाराणसी मण्डल वाराणसी।
2. जिलाधिकारी महोदय जौनपुर।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी जौनपुर।
4. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0 जौनपुर।
5. अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र करंजाकला/आदमपुर जौनपुर।
6. अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र केराकत जौनपुर।
7. लेखा लिपिक, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर।
8. अभिलेखार्थ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जौनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला चिकित्सा प्रभारी के चलते सुर्खियों में है ।स्थानांतरण के बाद दो महीने बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य केंद्र छोड़ने को तैयार नहीं है। सीएमओ के आदेश को दरकिनार जमे हैं और आए दिन मरीजों से दुर्व्यवहार का मामला सामने आता रहता है। जिसके विरोध मे कई बार मरीजो ने प्रदर्शन भी किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार यादव का कार्यकाल सुर्खियों में है। कई बार मरीजों से दुर्व्यवहार करने के शिकायतों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इनका स्थानांतरण एक अगस्त 2023 को केराकत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रिक्त एनेस्थेटिस्ट के पद पर स्थानांतरण कर दिया गया और सीएमओ ने जोर देते हुए कहा की आदेश के अनुपालन मे शीघ्र स्थानीय व्यवस्था पर कार्य मुक्त होकर नई तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें । कार्यभार ग्रहण करने के प्रमाण से अवगत कराऐ। लेकिन एक अगस्त से अब तक 2 माह बीत जाने के बाद भी चिकित्सा प्रभारी करंजाकला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोड़ने को तैयार नहीं है ।आए दिन मरीजों से नोक झोक करते रहते हैं। सुविधा शुल्क लेने की भी शिकायते है। लेकिन यह स्वास्थ्य केन्द्र से जाने को तैयार नहीं है और ना ही यह शासन सत्ता को कुछ समझते हैं। डॉ अरुण कुमार यादव अपनी कार्यशैली के चलते हमेशा सुर्खियो में रहते हैं। इनके स्थान पर चोरसण्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी डॉक्टर आरिफ सर्फराज खान को बनाया गया और लेकिन डॉक्टर अरुण कुमार यादव के हठधर्मिता के चलते इन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं कर पाए। करंजाकला के प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। जबकि सरायख्वाजा थाने से जब कोई घायल व्यक्ति मेडिकल मुआयना के लिए आता है तो उनको भी कई घंटे इंतजार करता करना पड़ता है न रहने पर वापस जाना पड़ता है। रात में डॉक्टर ब्लॉक परिसर में भी नहीं रहते हैं,जिले के मछलीशहर क्षेत्र में स्थित अपने पैतृक निवास चले जाते हैं। इसके चलते भी मरीजो को मुश्किलो का सामना करना पडता है।

## पीड़ित किसानों ने हुई चोरियों के खुलासे की मांग उठायी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सरपतहा थाना क्षेत्र के कम्मरपुर गांव के किसान शुक्रवार को थानाध्यक्ष से मिलकर खेतों से सिंचाई के साधनों की अब तक हुई चोरियों के खुलासे की मांग की। उनका कहना था कि बिजली के मोटर तथा पंपिंग सेटों की लगातार हो रही चोरियों से किसान त्रस्त हैं। इस सन्दर्भ में उक्त गांव के किसान इंद्र बहादुर सिंह शुक्रवार को अपने दिए गए प्रार्थना पत्र में सिंचाई के लिए खेतों में लगाए गए बिजली के मोटरों तथा बोरिंग में लगाए गए रिफ्लेक्स वाल के चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। मामले में खुलासा न किए जाने का भी जिक्र किया।

# हिंजामं ने मतांतरण के खिलाफ खोला मोर्चा

**✻ एसपी को ज्ञापन देकर कठोर कार्रवाई करने की करी मांग**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मतांतरण को लेकर शहर के एनजीओ के दावों के बाद अब हिंदू जागरण मंच ने भी धर्म परिवर्तन के चल रहे खेल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रांतीय प्रभारी ने इस संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस आफिस पहुंच कर एसपी को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी को सौंपते हुई ईसाई मिशनरियों द्वारा लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के खेल को बंद कराने और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि शहर के जय शिव शक्ति संस्थान की प्रबन्धक कमलेश कुमारी ने दावा किया है कि उनके पास ईसाई मिशनरियों के मतांतरण के कारनामों की कई वीडियो और फोटा बतौर साक्ष्य उपलब्ध है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने मतांतरण कराने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबा दिया। लंबे समय से धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष कर रहे हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी ने इस मामने की जानकारी शनिवार पुलिस आफिस पहुंच कर एसपी को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी आशुतोष कुमार को सौंपा। जिसमें उन्होंने मतांतरण के इस कुचक्र को रोकने के लिए जमीनी तौर पर प्रभावी कार्रवाई की की मांग की है। उनका कहना है कि इस मामले के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। इस मौके पर अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, नीतू सेंगर, कमलेश कुमारी, सुरेश सेंगर, विष्णु गुप्ता, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, राघवेंद्र पांडेय, शिवसेवक, केतन अवस्थी, अनिल सोनी, अंशू शुक्ला, मुकेश दीक्षित, परिमल मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे हैं।




# खड़ी डीसीएम में भिड़ी दूसरी डीसीएम चालक की मौत, क्लीनर घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**✻ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ हादसा**

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में परिचालक खड़ी डीसीएम ने नीचे एक्सल सही कर रहा था जबकि चालक आगे खड़े होकर उसे टार्च दिखा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई दूसरी डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे मे चालक परिचालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम दोनों घायल चालकों को सीएचसी बांगरमऊ लाई। जहां परिचालक को मृत घोषित कर दिया। चालक की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद आगरा के थाना फतेहाबाद अंतर्गत ग्राम मीतापुर निवासी परिचालक राजेश (25) पुत्र गनपति और चालक नाथूराम (30) पुत्र हरिश्चंद्र दोनों अपने डीसीएम में रेलवे का सामान लादकर लखनऊ से आगरा जा रहे थे। उनके साथ रेलवे ठेकेदार पवन जैन व विवेक जैन भी थे। शुक्रवार की मध्य रात बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम रसूलपुर के सामने अचानक डीसीएम के एक्सल में खराबी आ गई। डीसीएम किनारे खड़ी कर परिचालक राजेश ट्रक के नीचे घुसकर एक्सेल दुरुस्त करने लगा। जबकि चालक नाथूराम ट्रक के आगे खड़े होकर टार्च दिखा रहा था। तभी अचानक पीछे से आए तेज रफ्तार डीसीएम ने खड़ी डीसीएम में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों राजेश और नाथूराम गंभीर रूप से घायल हो गए। केबिन में रेलवे ठेकेदार पवन जैन बाल बाल बच गए। दोनों घायलों को यूपीआईडी की रेस्क्यू टीम ने दोनों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने राजेश ने मृत घोषित कर दिया। घायल नाथूराम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। लखनऊ कानपुर रेल रूट पर दही थाना अंतर्गत बुटवल रेलवे क्रासिंग के पास एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। दही थाना क्षेत्र बुटवल गांव निवासी सोनी (26) पत्नी ज्ञानी लोध शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बुटवल क्रासिंग के समीप रेल लाइन पार कर रही थी। इसी बीच वह वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के मुताबिक युवती मानसिक रूप से बीमार रहती थी। पोस्टमार्टम हाउस में मिले मृतका के भाई धर्मपाल पुत्र नन्हूलाल निवासी बगहरी कोतवाली अजगैन ने बताया कि बहन की शादी आठ वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बच्चें हर्ष (7) व मोनिका (4) है। सोनी की मौत पर उसके बच्चों समेत अन्य परिजन रो रोकर बेहाल है।



### चोरों ने दुकान से 70 हजार की नगदी और अंगूठी की पार

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक किराना व्यापारी की दुकान से गुल्लक में रखी 70 हजार की नगदी और एक अंगूठी पार कर दी। वहीं एक अन्य घटना में ई रिक्शा की बैट्री भी चोरी कर ले गए। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। थाना व कस्बा औरास के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी राजकिशोर शर्मा उर्फ दुलारे अपने घर में किराने का व्यापार करते है। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाना खा कर सो गया था। इसी बीच दाखिल हुए चोरों ने गैलरी में रखी दुकान की चाबी उठाई और दुकान का शटर खोल कर गुल्लक में रखे 70 हजार रुपये नगद व एक सोने की अंगूठी उठा कर फरार हो गए। सुबह जागने पर घर वालों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी। दूसरी घटना कस्बे के राजकीय इंटर कालेज के सामने बने अरविंद यादव के मकान के बरामदे में खड़े ई रिक्शा की बैट्री भी चोरों ने पार कर दी। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं ने लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

### फैक्ट्री में काम के दौरान बिगड़ी श्रमिक की हालत, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। दही थाना अंतर्गत एक फ्लोर मिल में शुक्रवार शाम काम कर रहे श्रमिक की अचानक हालत बिगड़ गयी। फैक्ट्री प्रबंधन ने आनन फानन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों की तहरीर पर दही पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बारासगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा निवासी वीरेंद्र उर्फ बल्लू (40) पुत्र करुणा शंकर गुप्ता दही थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित फ्लोर मिल में बीते तीन सालों से काम कर रहा था। शुक्रवार शाम को फैक्ट्री में काम करने के दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गयी। फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को मेमो भेजा। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया फैक्ट्री में काम के दौरान हालत बिगड़ने पर श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### मामा ने भांजे और उसके साथी पर लगाया मारपीट कर नगदी छीनने का आरोप

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के यदुनंदन खेड़ा में मामा ने अपने भांजे व उसके साथी पर मारपीट कर जेब से जबरन 42 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। यदुनंदन खेड़ा निवासी रामदयाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि गुरुवार को उसका बेटा बबलू 42 हजार रुपये बाइक खरीदने के लिए दे गया था। कुछ देर बाद उसका भांजा सर्वेश निवासी भिटवा थाना गंगाघाट अपने एक साथी के साथ बाइक से आया और मारपीट कर वह रुपये लूट ले गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसओ अखिलेश कुमार ने बताया कि जांच करा कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### बहन से झगड़े के बाद फंदे से लटक कर युवती ने दी जान

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज कस्बे के दुर्गारोड एक नवयुवती का शव संदिग्ध हालातों में कमरे के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा के दुर्गारोड मोहल्ला निवासी रामकुमार राठौर शनिवार को पत्नी के साथ परिवार दसवां कार्यक्रम में शामिल होने गया था। घर पर उसकी लड़की तनु (18) और बड़ी बहन थी। बताते है इसी दौरान दोनों बहनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। उसके बाद तनु कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बन्द कर लिया। माता पिता के वापस लौटने पर दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। जहां तनू का शव पंखे से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अवैध तमंचे और कारतूस संग युवक को दबोचा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शनिवार को दरोगा गया प्रसाद रमन, का0 संजय कुमार, राघवेन्द्र गुर्जर, सचिन कुमार, प्रशान्त गशत पर थे, तभी राजधानी मार्ग स्थित रश्मिलोक कट के पास मझरा पीपर खेडा नेतुआ गांव निवासी विजय रावत पुत्र राजू रावत खड़ा था। जहां पुलिस को देख वह भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसके पास से बारह बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गये आरोपी पर दही, अजगैन, हसनगंज, गंगाघाट कोतवाली में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

### युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज। उन्नाव। अजगैन कोतवाली के नवाबगंज में युवती ने घर के अन्दर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा है। नवाबगंज कस्बे के दुर्गा मंदिर रोड निवासी रामकुमार राठौर शनिवार को पत्नी के साथ परिवार में ही दसवा कार्यक्रम में गया था। घर पर उसकी लड़की तनु 18 वर्ष और बड़ी बहन थी। बताते है इसी दौरान दोनी बहनों के बीच झगड़ा हुआ। उसके बाद तनु कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बन्द कर लिया। जब उसका पिता और माँ वापस आई तो दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई, जब कोई उत्तर नही मिला तो दरवाजा तोड़ा गया। उसका शव कमरे के पंखे से फांसी पर लटक रहा था। यह देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पीएम के लिए भेजा है।

### दबंग से पीड़ित ने लगाई सीएम से गुहार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। आजाद नगर गांव निवासी गोकुल प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजते हुये बताया कि वह अपनी फारियाद लेकर क्षेत्रीय लेखपाल के पास गया था। वहां लेखपाल नहीं थे, जिस पर आरोप है कि एक दबंग युवक ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारा पीटा। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

# 15 अक्टूबर से गणेश वंदना और मुकुट पूजन के साथ रामलीला होगी शुरू

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

ऋषि आश्रम समिति की ओर से रामलीला का मंचन पहली बार आश्रम में कराया जा रहा है। लीला को भव्य रूप दिया जायेगा। जिसको लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं सत्तर फिट का रावण का पुतला भी बनाया जायेगा। यह जानकारी शनिवार को ऋषि आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समिति के महामंत्री योगेश मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर से गणेश वंदना और मुकुट पूजन के साथ रामलीला शुरू होगी। जिसके बाद राम वन आगमन, दशरथ मरण, जयंत लीला, सूर्पनखा वध, सीता हरण, सीता खोज, लंका दहन, मेघनाद, कुंभकरण वध के साथ ही 24 अक्टूबर को रावण वध होगा। जहां रावण का पुतला दहन किया जायेगा। इसके साथ ही मेले का आयोजन होगा। बैठक मे प्रमुख रूप प्रकाश त्रिपाठी, उमेश दीक्षित, मनोज सेंगर, बासुदेव गुप्ता, अजय चौबे, सोनू दीक्षित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

रविवार को नगर के श्री नगर मोहल्ले में देवांशी क्लीनिक एवं दांतों का दवाखाना के तत्वाधान में नि:शुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ पहुंचेंगे। जहां शिविर में आये मरीजों का परीक्षण करेंगे। इसके साथ ही नि:शुल्क दवाइयां भी दी जायेगी। यह जानकारी डॉ0 शशि गुप्ता ने दी।

# अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डीसी वैदिक इंटर कॉलेज भोगीपुर आगरा के कर्मचारी निरंजन लाल शर्मा पर विद्यालय में घुसकर अराजक तत्वों द्वारा किए गए हमले व मारपीट के विरुद्ध निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडलीय महामंत्री संतोष तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री, महानिदेशक आई ए एस विजय करण आनंद एवं शिक्षा निदेशक डॉ.महेंद्रदेव से पत्र के माध्यम से की गयी है। महामंत्री संतोष तिवारी ने शिक्षकों एवं कर्मचारी को संरक्षण प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि प्रदेश में इस तरह मे की कई घटनाएं घटित हो चुकी है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुज्तबा हुसैन, प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी, आनंद सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रमेश चंद्र, जनार्दन यादव, भगवत जोशी, सतीश सिंह, मनीष राय, सोनू सिंह आदि प्रदेशीय पदाधिकारियों ने शिक्षा के मंदिर में घटी इस घटना को निंदनीय बताया ।





# प्रांजुल हॉस्पिटल की ओर से बृहद निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**✻ 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गई नि:शुल्क दवाईयां**

पुराना शिवली रोड कल्याणपुर स्थित प्रांजल हॉस्पिटल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी के साथ-साथ मरीजों के लिए निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान डायबिटिक मरीजों की शुगर जांच भी कराई गई। प्रांजल हॉस्पिटल के प्रबंधक हिमांशु मेहरोत्रा ने एक बार फिर पुनः सेवा भावना के साथ कानपुर देहात के रसूलाबाद धर्मगढ़ मंदिर के पास में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया था। जिसमें बुखार, दर्द, ब्लड शुगर, सहित तमाम बीमारियों से ग्रसित 102 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा कर योग्य एवं अनुभवी डाक्टर नवल शर्मा और डॉक्टर विनायक सिंह से दवा ली। मरीज आशा देवी ने बताया कि कैंप में योग्य डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा कैंप द्वारा ही फ्री में दी गई और फ्री में शुगर की जांच भी कराई गई। इस मौके पर अस्पताल से अभिषेक, (तन्नू), सौरभ, शिवम, दीपक, कोमल, रिचा वर्मा, चांदनी, रोशनी, सुधांसु सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे।

# बुजुर्ग अधिवक्ता ने खुद की बन्दूक से गोली मारकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर नगर। शहर में शनिवार को बुजुर्ग अधिवक्ता द्वारा खुद की लाइसेंसी बन्दूक से आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। थाना ग्वालटोली क्षेत्र के सिविल लाइंस में निवास करने वाले अधिवक्ता ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार वाले आए तो देखा खून से लथपथ शव कुर्सी पर पड़ा हुआ था , सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच करने पहुंची तो पता चला कि अधिवक्ता ने गर्दन के नीचे बन्दूक की नोक लगाकर पैर से ट्रिगर दबाकर सुसाइड किया है। एसीपी कर्नलगंज अकमल खान ने बताया सुबह 9-15 पर सूचना मिली कि वीआईपी रोड पर मिलन गेस्ट हाउस के मालिक में से एक बुजुर्ग अधिवक्ता परवेज मुनीर 59 वर्ष ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर सुसाइड कर लिया है । मृतक के परिवार के साथ तीसरे भाई असद चौथे भाई आरिफ और पांचवें भाई सद्दाम मुनीर अपने परिवार के साथ एक ही कैंपस में अलग-अलग फ्लैट में रहते हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

**अधिवक्ता पहले भी कर चुके हैं सुसाइड की कोशिश**

पत्नी निशांत परवेज ने बताया कि पति परवेज मुनीर काफी समय से अवसाद ग्रस्त थे उनका इलाज भी कानपुर के बड़े डॉक्टर से चल रहा था। मृतक परवेज मुनीर पेशे से अधिवक्ता थे। बड़ा बेटा शारिक मुनीर होटल में मैनेजर है जबकि बेटी अपने पति के साथ गुड़गांव में रहती है परवेज मुनीर अपने पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर थे बड़े भाई अरशद मुनीर की मृत्यु हो गई इससे पूर्व में कई बार सुसाइड का प्रयास कर चुके थे।2020 में भी फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था।


# राजा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ विवेक मिश्रा ने किया देह दान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर के ब्रह्म नगर स्थित राजा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ विवेक मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज को अपना देह दान कर दिया है। यह जानकारी बीते दिन शनिवार को उन्होंने दी। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को देह दान की कार्यवाही पूरी हो गई है। यह जानकारी सर्वप्रथम उन्होंने जन एक्सप्रेस समाचार पत्र को दी। उन्होंने यह भी बताया कि मानव जीवन 84 लाख योनियों में भड़काने के बाद मिलता है। मैं हमेशा से ही सभी का सहयोग करता रहा हूं। हम सभी को जितना भी हो सकें सहयोग करना चाहिए। समाज में कई ऐसे व्यक्ति हैं जिनके कुछ ऐसे अंग होते हैं जो कार्य नहीं करते और वह अपना जीवन अच्छे से जी नहीं पाते हैं। ऐसे में यदि हर स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन काल में ही अपने शरीर का दान कर दें। ऐसा करने से उस व्यक्ति की आवश्यकता की पूर्ति हो सकती है जिसे शरीर के उस की अत्यंत आवश्यकता हो। वेदों में वर्णित है कि महर्षि दधीच ने अपनी हड्डियों तक का दान दे दिया था। ऐसे ही ना जाने कितने महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपने शरीर का दान दिया है।







# गांव गांव चौपाल लगाकर विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बीते दिन भीतरगांव मंडल के कई गांवों में पहुंचकर चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं को सुनकर जल्दी ही उनके निवारण का आश्वासन दिया है। विधायक अभिजीत सिंह सांगा सबसे पहले मेहरौली गांव पहुंचे जहाँ आर ग्रामीणों ने विधायक का फूल माला से स्वागत किया। इसके बाद विधायक सांगा चतुरिखेडा कीसा खेड़ा, वीरन खेड़ा, शाह, गाजीपुर और कुढ़नी पहुंच कर ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार कि जनहित योजनाओ की जानकारी दी, और लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर के ग्रामीण जनता से बातचीत भी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख अशोक सचान, दिलीप सैनी, संतोष कश्यप, लल्ला सिंह, शिवमोहन तिवारी, दीपू भदौरिया, बीरू सिंह, मानवेन्द्र लाला, सुन्दर साहू, देवेंद्र पटेल, दीपेंद्र कुशवाहा,मीडिया प्रभारी वैभव दीक्षित सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस 119 शिकायते आई, जमीन कब्जाने की शिकायतें बहुतायत

**✻ देवरिया और कानपुर देहात जैसी घटनाओं के बाद भी नहीं जाग रहा प्रशासन**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर





बिल्हौर ब्लाक सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम एसडीएम रश्मि लांबा तहसीलदार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। शिकायत लेकर आए फरियादियों में एक बार फिर जमीनी विवाद से संबंधित मामलों की अधिकता रही। गंगा का जलस्तर कम होते ही तहसील क्षेत्र के जैसरमऊ गांव स्थित गंगा कटरी पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की टेबल पर पहुंच गया। अपनी जमीनों से वंचित पीड़ित किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य दिव्यांग अशोक कुमार ने एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि मतलबपुर जुलहा गांव निवासी ऋषिकांत , मूलचंद , बृज किशोर ,दिनेश कुमार आदि लोगों ने उनकी गंगा पर जबरन कब्जा कर रखा है। पीड़ित ने भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाने की मांग करते हुए न्याय न मिलने पर उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री दरबार तक जाने की बात कही। इसी मामले पीड़ितों द्वारा बीते वर्ष भी तहसीलदार से लेकर कमिश्नर और मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत की गई थी और इसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर हताश पीड़ितों ने आत्मदाह की बात कही थी। मीडिया में खबरें आने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हरकत में आई राजस्व टीम गांव तक पहुंची थी लेकिन इसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकल सका था। वहीं मेस्टन रोड कानपुर निवासी हरिशंकर गुप्ता की पत्नी ममता गुप्ता ने क्षेत्र के उदेतपुर गांव स्थित अपनी कृषि भूमि संपूर्ण भूमि पर सहखातेदार विष्णुपुरी कानपुर निवासी पंकज चौधरी , मनीष व जीतेन्द्र द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर उनकी निजी जमीन पर भी कब्जा कर लेने का आरोप लगाया। लखनपुर हाउसिंग सोसायटी कानपुर निवासी पदम शंकर मिश्रा ने तहसील दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र को गायब कर देने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने आरोप को निराधर बताते हुए प्रार्थना पत्र को संबंधित कर्मचारियों को जांच का कार्रवाई के लिए हस्तांतरित किए जाने की बात कही। संपूर्ण समाधान दिवस में आई कुल 119 शिकायतों में एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका और शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारियों को सौंप दिया गया। सबसे अधिक चकरोट ,नाली, खडंजा और बंटवारे की भूमि विवाद का निस्तारण न होने के लिए प्रार्थना पत्र आए हैं जिसका कई महीनो से प्रार्थना पत्र देने के बाद भी निस्तारण नहीं हो सका है। कानपुर देहात की अधिवक्ताओं द्वारा बिल्हौर तहसील में नवगठित ग्राम न्यायालय के समीप बरगद के पेड़ के नीचे अपने तख्त और कुर्सियां डालकर वाला वाकला शुरू करनी चाहिए थी लेकिन बिल्हौर के अधिवक्ताओं के विरोध के चलते वहां से एसडीएम में कब्जा मुक्त भूमि को कर दिया लेकिन कई दिनों से अधिवक्ताओं के प्रार्थना पत्र और उच्च अधिकारियों के आश्वासन के चलते आज एसडीएम ने तहसील दिवस में उनको आश्वासन दिया है कि जल्द थाने के अंदर मंदिर के समीप अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जगह चिन्हित की जाएगी जो 10 वर्षों से कानपुर देहात में प्रैक्टिस कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र शंकर मिश्रा, सर्वेश यादव, दीपक यादव रामवीर हरिओम शरण पांडे आदित्य कुमार साधु यादव नीरज पांडे मिथलेश पाल संदीप कठेरिया महेंद्र मोहन श्रीवास्तव अधिवक्ता गण प्रशासन का धन्यवाद देते हुए अपने घरों को चले गए।

# इजराइल का हमास के खिलाफ जंग का ऐलानः सुबह गाजा पट्टी से 5 हजार रॉकेट दागे गए थे, अब तक 198 की मौत, 300 से ज्यादा घायल

## पीएम नेतन्याहू बोले, हमास युद्ध की बड़ी कीमत चुकाएगा, भारत ने जारी की एडवायजरी

# वर्ल्ड वॉर!

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव

हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 मिलिट्री कंपाउंड और 4 मिलिट्री हेडक्वार्टर्स पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 198 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1600 से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 70 इजराइलियों की मौत हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा है। साथ ही इजराइल से भारत आने और जाने वाली फ्लाइट्स को रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।



अश्कलोन में रॉकेट हमले के बाद लोग भागते नजर आए। agencyphoto

### इजराइल का ऑपरेशन अल-अक्सा फ्लड के खिलाफ ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड

हमास ने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को अल-अक्सा फ्लड नाम दिया है। वहीं इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन ऑपरेशन शुरू किया है। येरूशलम पोस्ट के मुताबिक, हमास लड़ाकों ने कई इजराइली कस्बों पर कब्जा कर लिया है। हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा- ये हमला येरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। सेना हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है। दरअसल, इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंके थे। वहीं हमास के प्रवक्ता गाजी हामद ने अल जजीरा से कहा- ये कार्रवाई उन अरब देशों को हमारा जवाब है, जो इजराइल के साथ करीबी बढ़ा रहे हैं। हाल ही के दिनों में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिका की पहल पर सऊदी अरब इजराइल को देश के तौर पर मान्यता दे सकता है।

### हमास ने इजराइलियों को बंधक बनाया

- हमास ने दावा किया है कि उन्होंने कई लोगों समेत इजराइली जनरल निमरोद अलोनी को बंधक बना लिया है। बंधकों की संख्या इतनी है कि इनके बदले वो इजराइल की जेल में कैद सभी फिलिस्तीनियों को छुड़वा सकते हैं। इन्हें छुड़ाने के लिए ओफाकिम इलाके में इजराइली फोर्सेस ने एक घर को घेर लिया है। यहां वो हमास के लड़ाकों से बात कर रहे हैं।

### सड़कों पर घूमते दिख रहे हमास के लड़ाके

- इजराइल हमास को आतंकी संगठन कहता है इसलिए शनिवार को हुए हमले को इजराइल ने आतंकी हमला बताया है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें लड़ाकों को घूमते देखा जा सकता है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हो पाई है। अश्कलोन और तेल अवीव में सैनिकों की संख्या बढ़ा दी गई है।

### सऊदी देने वाला था इजराइल को मान्यता

- ये हमला ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका सऊदी अरब और इजराइल के बीच समझौता करवाकर इजराइल को मान्यता दिलाने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, कुछ दिन पहले ही सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि वो इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य करने के बेहद करीब हैं। क्राउन प्रिंस ने उन रिपोर्ट्स को भी खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि फिलिस्तीन के मुद्दे को लेकर सऊदी अरब ने इजराइल के साथ रिश्ते सुधारने की बातचीत को रोक दिया है। हालांकि, MBS ने कहा- हमारे लिए ये मुद्दा बेहद अहम है। इस मसले को सुलझाना बहुत जरूरी है, जिससे फिलिस्तीनियों का जीवन आसान हो सके।

### इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद


- मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है। गाजा पट्टी इजराइल और मिस्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

### 3 महीने पहले हमले में 12 फिलिस्तीनियों की मौत हुई थी

- इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जेनिन शहर में 2 दिन के ऑपरेशन में करीब 12 फिलिस्तीनियों की मौत हुई थी। इस रेड के दौरान एक इजराइली सैनिक की भी मौत हो गई थी। इस बीच तेल अवीव में एक हमास सपोर्टर अपनी कार लेकर बस स्टॉप में घुस गया और लोगों पर चाकू से हमला करने लगा था।

# गगनयान मिशन के लिए अनमैन्ड फ्लाइट टेस्ट अक्टूबर अंत तक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु



इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन भारत के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग करने जा रहा है। इसके लिए फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 भेजने की तैयारी चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्टूबर के अंत तक टेस्ट फ्लाइट भेजी जा सकती है। क्रू एस्केप सिस्टम का मतलब है कि मिशन के दौरान कोई परेशानी आती है तो रॉकेट में मौजूद एस्ट्रोनॉट पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से पहुंच सकेंगे। इसरो वैज्ञानिक और आईआईएसयू यानी इसरो इनर्शियल सिसटम्स यूनिट के डायरेक्टर पद्म कुमार ने करू एस्केप सिस्टम क्रू को रॉकेट से दूर ले जाएगा। इस सिस्टम की टेस्टिंग के लिए टेस्ट व्हीकल तैयार किया गया है।

### गगनयान के साइज और वजन का है अनप्रेशराइज्ड वर्जन

इसरो ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी है कि टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 के के लिए क्रू मॉड्यूल एक अनप्रेशराइज्ड वर्जन होगा, जिसकी इंटिग्रेशन और टेस्टिंग शुरू हो गई और यह लॉन्च कॉम्प्लेक्स में लाए जाने को तैयार है। ये अनप्रेशराइज्ड वर्जन गगनयान के साइज और वजन का ही है। इसमें गगनयान जैसे सारे सिस्टम्स भी होंगे। एक जहाज और भारतीय नेवी की एक डाइविंग टीम की मदद से ये क्रू मॉड्यूल बंगाल की खाड़ी में टचडाउन करेगा।

### अबॉर्ट जैसी सिचुएशन बनाई जाएगी

पद्म कुमार ने कहा- टेस्ट व्हीकल एस्ट्रॉनॉट के लिए बनाए गए क्रू मॉड्यूल को अपने साथ ऊपर ले जाएगा। फिर एटमॉस्फियर में किसी एक पॉइंट पर अबॉर्ट जैसी सिचुएशन बनाई जाएगी। इसरो वैज्ञानिक ये टेस्ट करेंगे कि अबॉर्ट ट्रैजेक्टरी क्या ठीक तरह से काम कर रही है। वहीं उन्होंने बताया कि अगले साल की शुरुआत में गगनयान मिशन का पहला अनमैन्ड मिशन प्लान किया गया है। अनमैन्ड मिशन यानी इसमें किसी भी मानव को स्पेस में नहीं भेजा जाएगा। अनमैन्ड मिसन के सफल होने के बाद मैन्ड मिशन होगा, जिसमें इंसान स्पेस में जाएंगे।

# मालेगांव ब्लास्ट के आरोपी की मांग, मुझे जेल भेज दो

## सुधाकर चतुर्वेदी ने कोर्ट से कहा, मुंबई में ठिकाना नहीं, बार-बार पेशी के लिए कैसे आऊं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मालेगांव धमाके के आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी ने स्पेशल एनआईए कोर्ट से अपनी जमानत रद्द करने की मांग की है। चतुर्वेदी का कहना है कि उसे फिर से हिरासत में ले लिया जाए क्योंकि केस की रोजाना सुनवाई होनी है और उसके पास मुंबई में रहने का ठिकाना नहीं है। गौरतलब है कि इस केस में सीआरपीसी- 313 के तहत आरोपियों और गवाहों के बयानों की रिकॉर्डिंग अगले कुछ महीनों तक चल सकती है। सुधाकर ने कोर्ट को दी अपील में कहा है कि वह मिर्जापुर का रहने वाला है और रोज मुंबई नहीं आ सकता। इतना ही नहीं उसे इतने लंबे टाइम के लिए मुंबई में घर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। मालेगांव ब्लास्ट मामले में सात आरोपियों के खिलाफ एनआईए की विशेष अदालत में 3 अक्टूबर से सुनवाई शुरू हो गई है। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में भिक्खु चौक विस्फोट मामले की सुनवाई मुंबई में एनआईए विशेष सत्र न्यायालय में चल रही है। सुधाकर के अलावा मुख्य आरोपियों में बीजेपी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, मेजर (रिटायर्ड) रमेश उपाध्याय, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित, अजय रहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित और समीर कुलकर्णी हैं।

### आरोपी का बयान लेने के बाद अगली सुनवाई होगी

मालेगांव ब्लास्ट केस में करीब 323 गवाह थे। उनमें से 34 गवाह पलट गए। बाकी 289 गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने करीब 4-5 हजार सवालों का एक सेट तैयार किया है। सीआरपीसी की धारा 313 के मुताबिक आरोपियों को कोर्ट के सामने अपनी बात रखने का मौका मिलता है। इसकी शुरुआत हो चुकी है। उसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी।

# यात्रियों की सेफ्टी के लिए बस बनाने के नए मानकों को मंजूरी दी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में बढ़ते बस एक्सीडेंट्स को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को चिंता जताई। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर नया प्लान शेयर करते हुए लिखा- भारत में बस की बॉडी की क्वालिटी को बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए मैंने भारत-एनसीएपी के तहत नए मानकों को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि ये नए मानक ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चर्स और बस की बॉडी बनाने वाली कंपनियों, दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। हालांकि मानकों में क्या बदलाव किया गया है इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है। गडकरी ने बताया कि यह बदलाव बस दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक बड़ा कदम है, जो सड़क सुरक्षा के लिहाज से काफी जरूरी है। इससे बस में सफर करने वाले लोगों को सुविधा और आराम का एहसास होगा। साथ ही इससे बस एक्सीडेंट के दौरान उनकी सेफ्टी भी बढ़ जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक बसों की क्वालिटी में सुधार होगा

गडकरी देश में बसों की कंडीशन पर पहले से सवाल खड़े करते रहे हैं। उन्होंने बस बनाने वालों और ओईएम से लगातार यह अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक बसों की क्वालिटी में सुधार करें। इस बार इसी दिशा में काम होगा। उनका मानना है कि देश की ऑटो इंडस्ट्री में ओईएम के पास क्वालिटी बढ़ाने को लेकर अच्छा मौका हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन बहुत खराब है।

# सिक्किम में एक और झील टूटने की कगार पर, 7 हजार लोग फंसे

## 3 अक्टूबर को आई बाढ़ में अब तक 27 की मौत, 1200 घर बहे

**सिक्किम में जनजीवन सामान्य बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैः केंद्रीय गृह राज्य मंत्री**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक

सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में आई बाढ़ ने राज्य में भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या 27 तक पहुंच गई है, जबकि अभी 141 लोग लापता हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार सुबह 10 बजे ये आंकड़े जारी किए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक अब तक मंगन जिले में 4, गंगटोक जिले में 6 और पाकिम जिले में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ का असर नामची जिले पर भी पड़ा है, लेकिन यहां किसी की मौत नहीं हुई है। रिपोर्ट में लापता लोगों की संख्या 141 बताई गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिक्किम में आई आपदा पर गंभीरता से नजर रखे हुए हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सिक्किम में लोगों के जीवन को सामान्य बनाने के लिए मिल कर काम कर रही है।

### त्रासदी में 141 लापता

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बाढ़ से 25,000 लोग प्रभावित हुए हैं। 1,200 घर बह चुके हैं। 7 हजार लोग अलग-अलग इलाकों में फंसे हुए हैं। अब तक 2,413 लोगों को बचाया गया है। 6,875 लोग राज्य भर में बनाए गए 22 रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। वहीं, इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या शुक्रवार देर रात तक बढ़कर 26 हो गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने बताया कि बुरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से 7 के शव नदी के निचले इलाकों से बरामद कर लिए गए हैं। लापता जवानों में से एक को बचा लिया गया था। 15 जवान समेत कुल 143 लोग अभी भी लापता हैं।

### मकान पानी में डूब गया, खाने-पीने का सामान नहीं

आम लोगों के लिए खाने-पीने और दैनिक जरूरतों की दूसरी तमाम चीजों का संकट खड़ा हो गया है। प्रकाश लेप्चा नामक एक स्थानीय युवक के मुताबिक हमारे पास खाने-पीने को कुछ नहीं बचा है। रहने को ठिकाना नहीं बचा। न बिजली है। इधर-उधर भटककर रात बिता रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर फंसे लोग ही एक-दूसरे की हर संभव मदद कर रहे हैं। लीसा नामक महिला के मुताबिक हम घर नहीं जा पा रहे। मकान पानी में डूब गया है। इन्वर्टर, अनाज सब कुछ बर्बाद हो गया है। उत्तर सिक्किम के दजोंगू में जरूरी चीजों की बड़े पैमाने पर जमाखोरी हो रही है।

### बांध के घटिया निर्माण के चलते मची तबाहीः सीएम

सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग के मुताबिक चुंगथांग बांध, तीस्ता ऊर्जा चरण 3 की घटिया निर्माण गुणवत्ता के कारण भयानक बाढ़ देखनी पड़ी है। जांच के लिए समिति गठित होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिक्किम को 2023-24 के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के केंद्रीय हिस्से से 44.80 करोड़ रुपए की दो किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है।

# साइनबोर्ड, अनाउंसमेंट के जरिए जनता को भ्रमित न करें डॉक्टर

**नेशनल मेडिकल कमीशन ने कहा, केमिस्ट शॉप पर क्लिनिक का पर्चा लगाना भी गलत**


जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नेशनल मेडिकल कमीशन ने डॉक्टरों को सलाह दी है कि उन्हें साइनबोर्ड, विजिटिंग कार्ड और अनाउंसमेंट्स के जरिए जनता को भ्रमित करने से बचना चाहिए। कमीशन ने कहा कि साइनबोर्ड और डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पेपर्स पर डॉक्टर का नाम, क्वॉलिफिकेशन, टाइटल, स्पेशियल्टी और रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा कुछ नहीं होना चाहिए। एनएमसी ने ये भी कहा है कि डॉक्टरों को केमिस्ट शॉप या ऐसी किसी जगह साइन बोर्ड नहीं लगाना चाहिए जहां वह न तो रहता है और न ही काम करता है। ये सभी बातें कमीशन के एथिक्स एंड मेडिकल रेजिस्ट्रेशन बोर्ड ने अपनी ई-बुक 'प्रोफेशनल कंडक्ट रिव्यू-लेसंस फ्रॉम केस आर्काइव्स' में कहीं हैं। इस किताब में ये भी कहा गया है कि डॉक्टर-पेशेंट के रिश्ते में भरोसा नहीं होता है, तो इस वजह से डॉक्टरों के ऊपर मुकदमा किए जाने का चांस बढ़ता है। डॉक्टरों के खिलाफ शिकायतों का सबसे आम कारण होता है कम्युनिकेशन गैप। कमीशन ने कहा कि मेडिकल प्रैक्टिशनर्स किसी फील्ड से जुड़े अलग-अलग एरिया में स्किल और ट्रेनिंग हासिल कर सकते हैं, लेकिन कंसल्टेंट या स्पेशलिस्ट का टाइटल सिर्फ उन डॉक्टरों को इस्तेमाल करना चाहिए जो उस खास फील्ड में क्वॉलिफाइड हैं। ई-बुक के एडिटर और एथिक्स एंड मेडिकल रेजिस्ट्रेशन बोर्ड के सदस्य डॉ योगेन्द्र मलिक ने कहा कि बोर्ड डॉक्टरों के खिलाफ दुर्व्यवहार के मामलों की सुनवाई करता रहा है और इनमें फैसले सुनाता रहा है। इन मामलों से जो सीख मिलती है उसे डॉक्टर्स तक पहुंचाने की जरूरत शुरू से ही महसूस की गई थी। उन्होंने कहा कि इस विचार को बोर्ड के साथ शेयर किया गया और एक्सपर्ट्स का एक ग्रुप बनाया गया। इन एक्सपर्ट्स ने बहुत मेहनत से काम किया, हर केस के हजारों पेज पढ़े और उन केसेस का सार खोए बिना उन्हें संक्षिप्त में लिखा। इस किताब में दी गई केस स्टडी बताती है कि एक पेशेंट के लिए एथिक्स, कंडक्ट और लापरवाही के बीच फर्क करना मुश्किल होता है। डॉक्टरों को भी लगता है कि जब तक कोई खतरा न हो, तब तक पेशेंट्स को शिकायत करने का कोई अधिकार नहीं होता है।

### आदि कैलाश से विश्व को आध्यात्म का संदेश देंगे पीएम मोदी, जागेश्वर धाम दर्शन के बाद शुरू करेंगे यात्रा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केदारखंड के बाद मानसखंड के विकास को नई दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अक्तूबर को दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री यात्रा की शुरुआत अल्मोड़ा में स्थित जागेश्वर धाम से करेंगे। यह धाम अपने पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। जागेश्वर धाम जटागंगा के तट पर समुद्रतल से लगभग 6200 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शिवजी तथा सप्तऋषियों ने यहां तपस्या की थी। जागेश्वर मंदिरों का निर्माण कत्यूरी राज के कालखंड में हुआ था। जागेश्वर धाम के प्राचीन मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस क्षेत्र में सदियों से आध्यात्म के दर्शन करा रहे हैं। यहां लगभग छोटे-बड़े 224 मंदिर हैं। मंदिरों का निर्माण लकड़ी तथा सीमेंट की जगह पत्थर की बड़ी-बड़ी शिलाओं से किया गया है। दरवाजों की चौखटें देवी देवताओं की प्रतिमाओं से सुशोभित हैं। मंदिरों के निर्माण में तांबे की चादरों और देवदार की लकड़ी का भी इस्तेमाल किया गया है।

# आंतरिक सुरक्षा में भारत आत्मनिर्भर हो रहा, 49वीं ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में कहा, यह देश के विकास की पहली शर्त



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा ठीक किए बिना दुनिया का कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। विकास के लिए पहली शर्त है कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति ठीक हो। पिछले नौ सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नॉर्थ-ईस्ट में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में काफी सुधार किया है। आने वाले पांच साल में और काम किए जाएंगे। आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। शाह शनिवार (7 अक्टूबर) को देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि यूपीए के नौ साल में तीनों हॉटस्पॉट जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नॉर्थ-ईस्ट में हिंसा की 33200 घटनाएं हुई थी। जबकि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से इन तीनों हॉट स्पॉट में हिंसा की 12358 घटनाएं ही हुई हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद मौजूदा हालात को देखकर जनता राहत की सांस ले रही है। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से विकास किया जा रहा है।

### नॉर्थ-ईस्ट को देश के दूसरे भागों से जोड़ने में सफल रहे

हम नॉर्थ-ईस्ट को देश के दूसरे भागों से शांतिपूर्वक जोड़ने में सफल रहे हैं। 2019 से 2023 तक गृह मंत्रालय से लेकर स्थानीय पुलिस स्टेशन तक कानून व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। शाह ने कहा कि इस विज्ञान कांग्रेस का बहुत महत्व है क्योंकि यह अमृत काल की पहली पुलिस विज्ञान कांग्रेस है। इन 75 सालों में हमने लोकतंत्र की जड़ें मजबूत की हैं। पीएम मोदी ने लक्ष्य रखा है कि जब हम आजादी के 100 साल मनाएं तो देश हर क्षेत्र में दुनिया में नंबर वन हो। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पुलिस बलों को आधुनिक तकनीकों से लैस करने की जरूरत है

# राघव चड्ढा को खाली करना पड़ सकता है सरकारी बंगला

## कोर्ट ने कहा, आप सांसद को दिल्ली के टाइप-7 बंगले में रहने का अधिकार नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को दिल्ली में आवंटित टाइप-7 सरकारी बंगला खाली करना पड़ा सकता है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार (6 अक्टूबर) अपने उस अंतरिम आदेश को वापस ले लिया है, जिसमें उसने राज्यसभा सचिवालय को राघव चड्ढा से बंगला खाली न करवाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि राघव चड्ढा को टाइप-7 बंगले में रहने का विशेषाधिकार दिया गया था। वे बंगले में रहने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते। राज्यसभा सचिवालय ने 3 मार्च को आप सांसद राघव चड्ढा के टाइप-7 बंगले का अलॉटमेंट रद्द करते हुए बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया था। इसके खिलाफ राघव चड्ढा कोर्ट पहुंचे थे। आप सांसद ने कोर्ट में बताया था कि बतौर सांसद अभी उनका कार्यकाल चार साल से ज्यादा समय का बचा हुआ है। ऐसे में उन्हें बंगले में रहने का अधिकार है। हालांकि, कोर्ट ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद राघव चड्ढा ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा- राज्यसभा के 70 साल से ज्यादा समय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक राज्यसभा सदस्य को उसके आवंटित आवास से हटाने की मांग की जा रही है। आप सांसद ने भाजपा पर उन्हें टारगेट करने का आरोप लगाया।

### पिछले साल नवंबर में राघव टाइप-7 बंगले में शिफ्ट हुए थे

दरअसल, राघव चड्ढा को 6 जुलाई 2022 को दिल्ली के पंडारा पार्क स्थित टाइप-6 बंगला नंबर सी-1/12 अलॉट किया गया था। आप सांसद ने 29 अगस्त 2022 को राज्यसभा चेयरमैन से टाइप-7 बंगला अलॉट करने का आग्रह किया था। आप सांसद को 3 सितंबर 2022 को राज्यसभा कोटे से पंडारा रोड पर टाइप-7 बंगला नंबर एबी-5 अलॉट किया गया। राघव चड्ढा 9 नवंबर 2022 को इस बंगले में शिफ्ट हुए थे।

### सचिवालय ने राघव को बंगले के लिए अपात्र बताया

राज्यसभा सचिवालय ने आप सांसद राघव चड्ढा को टाइप-7 बंगले के लिए अपात्र बताया था। सचिवालय ने कोर्ट को बताया कि पहली बार चुने गए सांसदों को टाइप-6 बंगला आवंटित किया जाता है। टाइप-7 बंगले में रहने का अधिकार उन सांसदों को है, जो पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री या पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रहे हैं।

### बंगलूरू में पटाखा दुकान में लगी आग, छह की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। अनेकल तालुक के अट्टीबेले में शनिवार शाम 4.30 बजे एक पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग दुकान तक फैल गई। हादसे में 11 लोगों की मौत बताई जा रही है। दुकान मालिक समेत चार अन्य लागों के झुलसने की भी खबर है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पांच दमकल गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं और अंदर फंसे हुए कर्मचारियों की तलाश की जा रही है। आग अब नियंत्रण में है। आगामी दिवाली के मद्देनजर गोदाम में पटाखे एकत्रित किए गए थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ, जब एक लॉरी से पटाखे उतारे जा रहे थे। हादसे में करीब 11 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही दमकलकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बताया जा रहा है कि पटाखा गोदाम में करीब 20 कर्मचारी थे। हादसे के वक्त चार कर्माचारी जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब हुए। घटना पर बेंगलुरु ग्रामीण एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी ने कहा कि बालाजी क्रैकर्स गोदाम में एक कैंटर वाहन से पटाखे उतारते समय यह हादसा हुआ। फिलहाल 80 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)